खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

तापमान: अधिकतम :35°C न्यूनतम: 24°C
सेंसेक्स/निफ्टी: 82,059.42 24,945.45
सोना/चांदी: 96,530 98,000

नई दिल्ली, मंगलवार 20 मई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 48 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 21 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**हरप्रीत बरार ने पत्नी को समर्पित किया प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# पाकिस्तान ने स्वर्ण मंदिर को बनाया था निशाना : सेना

शाह टाइम्स ब्यूरो



- स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाकर दागी थी मिसाइल एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था हमला
- ऑपरेशन सिंदूर के लिए बने सांसदों के डेलीगेशन में शामिल नहीं होंगे पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने कहा कि पाकिस्तान ने अमृतसर के गोल्डन टेंपल पर निशाना बनाकर मिसाइल दागी थी। इसे भारतीय एयर डिफेंस ने नाकाम कर दिया था।

सेना के जवानों ने पंजाब में मार गिराए गए पाकिस्तानी ड्रोन और मिसाइल का मलबा भी दिखाया। वहीं पंजाब में इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात एक जवान ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने अचानक फायरिंग की और घुसपैठ की कोशिश की। जिसे हमने नाकाम कर दिया। हमारी फायरिंग का नतीजा ये हुआ कि सुबह होते-होते दुश्मन घुटनों के बल पर आ गए और अपनी पोस्ट पर सफेद झंडा फहरा दिया। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारतीय सेना ने एक और नया वीडियो जारी किया। इसमें सेना ने दिखाया कि पाकिस्तान की तरफ से दागे गए ड्रोन को कैसे मार गिराया। वेस्टर्न कमांड ने वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि हमने जमीन से आसमान की रक्षा की। इधर, तृणमूल कांग्रेस के सांसद और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान ने ऑपरेशन सिंदूर पर भारत का संदेश देने जाने वाले डेलीगेशन के साथ जाने से मना कर दिया है। पार्टी के सूत्रों का कहना है कि टीएमसी तय करेगी कि उनकी तरफ से डेलिगेशन में कौन जाएगा। केंद्र सरकार या भाजपा नहीं।

# संघर्ष विराम में नहीं थी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता

शाह टाइम्स ब्यूरो

- संसदीय समिति की बैठक में ट्रम्प के दावे पर उठे सवाल, विदेश सचिव ने कहा: फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था



**नई दिल्ली।** संसद के एनेक्सी भवन में विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति की बैठक में सांसदों ने भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के मध्यस्थता के दावे पर सवाल उठाए।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने कहा कि संघर्ष विराम में तीसरे पक्ष की मध्यस्थता नहीं थी। यह फैसला द्विपक्षीय स्तर पर लिया गया था। उन्होंने संसदीय समिति को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष हमेशा पारंपरिक क्षेत्र में रहा है और पड़ोसी देश की ओर से कोई परमाणु संकेत नहीं दिया गया है। सूत्रों ने बताया कि कुछ सांसदों ने पूछा कि क्या पाकिस्तान ने संघर्ष में चीनी मंच का इस्तेमाल किया था? इस पर मिस्री ने कहा कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि भारत ने पाकिस्तानी हवाई ठिकानों पर हमला किया है। उन्होंने समिति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने संसदीय समिति को बताया कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब दिया है। आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। विदेश मामलों पर संसद की स्थायी समिति की बैठक में समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस सांसद शशि थरूर, तृणमूल कांग्रेस के अभिषेक बनर्जी, कांग्रेस के राजीव शुक्ला और दीपेंद्र हुड्डा, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रविशंकर प्रसाद, सतनाम सिंह, नवीन जिंदल, अपराजिता सारंगी, अरुण गोविल और आरपीएन सिंह शामिल हैं। बैठक भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने और उसके बाद दोनों देशों के बीच हुए सैन्य संघर्ष को लेकर हो रही है। पाकिस्तान को बेनकाब करने विदेश जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में से एक का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि मेरे प्रतिनिधिमंडल की ब्रीफिंग शुक्रवार को ही होगी। इसलिए मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा।

## सेना प्रमुख ने लोंगेवाल का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर के जवाब में जैसलमेर से कच्छ तक फैले रेगिस्तान में दुश्मन के नापाक इरादों को विफल करने के लिए सेना, वायु सेना और बीएसएफ के जवानों और अधिकारियों की सराहना की तथा स्थिति की समीक्षा की। जनरल द्विवेदी ने सोमवार को कोणार्क कोर के अग्रिम क्षेत्रों में लोंगेवाला का दौरा किया और सैनिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने विशेष रूप से सेनाओं और बीएसएफ की संयुक्त कार्रवाई के दौरान तालमेल की समीक्षा की। इन संयुक्त कार्रवाइयों में न केवल दुश्मन के इरादों को कुंद किया गया, बल्कि पश्चिमी मोर्चे पर संचालन प्रभुत्व बनाए रखने में भी सफलता मिली ।

## जीईएम से लालफीताशाही खत्म, बचत भी सुनिश्चित : मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकारी ई मार्केट प्लेस, जीईएम लालफीताशाही को खत्म कर वंचित लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, जिससे उन्हें बचत भी हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल का जीईएम पर लिखा गया एक लेख साझा किया है। श्री मोदी ने इस पोस्ट में लिखा है कि सरकार के पारदर्शी शासन के प्रयासों को डिजिटल बढ़ावा मिला है। जीईएम इंडिया हाशिए पर पड़े लोगों के लिए दरवाजे खोल रहा है, लालफीताशाही को खत्म कर रहा है और भारी बचत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होंने कहा है कि श्री गोयल ने इस विषय पर पूरी जानकारी देने वाला ज्ञानवर्धक लेख लिखा है।

## पहली बार BNS के तहत पांच आरोपियों को ठहराया दोषी

**मुंबई।** मुंबई की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 112 के तहत पहली बार आरोपियों को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। अदालत ने इस मामले में एक संगठित मोबाइल फोन चोर गिरोह के पांच सदस्यों को एक वर्ष के सश्रम कारावास और प्रत्येक को 5,000 रुपये का जुर्माना लगाया। अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अभियुक्तों को सजा सुनाते समय स्थानीय गिरगाम अदालत ने नए कानूनी प्रावधानों के तहत जब्त संपत्ति और इलेक्ट्रॉनिक पंचनामा सहित डिजिटल साक्ष्य को मान्य किया।

## ट्रेकोमा के उन्मूलन के लिए भारत सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत को आंखों की बीमारी 'ट्रेकोमा' के उन्मूलन के लिए मान्यता प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की जेनेवा 78वीं बैठक में डब्ल्यूएचओके महानिदेशक डा. घेब्रेयस टेड्रोस ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को 'ट्रेकोमा उन्मूलन प्रमाणपत्र' प्रदान किया। भारत को यह प्रमाण पत्र जन स्वास्थ्य की समस्याओं के निवारण के लिए प्रदान किया गया है।

## प्रो. महमूदाबाद की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद की ओर से 'ऑपरेशन सिंदूर' से संबंधित कथित सोशल मीडिया टिप्पणी के बाद हरियाणा पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए सोमवार को सहमति व्यक्त की। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के मामले का विशेष उल्लेख कर तत्काल सुनवाई की मांग पर कहा कि अदालत मामले को 20 या 21 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करेगी।

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, जो सबको शरण देता रहे

## शीर्ष अदालत ने की श्रीलंकाई नागरिक की याचिका खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कोर्ट ने कहा: हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं
- शरणार्थी ने भारत छोड़ने के आदेश को दी थी चुनौती

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने श्रीलंकाई शरणार्थी से जुड़े एक मामले में सोमवार को कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है। दुनियाभर से आए शरणार्थियों को भारत में शरण क्यों दें? हम 140 करोड़ लोगों के साथ संघर्ष कर रहे हैं। हम हर जगह से आए शरणार्थियों को शरण नहीं दे सकते।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने यह टिप्पणी श्रीलंकाई तमिल नागरिक की शरण याचिका खारिज करते हुए की। दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने श्रीलंकाई नागरिक को यूएपीए मामले में 7 साल की सजा पूरी होते ही तुरंत भारत छोड़ देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर हस्तक्षेप करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से आर. सुधाकरन, एस. प्रभु रामसुब्रमण्यम और वैरावन एएस ने कोर्ट में दलील दी। यह केस एक श्रीलंकाई तमिल नागरिक का है, जिसे 2015 में लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) से जुड़े होने के शक में तमिलनाडु पुलिस की ब्रांच ने दो अन्य लोगों के साथ गिरफ्तार किया था। लिट्टे पहले श्रीलंका में सक्रिय एक आतंकी संगठन था। 2018 में एक निचली अदालत ने याचिकाकर्ता को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत 10 साल की सजा सुनाई थी। 2022 में मद्रास हाईकोर्ट ने -शेष पृष्ठ दो पर



## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई मप्र के मंत्री शाह को फटकार

- जांच के लिए एसआईटी गठित करने के दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी पर भाजपा नेता एवं मध्य प्रदेश के मंत्री कुंवर विजय शाह की ओर से की गई 'अपमानजनक' टिप्पणियों के लिए उन्हें फटकार लगाई और जांच के लिए प्रदेश कैडर के तीन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों की विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने का सोमवार को आदेश दिया।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने अपने आदेश में पुलिस महानिदेशक को मंगलवार तक एसआईटी गठित करने का आदेश देते हुए कहा कि इस बीच आरोपी शाह को गिरफ्तार नहीं किया जाए। शीर्ष अदालत ने आरोपी मंत्री शाह को जांच में सहयोग देने का भी आदेश दिया। पीठ अपने आदेश में कहा कि हम तीन आईपीएस अधिकारियों वाली एक एसआईटी गठित कर रहे हैं। उनमें से एक आईजी या डीजीपी स्तर का अधिकारी होना चाहिए।

## हाईकोर्ट के सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन के हकदार: शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों सहित सभी सेवानिवृत्त न्यायाधीश समान पेंशन और सेवानिवृत्ति लाभों के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने सोमवार को स्पष्ट किया कि पेंशन और सेवानिवृत्ति संबंधी लाभों के हकदार स्थायी या अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत सभी होंगे। पीठ ने कहा कि नियुक्ति के तरीके के आधार पर न्यायाधीशों के बीच सेवानिवृत्ति के बाद के लाभों में अंतर करना संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। यह अनुच्छेद समानता के अधिकार की गारंटी देता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद टर्मिनल लाभों के लिए न्यायाधीशों के मध्य कोई भी भेदभाव अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है। अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में सेवानिवृत्त होने वाले सभी उच्च न्यायालय न्यायाधीश पूर्ण पेंशन के हकदार हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्पष्ट किया कि इस आधार पर कोई अंतर नहीं किया जा सकता है कि कोई न्यायाधीश जिला न्यायपालिका से पदोन्नत हुआ है या बार से पदोन्नत हुआ है। पीठ ने अतिरिक्त न्यायाधीशों के परिवारों को भी समानता का लाभ दिया।

# सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी को झटका

## हाईकोर्ट ने की पुनरीक्षण याचिका खारिज

प्रयागराज, वार्ता



- हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना

**इलाहाबाद उच्च** न्यायालय ने जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका खारिज कर दी है। न्यायालय के इस आदेश से मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। सम्भल की शाही जामा मस्जिद को लेकर दाखिल हिन्दू पक्ष के वाद को उच्च न्यायालय ने पोषणीय माना।

कमीशन की जांच के लिए निचली अदालत के आदेश पर उच्च न्यायालय ने हस्तक्षेप से इन्कार कर दिया। हाईकोर्ट ने कमीशन जांच एवं दाखिल वाद जारी रहने में हस्तक्षेप नहीं किया है। इसी के साथ न्यायालय ने पूर्व पारित अंतरिम आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने सोमवार को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायालय ने अपने विस्तृत आदेश में सिविल प्रक्रिया संहिता के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए हिन्दू पक्ष की ओर से दाखिल वाद को पोषणीय माना। उच्च न्यायालय के इस आदेश से संभल जामा मस्जिद सर्वे मामले को लेकर रास्ता साफ हो गया। इंतजामिया कमेटी ने पुनरीक्षण याचिका में दीवानी मुकदमे की पोषणीयता को चुनौती दी थी। सम्भल जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की पुनरीक्षण याचिका में सम्भल जिला न्यायालय में लंबित मूल वाद की आगे की अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की गई थी। इस मामले में हिंदू पक्ष के वादी ने यह घोषणा करने की मांग की है कि उन्हें सम्भल जिले के मोहल्ला कोट पूर्वी में स्थित श्री हरिहर मंदिर में प्रवेश का अधिकार है, जो कथित तौर पर जामा मस्जिद है। इस मामले में न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने गत 13 मई को सुनवाई पूरी होने के बाद निर्णय सुरक्षित कर लिया था।

# फिर विवादों में ध्रुव राठी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यूट्यूबर ने सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाया, SGPC ने जताई आपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध यूट्यूबर ध्रुव राठी सिख गुरुओं का एआई वीडियो बनाकर विवादों में घिर गए हैं। राठी ने एक 'द राइज ऑफ सिख' शीर्षक से एक एआई वीडियो जारी किया है। जिसमें सिख योद्धाओं को गलत तरीके से दिखाया गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने यूट्यूबर ध्रुव राठी के वीडियो की कड़ी निंदा की है। बवाल के बाद यूट्यूबर ध्रुव राठी ने अपने चैनल से वीडियो को हटा लिया। हरियाणा के रहने वाले यूट्यूबर ध्रुव राठी (फिलहाल जर्मनी में रहते हैं) ने द सिख वॉरियर हू टेरिफाइड द मुगल शीर्षक से एक वीडियो बनाया है। इसमें उन्होंने सिखों को लेकर एआई से बनाए हुए कुछ विजुअल भी शामिल किए हैं। इसे लेकर सिख समुदाय के लोग आपत्ति जता रहे हैं। सिख समुदाय के लोग इसे सिख धर्मगुरु का अपमान बता रहे हैं। शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने वीडियो की निंदा करते हुए कहा कि इस प्रकार के चित्रण सिख रहत मर्यादा का उल्लंघन करते हैं, जो गुरु साहिबान के दृश्य रूप में प्रदर्शन पर रोक लगाती है।

# पंजाब में ISI के दो जासूस गिरफ्तार



- सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई को संवेदनशील सैन्य जानकारी उपलब्ध कराने में शामिल दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने सोमवार को बताया कि 15 मई को विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं से संकेत मिला कि सुखप्रीत सिंह और करणबीर सिंह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी, आईएसआई के साथ ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित गोपनीय जानकारी साझा करने में लगे हुए थे, जिनमें पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में सेना की आवाजाही और प्रमुख रणनीतिक स्थान शामिल थे। श्री यादव ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच ने खुफिया सूचनाओं की पुष्टि की है। पुलिस टीम ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और आठ कारतूस (-30 बोर) भी बरामद किए हैं। प्रारंभिक निष्कर्षों से पता चलता है कि आरोपी आईएसआई संचालकों के सीधे संपर्क में थे और उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रसारित की थी। पुलिस महानिदेशक ने कहा कि दोरंगला में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी और भी खुलासे होने की उम्मीद है।

## शोपियां में हथियार और गोला-बारूद के साथ दो संदिग्ध गिरफ्तार

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों को जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह (एसओजी) शोपियां, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 178 बटालियन और सेना की 34 राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर) द्वारा स्थापित एक चौकी पर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी तलाशी लेने पर चार हथगोले, दो पिस्तौल, 43 जिंदा कारतूस और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। 'एक्स' पर एक पोस्ट में पुलिस ने कहा कि एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। शोपियां पुलिस ने 'एक्स' पर बताया कि आतंकवाद के खिलाफ एक उल्लेखनीय अभियान में, एसओजी शोपियां, सीआरपीएफ 178 बीएन और 34 आरआर के संयुक्त नाके पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। उनकी तलाशी लेने पर, 4 ग्रेनेड, 2 पिस्तौल, 43 जिंदा राउंड और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और तदनुसार एक प्राथमिकी दर्ज की गई।

# भगोड़े नीरव को फिर लगा बड़ा झटका

## ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका, अब तक 10वीं बार हुई जमानत याचिका खारिज


लंदन, वार्ता

- नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में है मास्टरमाइंड



**ब्रिटेन की हाईकोर्ट** ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में एक अरब डॉलर के घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। 2019 में हिरासत में लिए जाने के बाद यह 10वीं बार है, जब उसकी जमानत याचिका खारिज हुई है।

वहीं, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया, ब्रिटेन की हाईकोर्ट ने एक बार फिर नीरव मोदी को जमानत देने से इन्कार कर दिया। नीरव मोदी पीएनबी के एक अरब डॉलर के घोटाले के मामले में मास्टरमाइंड है। यह फैसला 15 मई 2025 को उसकी चौथी जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान लिया गया। ईडी ने आगे लिखा, सुनवाई में नीरव मोदी के बचाव पक्ष और भारत सरकार की ओर से पेश अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विस्तार से चर्चा हुई। ईडी ने लिखित में बताया कि कैसे नीरव मोदी ने धनशोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) किया, शेल कंपनियों के जरिये पैसा ब्रिटेन जैसे दूसरे देशों में भेजा। घोटाले की राशि का एक हिस्सा जब्त करके वापस बैंकों को भी लौटाया गया है। इन सब तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज कर दी। वहीं, इस फैसले के बाद सीबीआई ने एक बयान में कहा कि नीरव मोदी की नई जमानत याचिका लंदन की हाई कोर्ट (किंग्स बेंच डिवीजन) में खारिज कर दी गई। भारत की तरफ से क्राउन प्रॉसिक्यूशन सर्विस के वकील ने जोरदार तरीके से विरोध किया, जिन्हें सीबीआई की एक मजबूत टीम ने मदद दी। सीबीआई ने कहा कि हमने अदालत में मजबूत दलीलें दीं, जिसकी वजह से यह याचिका खारिज हुई। नीरव मोदी 19 मार्च 2019 से ब्रिटेन की जेल में है। वह भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया है और उस पर भारत में सीबीआई द्वारा 6498.20 करोड़ रुपये की बैंक धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा चलाया जाना है।



## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व सैनिकों की नियुक्ति पर विचार करें उमर: महबूबा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पीडीपी की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से अनुरोध किया है कि वह केन्द्र शासित प्रदेश के प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपने हाल के फैसले पर पुनर्विचार करें। सुश्री सईद ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखे अपने एक पोस्ट में केन्द्र शासित प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी के संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए चेतावनी दी कि सेवा. निवृत्त कर्मियों के लिए आम बेरा. जगारों की दुर्दशा को नजरअंदाज करना सामाजिक- आर्थिक चुनौतियों को और बढ़ा सकता है। सुश्री सईद ने कहा कि उमर साहब को पत्र लिखकर मैंने उनसे आग्रह किया है कि वह प्रमुख प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए 4,000 पूर्व सैनिकों की नियुक्ति के अपनी सरकार के फैसले पर पुनर्विचार करें। मेरे मन में हालांकि हमारे पूर्व सैनिकों के लिए बहुत सम्मान एवं कृतज्ञता है, लेकिन हमें जम्मू-कश्मीर में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी के संकट को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, जिनकी संख्या अब लाखों में पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी सिर्फ आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह एक 'सामा. जिक आपातकाल' है।

### कश्मीर में अनैतिक कारोबार में चार लोग गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में कुन्जर में पुलिस ने एक कथित अनैतिक तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ कर एक महिला सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को कहा कि विशिष्ट और विश्वसनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुन्जर क्षेत्र में एक रैकेट का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि पुलिस थाना कुन्जर की एक टीम ने एक त्वरित और समन्वित छापेमारी की, जिससे अनैतिक गतिविधियों में लिप्त चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान उटिकू शेखपोरा के अब्दुल अहद वाजा, बरजुल्ला कुन्जर के मोहम्मद अब्दुल्ला वाजा और बामरोदा के बिलाल अहमद भट के रूप में की गई है। जबकि महिला की पहचान का खुलासा नहीं किया गया। पुलिस ने बताया कि कुन्ज़र थाने में अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम (पीआईटीए) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### भारत की विदेश नीति फेल: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि देश की की विदेश नीति पिछले छह-सात दशकों में निरंतर और प्रभावी रही है, लेकिन वर्तमान सरकार ने इसकी नींव को केवल कमजोर करने का काम किया है। पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि पीएम ने भारत की विदेश नीति को खत्म कर दिया है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस नेता ने कहा कि विश्व गुरु का ढिंढोरा पीटने से विदेश नीति नहीं बनती। विदेश नीति सिर्फ विश्व गुरु होने का दावा करना नहीं है।

## आतंकवाद के खिलाफ सरकार के हर फैसले के साथ: आप

**नई दिल्ली, वार्ता**



आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साफ किया है कि आतंकवाद के खिलाफ केंद्र सरकार जो भी कदम उठाएगी उसमें पार्टी पूरी तरह साथ देगी। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने सोमवार को कहा कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई भी निर्णय लेगी या कदम उठाएगी, तो आप हमेशा उसके साथ खड़ी रहेगी। अब विश्व के तमाम मुल्कों को बताना जरूरी हो गया है कि पाकिस्तान में किस तरह आतंकवाद पनपता है और आतंकवादियों को प्रशिक्षित किया जाता है। इस आतंकवाद का खामियाजा भारत के लोगों को भुगतना पड़ता है और निर्दोष लोगों की जान जाती है।

सुश्री कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार सभी विपक्षी पार्टियों को साथ लेकर कुछ कदम उठाने के बारे में सोचा है। यह बहुत अच्छी पहल है, लेकिन इससे पहले यह भी जरूरी है कि प्रधानमंत्री अपने घर के अंदर उठे मुद्दों का भी समाधान करें। सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और उसमें प्रधानमंत्री खुद मौजूद रहें, ताकि विपक्ष द्वारा उठाए गए मुद्दों पर विशेष तौर पर चर्चा की जा सके। आप नेता ने कहा कि सारी विपक्षी पार्टियां संसद का विशेष सत्र बुलाने की काफी दिनों से मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह विशेष सत्र बुलाएं और सारे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो।

# सुप्रीम कोर्ट ने डीआईसीसीआई को दी अंतरिम राहत

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मद्रास उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर लगाई रोक

उच्चतम न्यायालय ने मद्रास उच्च न्यायालय में लंबित कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में दलित इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) को सोमवार को अंतरिम राहत दी।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने पिछले सप्ताह उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश पर रोक लगा दी और निर्देश दिया कि डीआईसीसीआई को कार्यवाही में एक पक्ष के रूप में शामिल किया जाए। डीआईसीसीआई शुरू में उच्च न्यायालय की कार्यवाही में पक्ष नहीं था, जिसकी अगली सुनवाई 21 मई को होनी है। यह मामला तमिलनाडु सरकार की वार्षिक अंबेडकर बिजनेस चैंपियंस योजना (एएबीसीएस) के क्रियान्वयन में भ्रष्टाचार का आरोपों से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने आदेश दिया, मौजूदा याचिकाकर्ताओं (डीआईसीसीआई) को प्रतिवादी के रूप में शामिल किया जाए। उच्च न्यायालय आवेदन पर विचार करे और सभी पक्षों को सुनने के बाद आदेश पारित करे। ऐसा आदेश पारित होने तक, इस आदेश (उच्च न्यायालय के) को स्थगित रखा जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि मामले में कोई भी आगे की कार्रवाई करने से पहले उच्च न्यायालय को डीआईसीसीआई को अवश्य सुनना चाहिए। शीर्ष अदालत ने सुनवाई के दौरान यह भी सवाल किया कि उच्च न्यायालय ने अपनी गर्मी की छुट्टियों के दौरान इस मामले को इतनी जल्दी क्यों उठाया। पीठ की ओर से मुख्य न्यायाधीश गवई ने पूछा, आखिर इतनी जल्दी क्या थी कि न्यायालय ने छुट्टियों के दौरान इस मामले को उठाया? यह मामला यूट्यूबर सवुक्कू शंकर द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से शुरू किया गया था, जिन्होंने आरोप लगाया था कि एएबीसीएस योजना को मनमाने ढंग से और अवैध रूप से डीआईसीसीआई को सौंपा गया था।

उन्होंने आगे दावा किया कि डीआईसीसीआई नेताओं के तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) के अध्यक्ष और विधायक के सेल्वापेरुन्थगई से संबंध थे। साथ ही, यह भी दावा किया गया था कि इस योजना का लाभ इच्छित दलित लाभार्थियों के बजाय राजनीतिक रूप से जुड़े लोगों को दिया गया। शंकर ने मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो से जांच की मांग की है, जिसमें गड़बड़ी और राजनीतिक पक्षपात का आरोप लगाया गया है। जनहित याचिका पर मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति जीआर स्वामीनाथन और न्यायमूर्ति वी. लक्ष्मीनारायणन की अवकाश पीठ सुनवाई कर रही है। उच्च न्यायालय ने 14 मई को राज्य को नोटिस जारी किया था और नगर प्रशासन एवं जल आपूर्ति विभाग, एमएसएमई विभाग और चेन्नई महानगर जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड (सीएमडब्ल्यूएसएसबी) सहित कई सरक. ारी विभागों को पक्षकार बनाया था। अदालत ने संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया था। इस मामले में 16 मई को नगर प्रशासन विभाग की ओर से पेश अतिरिक्त महाधिवक्ता जे. रविन्द्रन ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए और समय मांगा था। एएजी रविन्द्रन और महाधिवक्ता पीएस रमन दोनों ने किसी भी तरह की गड़बड़ी से इनकार करते हुए कहा कि जनहित याचिका प्रचार के लिए दायर की गई थी और न्यायालय के निर्देश के बिना तमिलनाडु में सीबीआई के पास अधिकार क्षेत्र नहीं है।

## यूपी के नौ जिलों से फरियादी पहुंचे सीएम के पास

# अफसरों की जवाबदेही तय की जाएगी: योगी

**लखनऊ, वार्ता**



■ सभी से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं
■ अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का एकमात्र उद्देश्य प्रदेशवासियों की सुरक्षा, सम्मान और समस्याओं का समाधान करना है। इसी भावना के साथ सीएम सोमवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में सभी फरियादियों से मिले, उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

जनता दर्शन में कुल 60 से अधिक फरियादी पहुंचे। सबसे अधिक मामले प्रयागराज जिले से आए। पुलिस, राजस्व, चिकित्सा, पेंशन, सड़क, बिजली और जमीन विवाद से जुड़े मुद्दे रखे गए। सीएम योगी ने हर फरियादी को भरोसा दिलाया कि उनकी बात पर पूरा ध्यान दिया जाएगा और समस्या का समाधान हर हाल में कराया जाएगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि वे संवे. दनशीलता के साथ लोगों की शिकायतों पर कार्य करें। सीएम ने न सिर्फ मंच पर बैठकर सुनवाई की, बल्कि खुद चलकर पीड़ितों के पास पहुंचे। वे लोगों से उनकी समस्याओं के साथ-साथ परिवार की स्थिति और ज़रूरतों के बारे में भी बात करते नजर आए। कई फरियादी के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें मुख्यमंत्री ने दुलारा और चॉकलेट देकर पढ़ाई में अच्छा करने की सलाह दी।

मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि सभी मामलों में समय से कार्रवाई हो और कोई भी पीड़ित बार-बार चक्कर लगाने को मजबूर न हों। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। इस बार जनता दर्शन में प्रयागराज से 8, देवरिया से 4, सहारनपुर, बस्ती और फतेहपुर से 3-3 फरियादी आए। वहीं मुरादाबाद, पीलीभीत, अमरोहा, गाजीपुर, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी और भदोही से भी दो-दो लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंचे।

### परंपरा को नियमित रूप से निभाया

जनता दर्शन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का वह कार्यक्रम है, जिसमें वे सीधे आमजन से मिलते हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से ही योगी आदित्यनाथ ने इस परंपरा को नियमित रूप से निभाया है। गोरखपुर में जब वे महंत और सांसद थे, तब भी वे रोज सुबह जनता से मिलते थे। अब लखनऊ में भी यह सिलसिला जारी है। इसका उद्देश्य है कि शासन की ऊपरी परत तक आम जनता की आवाज सीधे पहुंचे और त्वरित न्याय मिले। यह जनता दर्शन उत्तर प्रदेश सरकार की 'जनसुनवाई' प्रणाली का एक मानवीय विस्तार है, जो बताता है कि सरकार सिर्फ फाइलों में नहीं, जमीन पर लोगों के बीच भी सक्रिय है। मुख्यमंत्री के इस व्यवहार को लोगों के बीच बेहद सकारामक प्रतिक्रिया मिल रही है।

## यूपी में अब प्रिंसिपल पहुंचेंगे बच्चों के घर परिजनों से पूछेंगे स्कूल न आने का कारण

**जब तक स्कूल नहीं आएगा, तब तक करेंगे फालोअप**

**लखनऊ।** यूपी के परिषदीय स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए नए निर्देश जारी किए गए हैं। बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यदि कोई भी छात्र छह दिन या उससे अधिक दिन तक स्कूल से गैरहाजिर रहता है, तो स्कूल के प्रिंसिपल उस बच्चे के घर जाकर उसके परिजनों से मिलेंगे।

बेसिक शिक्षा अधिकारी हेमंत राव ने बताया कि प्रिंसिपल परिवार से बच्चे के स्कूल न आने का कारण पूछेंगे। साथ ही अभिभावकों से उसे स्कूल भेजने की बात कहेंगे। जब तक छात्र स्कूल नहीं आता, तब तक उसका फालोअप भी करते रहेंगे। निर्देश के अनुसार, अगर कोई छात्र एक महीने में 6 दिन, 3 माह में 10 दिन, 6 महीने में 15 दिन से अधिक विद्यालय से अनुपस्थित रहता है, तो प्रिंसिपल उसके माता-पिता को बैठक में बुलाएंगे और उनसे बातचीत करेंगे। इसके अलावा अगर छात्र 9 महीने में 21 दिन या पूरे शैक्षणिक सत्र में 30 दिन से अधिक अनुपस्थित रहते हैं, तो उनको अति संभावित ड्रॉपआउट की श्रेणी में रखा जाएगा। ऐसे छात्र अगर परीक्षा में 35 फीसदी से कम अंक प्राप्त करते हैं, तो उन्हें ड्रापआउट मानकर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जोड़ा जाएगा। अनुपस्थित रहने के बाद स्कूल आने वाले छात्रों के लिए विशेष कक्षा का संचालन किया जाएगा, ताकि उनकी शैक्षिक कमी को दूर कर अन्य छात्रों के साथ उसकी भी पढ़ाई निरंतर कराई जा सके। इस निर्देश के बाद अब स्कूल के प्रधानाचार्यो और अध्यापकों की जिम्मेदारियां बढ़ जाएंगी कि उनके स्कूल में छात्रों की ड्रापआउट संख्या कम हो। आगर ऐसा होता है, तो प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को विशेष कक्षाएं चलाकर अनुपस्थित रहने वाले छात्रों की पढ़ाई पूरी करवानी होगी। अब उन प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को भी सचेत रहना होगा, जो अपने स्कूल में छात्रों का नामांकन बढ़ाने के लिए किसी तरह बच्चों का एडमिशन तो कर लेते थे, लेकिन वो स्कूल आएं या न आएं, इससे उनका कोई लेना-देना नहीं होता था।

## विदेश मंत्री के बयान पर जवाब दें मोदी : कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ जयशंकर के बयान को कूटनीति विफलता बताया


कांग्रेस ने ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस. जयशंकर के बयान को 'कूटनीतिक विफलता' बताते हुए कहा है कि ऐसा कर भारतीय जनता पार्टी सरकार ने दूसरी बार आतंकवादी हाफिज सईद को बचाया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस पर जवाब देना चाहिए।

खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनी. तिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं। सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं। इन तमाम लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है। उन्होंने कहा कि जयशंकर ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था। अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है। क्या विद. ेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकवादी चुपचाप बैठेंगे। सवाल है कि विदेश मंत्री ने पहले पाकिस्तान को क्यों बताया। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले का न्याय नहीं मिल पाएगा, क्योंकि देश का नेतृत्व चीन और अमेरिका से डरता है। इस युद्ध में चीन और अमेरिका की भूमिका सबको मालूम है। अमेरिका खुद युद्ध रोकने में अपनी भूमिका बढ़-चढ़कर बता रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर का मुंह नहीं खुलता। ऐसे कौन से राज हैं कि कभी अमेरिका और चीन के आगे इनके मुंह नहीं खुलते। जब भी मुंह खुलता है, तो इससे देश को सीधा नुकसान पहुंचता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि दरअसल इसे कूटनीति नहीं, बल्कि मुखबिरी कहा जाता है। विदेश मंत्री ने जो बोला उसे सबने सुना, फिर भी इस पर लीपापोती की जा रही है। क्या इसी मुखबिरी की वजह से मसूद अज़हर जिंदा बच गया और हाफिज सईद जिंदा भाग गया।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार में गिरावट

**मुबई, वार्ता**



क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज के अमेरिकी सरकार की रेटिंग घटाए जाने से वैश्विक धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में स्थानीय स्तर पर आईटी, टेक और फोकस्ड आईटी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 271.17 अंक लुढ़ककर 82,059.42 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 74.35 अंक टूटकर 25 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 24945.45 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मजबूत लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत बढ़कर 45,127.64 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत उछलकर 51,429.95 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4273 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2531 में तेजी जबकि 1565 में गिरावट रही वहीं 177 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

इसी तरह एनएसई में कुल 3005 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1842 में लिवाली जबकि 1074 में बिकवाली हुई, वहीं 89 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में लिवाली हुई, वहीं अन्य में तेजी का रुख रहा। इससे ऊर्जा 0.37, एफएमसीजी 0.07, आईटी 1.23, दूरसंचार 0.24, कैपिटल गुड्स 0.16, तेल एवं गैस 0.32, टेक 1.07 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.33 प्रतिशत लुढ़क गए। वही हेल्थकेयर 0.58, यूटिलिटीज 0.42, ऑटो 0.41 और रियल्टी समूह के शेयरों में 2.22 प्रतिशत की तेजी रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 24 अंक बढ़कर 82,354.92 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 82,424.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं बिकवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 81,964.57 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### अब दिल्ली मेट्रो की टिकट उबर ऐप से होगी बुक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन यात्रा सेवा प्रदाता कंपनी उबर के ऐप से अब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) की टिकटें बुक की जा सकेंगी। इसके लिए उबर ने ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) के साथ करार किया है। यह सुविधा यात्रियों को क्यूआर कोड और एपीआई-सक्षम भुगतान के माध्यम से टिकट बुक करने में सक्षम बनाएगी, जिससे उन्हें मेट्रो सफर के लिए अलग ऐप या लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा। उबर के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर प्रवीण नेपल्ली नागा ने कहा कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर में गहराई से शामिल होना हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है।

## खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से सोमवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 53 रिंगिट की तेजी के साथ 3892 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.30 सेंट चढ़कर 49.24 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 6100-6200, दाल चना 7100- 7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपए, मूंगफली तेल 18314 रुपए, सूरजमुखी तेल 16484 रुपए, सोया रिफाइंड 14725 रुपए, पाम ऑयल 13919 रुपए और वनस्पति तेल 16116 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## खाली नहीं, काम करने वाले बढ़ते हैं आगे: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के संदर्भ में विवादित बयानों के फेर में फंसे सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक पत्र लिखा है। कन्नौज सांसद ने लिखा है कि यह इस मामले में उनका अंतिम पत्र है, क्योंकि उन्हें जनहित के काम पर निकलना है। अखिलेश का यह पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिक्रिया के बाद आया है, जिसमें उन्होंने सपा चीफ और उनकी पार्टी को नसीहत दी थी कि भाषा का संयम बरकरार रखा जाए।सोशल मीडिया साइट एक्स पर अखिलेश ने लिखा कि खाली बैठे लोग बात आगे बढ़ाते हैं, काम करने वाले आगे बढ़ जाते हैं। चलो हम सब पीडीए मिलकर सकारात्मक राजनीति के मार्ग पर आगे बढ़कर संकल्प उठाएं कि अपनी पीडीए सरकार बनाएंगे, सामाजिक न्याय का राज लाएंगे। उन्होंने लिखा कि जो लोग अपने दलों में पूछे नहीं जाते हैं, अपने मंत्रालय को नाकामी का तमगा पहनाते हैं, निरर्थक बातों में, चाटुकारिता में अपना दिन और समय बिताते हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**भारत कोई...** सजा को सात साल कर दिया और कहा कि सजा पूरी होने के बाद उसे देश छोड़ना होगा और निर्वासन से पहले शरणार्थी कैंप में रहना होगा। याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि वह वीजा लेकर भारत आया है। श्रीलंका में उसकी जान को खतरा है। उसकी पत्नी और बच्चे भारत में बसे हैं, और वह तीन साल से हिरासत में है, लेकिन निर्वासन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने बताया कि वह 2009 में श्रीलंकाई युद्ध में लिट्टे के सदस्य के रूप में लड़ा था, इसलिए श्रीलंका में उसे ब्लैक-गजटेड (वांटेड) घोषित किया गया है। अगर उसे वापस भेजा गया, तो उसे गिरफ्तारी और यातना का सामना करना पड़ सकता है। उसने यह भी कहा कि उसकी पत्नी कई बीमारियों से पीड़ित है और उसका बेटा जन्मजात हृदय रोग से जूझ रहा है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने रोहिंग्या शरणार्थियों के डिपोर्टेशन में भी हस्तक्षेप करने से इन्कार कर दिया था।

# नए वक्फ कानून के समर्थन में उतरे मुस्लिम बुद्धिजीवी

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया: शीराज

मुस्लिम बुद्धिजीवियों के संगठन 'भारत फर्स्ट' ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 को पारदर्शिता, जवाबदेही तथा जनहित की दिशा में बेहद सामयिक एवं जरूरी कदम बताते हुए सोमवार को कहा कि इस कानून ने लंबे समय से दुर्व्यवस्था, मुकदमों और अनियमितताओं से जूझ रही भारत की मस्जिदों, कब्रिस्तानों, मदरसों, दरगाहों और सामाजिक कल्याण के लिए दान की गई अचल संपत्तियां जैसी वक्फ की संपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवस्थित समाधान पेश किया है।

भारत फर्स्ट संगठन के राष्ट्रीय संयोजक शीराज़ कुरैशी ने आज यहां एक संवाददता सम्मेलन में कहा कि कौम का रहनुमा बनने के फेर में कुछ मुस्लिम नेता इस विधेयक पर मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं कि सरकार वक्फ की जमीन हड़पना चाहती है, जबकि धारा 91-ख में साफ़ प्रावधान है कि किसी वक्फ संपत्ति का अधिग्रहण तभी हो सकता है, जब बोर्ड की मंजूरी हो और पूरी कीमत बाजार के दर से वक्फ विकास कोष में जमा हो। मालिकाना हक राज्य को हस्तांतरित नहीं होता। कुरैशी ने इस कानून से धार्मिक स्वतंत्रता पर चोट पहुंचने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यह संशोधन ऑडिट, डिजिटलीकरण एवं सीईओ की योग्यता जैसी प्रशासनिक पारदर्शिता से जुड़ा है और नमाज़, इमामत एवं मजहबी रस्मों में कोई दखल नहीं देता। उच्चतम न्यायालय ने 15 मई 2025 की सुनवाई में इसी बिंदु को रेखांकित किया कि वह केवल अंतरिम राहत पर सुनवाई कर रहा है, कानून के निलंबन पर नहीं। इस विधेयक से मुस्लिम पहचान को खतरे के आरोपों को हास्यास्पद करार देते हुए उन्होंने कहा कि तुर्किए, मलेशिया और खाड़ी देशों के जन सेवा कोष (औकाफ) मॉडल में इसी तरह के ऑनलाइन रजिस्टर और सामा. जिक-कल्याण कोटे के प्रावधान हैं और जब वहां मुस्लिम पहचान को कोई खतरा नहीं हुआ, तो यहां कैसे हो सकता है। उन्होंने कहा कि विधेयक पर भावनाएं भड़का कर कुछ लोग चुनावों में लाभ चाहते हैं। इस विरोध के पीछे कारण है कि बोर्ड-स्तर पर पेशेवर भर्ती से उन लोगों की पकड़ ढीली पड़ सकती है, जो वर्षों से बिना योग्यता के पदों पर हैं। इस कानून के बारे में जानकारी का अभाव है और अधिकांश लोग डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म, कैग ऑडिट, 50 फीसदी सामाजिक व्यय जैसे इसके प्रावधानों को पढ़े बिना ही इसका विरोध कर रहे हैं। कान्फ्रेंस में अन्य वक्ताओं ने कहा कि नया वक्फ कानून पारदर्शिता और डिजिटलीकरण को बढ़ावा देता है।

इस कान्फ्रेंस में सैयद राशिद अली, फ़ैज़ान रहीस कुरैशी, अधिवक्ता जावेद खान सैफ़, ताहिर खान, सैफ़ राणा, मोहम्मद साबरीन, अधिवक्ता सैफ़ कुरैशी, अकील खान, कैसर अंसारी, इक़बाल अहमद, मज़ाहिर खान, शालिनी अली, नज़ीर मीर, मौलाना कोकब मुज़तबा, फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, इरफ़ान पीरज़ादा, मोहम्मद अफजाल, अबू बकर नकवी और अधिवक्ता दीवान सैफ़ुल्लाह भी मौजूद थे। इन लोगों ने कहा कि नई व्यवस्था से वक्फ की प्रशासनिक सरंचना सुदृढ़ होगी। बहु-धार्मिक प्रतिनिधित्व के लिए जोड़ी गई नई धारा 14-क के अनुसार प्रत्एक राज्य के लिए वक्फ बोर्ड में एक गैर-मुस्लिम कानूनी विशेषज्ञ तथा एक महिला सामा. जिक-कार्यकर्ता को नामित करना अनिवार्य है, ताकि सभी हितधारक वर्गों और लैंगिक दृष्टि से संतुलित निगरानी सुनिश्चित हो।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना
खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# मशीन तोड़ी न हैक हुई : एटीएम से 14.22 लाख रुपये गायब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** किशनगढ़ स्थित बेर सराय इलाके में केनरा बैंक के एटीएम से १४.२२ लाख रुपये गायब होने का मामला सामने आया है। एटीएम में कैश डालने वाली कंपनी ने अपने ही दो कर्मचारियों के अलावा एटीएम की देखरेख करने वाले दो इंजीनियर पर रकम हड़पने का आरोप लगाया है।

कंपनी की ओर से दी गई शिकायत में निजी कंपनी के कर्मचारी चंदर मोहन और पंकज के अलावा देखरेख करने वाली कंपनी के इंजीनियरों सुजीत झा और मनोज गौतम पर शक जाहिर किया गया है। फिलहाल, निजी कंपनी की मैनेजर महक गुप्ता की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। पुलिस को दी शिकायत में महक गुप्ता ने बताया कि वह गुरुग्राम-नोएडा ब्रांच की लीगल मैनेजर हैं। इनकी कंपनी दिल्ली-एनसीआर के एटीएम में कैश डालने का काम करती है। ३ मई को कंपनी की ओर से कर्मचारी चंदर मोहन व पंकज ने बेर सराय, किशनगढ़ स्थित केनरा बैंक के एटीएम में १६ लाख रुपये कैश डाले थे।

इसके बाद ८ मई को निजी कंपनी को मैसेज मिला कि बेर सराय के एटीएम से कैश नहीं निकल रहा है। जांच के लिए चंदर मोहन व विवेक उसकी जांच के लिए पहुंचे। एटीएम की जांच करने पर १४.२२ लाख ४०० रुपये कम पाए गए। एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरों पर भी काले रंग का पेंट हुआ मिला। एटीएम का रिकॉर्ड चेक किया गया तो पता चला कि जिस दिन मशीन में कैश डाला गया था उस दिन उसमें एक बार बस ८ हजार रुपये निकाले गए थे। इसके बाद कोई लेनदेन नहीं हुआ। छानबीन के बाद पता चला कि ७ मई को एटीएम में अपडेट करने व हार्ड डिस्क का कोई काम हुआ था। मशीन को देर रात भी खोलने का पता चला। मशीन में सुजीत झा और मनोज काम करने आए थे। मामले की निजी कंपनी ने पहले अपने स्तर पर जांच की। इसके बाद मामले की शिकायत दी गई। कंपनी का कहना है कि या तो यह लोग खुद शामिल हैं या फिर इन लोगों ने किसी दूसरे लोगों से वारदात को अंजाम दिलवाया है।

# एएसआई ने सरकारी पिस्तौल से मारी खुद को गोली, भर्ती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने सोमवार सुबह पूर्वी दिल्ली के जीडी कॉलोनी स्थित अपने आवास पर कथित तौर पर सरकारी पिस्तौल से खुद को गोली मार ली, जिससे वह घायल हो गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घायल की पहचान एएसआई ललित सिरोही के रूप में हुई है और वह उस्मानपुर थाने में तैनात था। उसकी पत्नी ने उसे खून से लथपथ पाया, जिसके बाद उसे लाल बहादुर शास्त्री (एलबीएस) अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिरोही अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ जीडी कॉलोनी के फ्लैट नंबर २१ में किराये पर रह रहा था। उसकी पत्नी सुबह बच्चों को स्कूल छोड़ने गई थी। घर लौटने पर उसने सिरोही को घायल अवस्था में खून से लथपथ पाया और पास में एक पिस्तौल रखी थी। अधिकारी ने बताया कि जिस कमरे में घटना हुई, वह बंद पाया गया और अभी उसकी जांच नहीं की गई है।

अधिकारी ने बताया कि माना जा रहा है कि जो हथियार था वो सरकारी पिस्तौल है, लेकिन फिलहाल इस बात की पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच से सामने आया है कि एएसआई सिरोही पिछले कम से कम दो-तीन वर्षों से अवसाद से पीड़ित थे। उन्होंने बताया कि घटनास्थल की फॉरेंसिक जांच के बाद ही आगे की जानकारी सामने आ सकेगी।

# स्मार्ट पार्किंग के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करेगी एनडीएमसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली नगरपालिका परिषद क्षेत्र में जल्द ही पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह बदलने जा रही है। एनडीएमसी ने मौजूदा पार्किंग स्थलों को स्मार्ट पार्किंग में बदलने के लिए इस वित्तीय वर्ष से कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है। यह व्यवस्था न केवल अत्याधुनिक तकनीकों से लैस होगी, बल्कि लोगों के लिए यह एक सुविधाजनक, कुशल और डिजिटल समाधान के रूप में कार्य करेगी। एनडीएमसी की योजना के अनुसार मौजूदा पार्किंग स्थलों को अगले १० वर्षों के लिए अपग्रेड किया जाएगा। इसमें इंटेलिजेंट पार्किंग घटकों की स्थापना, स्मार्ट नेविगेशन सिस्टम, डिजिटल भुगतान प्लेटफॉर्म और एक एकीकृत कमांड एंड कंट्रोल सेंटर की स्थापना शामिल है। यह पहल राजधानी के भीतर ट्रैफिक प्रबंधन, अनाधिकृत पार्किंग की समस्या और समय की बचत जैसे कई मोर्चों पर सकारात्मक असर डालेगी।

एनडीएमसी के अनुसार, उसका लक्ष्य है कि स्मार्ट पार्किंग व्यवस्था के जरिए लोगों को ऐसी सुविधा दी जाए जिसमें न पार्किंग की चिंता हो न समय की बर्बादी। इसके लिए वह ऐसे डिजिटल समाधानों पर काम कर रही है, जिससे पार्किंग स्लॉट की रियल टाइम जानकारी मोबाइल एप या वेबसाइट के माध्यम से उपलब्ध हो सके। इस परियोजना के तहत एनडीएमसी स्वचालित बैरियर सिस्टम, ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग, जीपीएस आधारित नेविगेशन और डिजिटल पेमेंट इंटरफेस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाएगी। इसके अलावा ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन (एएनपीआर) और सीसीटीवी निगरानी जैसे उपायों को भी शामिल किया जाएगा। इससे सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूत किया जा सकेगा। एनडीएमसी की योजना के तहत पार्किंग डाटा को सेंट्रलाइज्ड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से जोड़ा जाएगा, जहां से पूरे नेटवर्क पर नजर रखी जा सकेगी

## एक नजर

### एआई संचालित कैंपस से स्वास्थ्य सेवा को मिलेगा विस्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में तकनीकी नवाचार की दिशा में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए यशोदा हॉस्पिटल और भूटानी इंफ्रा ने एक अत्याधुनिक जेनरेटिव एआई-संचालित कैंपस विकसित करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। यह परियोजना स्वास्थ्य सेवा, व्यापार, आतिथ्य और अवसंरचना के क्षेत्र में एआई के एकीकरण को नया आयाम देगी। भूटानी इंफ्रा के सीईओ आशीष भूटानी ने कहा, यह केवल रियल एस्टेट नहीं होगा, बल्कि यह भविष्य के लिए तैयार किया गया एक संवेदनशील वातावरण होगा। भौतिक विकास से कहीं बढ़कर, यह कैंपस एक स्व-संवर्धित डिजिटल जीव के रूप में कार्य करेगा। इस बारे में यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. पी एन अरोड़ा ने कहा, भविष्य की स्वास्थ्य सेवा लक्षणों का इंतजार नहीं करेगी, बल्कि यह पहले ही पूर्वानुमान लगाएगी, रोकथाम करेगी और प्रतिक्रिया देगी, इससे पहले कि आपको जरूरत का एहसास हो।

### भाजपा सहयोग मंच ने सुनील त्यागी को बनाया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



**नई दिल्ली।** प्रमुख समाज सेवी तथा त्यागी-ब्राहमण समाज दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री सुनील त्यागी को भाजपा सहयोग मंच का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। भाजपा सहयोग मंच के प्रधान कार्यालय अहमदाबाद, गुजरात से सुनील त्यागी को भेजे पत्र में कहा गया है कि भाजपा सहयोग मंच के प्रति आपकी लगन और निष्ठा को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आशुतोष के शर्मा के निर्देशघ तथा राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष महंत शिवानंद सरस्वती एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष संत प्रकोष्ठ महामंडलेश्वर भैयादास जी महाराज की अनुशंसा पर आपको भाजपा सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया जाता है। सुनील त्यागी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाये जाने का प्रस्ताव भाजपा सहयोग मंच की राष्ट्रीय महासचिव सोनीसिंह ने रखा। भाजपा सहयोग मंच के प्रधान कार्यालय, अहमदाबाद से सुनील त्यागी भेजे पत्र में कहा गया है कि आप संगठन को गति प्रदान करने के संबंध में कार्य प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें। आपसे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए संगठन के उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने में अपना पूरा योगदान देंगे।

### गोकुलपुर ब्लॉक में बैठक आयोजित की

**नई दिल्ली।** दिल्ली कांग्रेस आम लोगो से जुड़ने के लिए अपनी जमीनी पृष्ठभूमि को मजबूत करने लगी है। जिसके चलते ब्लॉक कार्यकारिणी के तहत मंडलम टीम बनाने में जुटी है। जोकि एक अच्छी पहल है। इसी को लेकर गोकुलपुर ब्लॉक में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर पूर्वी लोकसभा प्रभारी रमेश सब्बरवाल, AICC सचिव व जम्मू कश्मीर प्रभारी मनोज यादव, जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज, जिला ऑब्जर्वर लक्ष्मण रावत, दीपक वशिष्ठ, फरीद शाह, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ एस पी सिंह, ईश्वर बागड़ी और ब्लॉक अध्यक्ष रामविलास शर्मा, एडवोकेट सतबीर सिंह, राक. ेश ठाकुर, व डॉ अकरम ने कार्यकारिणी सदस्यों में जोश भरा। इस मौके पर सभी ने पार्टी संगठन के लिए मजबूती से काम करने का वायदा करते हुए कहा कि दिल्ली की ताकत अलग अलग जगहों से आकर बसे लोगों और उनकी विविधता में है, और हमें इसे संजोकर रखना है ताकि हर समुदाय के लोग सम्मान और समानता के साथ जी सकें। दिल्ली आज कई चुनौतियों से जूझ रही है - प्रदूषण, बेरोजगारी, स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और महंगाई। इनका समाधान तभी संभव है जब हम सब एकजुट होकर काम करें। चाहे मंदिर की घंटी हो, मस्जिद की अजान, गुरुद्वारे का शबद या चर्च की प्रार्थना - हर आवाज हमें एकता की याद दिलाती है। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जो हर धर्म, हर वर्ग के लोगों को स्वच्छ हवा, अच्छी शिक्षा और रोजगार के अवसर दें, ताकि दिल्ली सचमुच एक आदर्श शहर बन सके।

### हाउस टैक्स कैंप लगवाया



**नई दिल्ली।** ब्रह्मपुरी वार्ड २२९ की निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने अपने कार्यालय पंडित सत्यनारायण भवन, करतार नगर चौथा पुस्ता पर हाउस टैक्स का कैंप लगवाया। कैम्प में क्षेत्रीय लोगों पहुंच कर अपना हाउस टैक्स जमा कराया। इस मौके पर निगम पार्षद छाया गौरव शर्मा ने कहा कि उनकी कोशिश रहती है कि क्षेत्रवासियों को सभी सुविधाएं हम अपने पार्षद कार्यालय पर उपलब्ध कराएँ, ताकि उनके क्षेत्रीय परिवार को किसी भी तरीके की कोई असुविधा ना हो। ऐसे और कई तरह के कैम्पों का आयोजन समय-समय पर किया जाता है।

### नहर में पड़ा मिल महिला का शव

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली स्थित खेड़ा नहर में एक महिला की संदिग्ध हालत में लाश पड़ी मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस महिला की पहचान करने के लिये स्थानीय लोग व आसपास के थानों से संपर्क कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शव करीब तीन से चार दिन पुराना है।

पुलिस के मुताबिक समयपुर बादली पुलिस को सोमवार शाम खेड़ा नहर में करीब २५ साल की महिला का शव पड़ा होने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया। म

### हॉर्न बजाने से मना किया तो की मारपीट

**नई दिल्ली।** द्वारका नार्थ थाना इलाके में गाड़ी देखकर चलाने व हॉर्न बजाने से मना करने पर एक कार चालक ने एयरपोर्ट कर्मी पर हमला कर दिया। आरोपी ने लोहे की रॉड से हमला कर पीड़ित को अधमरा कर दिया और मौके से कार समेत भाग गया। पुलिस ने घायल एयरपोर्ट कर्मी को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। घायल की पहचान द्वारका इलाके के सरफराज के रूप में हुई है। मूल रूप से वह उत्तर प्रदेश के बिजनौर के रहने वाले हैं। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी का पता लगाने की कोशिश कर रही है। सरफराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एयरपोर्ट पर विमामन सुरक्षा में तैनात हैं। शनिवार शाम वह अपनी पत्नी के साथ इलाके के एक माल में खरीदारी करने के लिए आए थे। मॉल के गेट से वह पैदल ही अंदर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक कार आई। कार चालक बार-बार हॉर्न बजाने लगा। गाड़ी देखकर चलाने व हॉर्न बजाने का कारण पूछने पर चालक तैश में आ गया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा।



दिल्ली पुलिस अकादमी, वजीराबाद परिसर में 1308 नव भर्ती पुरुष कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड की सलामी लेते विशेष पुलिस आयुक्त रॉबिन हिबू।

# नव भर्ती पुरुष कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अकादमी, वजीराबाद परिसर में १३०८ नव भर्ती पुरुष कांस्टेबलों की पासिंग आउट परेड आयोजित की गई। इस पासिंग आउट परेड के मुख्य अतिथि विशेष पुलिस आयुक्त (सार्वजनिक परिवहन सुरक्षा प्रभाग, दिल्ली) रॉबिन हिबू, ने नव प्रशिक्षित कांस्टेबलों को संबोधित किया और प्रशिक्षण के सफल समापन पर उन्हें हार्दिक बधाई दी। उन्होंने एक लोक सेवक के रूप में नैतिक आचरण, अनुशासन और जिम्मेदारी पर भी जोर दिया। उन्होंने अपने कानून प्रवर्तन कर्तव्यों में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की। प्रशिक्षण में पीटी, परेड अभ्यास, कमांडो प्रशिक्षण, निहत्थे युद्ध (यूएसी) और आत्मरक्षा तकनीकें भी शामिल थीं। समग्र विकास सुनिश्चित करने के लिए, प्रशिक्षुओं को खेल, संरचित जिम वर्कआउट और ध्यान और योग सहित मानसिक फिटनेस अभ्यासों में भी शामिल किया गया।

इसके अलावा, उनके कमांडो पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में, उन्हें विस्फोटकों और आईईडी के बारे में बुनियादी ज्ञान प्राप्त हुआ। इसमें कमांडो रणनीति प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, छापा और घात प्रशिक्षण और भवन/शहरी हस्तक्षेप प्रशिक्षण भी शामिल था। विविध कौशल सेटों के महत्व को पहचानते हुए, प्रशिक्षुओं के लिए कई कार्यशालाएँ और सेमिनार आयोजित किए गए। एनडीआरएफ द्वारा आयोजित विशेष सत्रों में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के दौरान बचाव और राहत कार्यों, प्राथमिक चिकित्सा और संचार योजना सहित आपदा प्रतिक्रिया में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें मॉक ड्रिल के माध्यम से व्यावहारिक अनुप्रयोग शामिल थे। पासिंग आउट परेड से दो दिन पहले तनाव और क्रोध प्रबंधन पर मनोवैज्ञानिक शिक्षा पर एक विशेष कार्यशाला भी आयोजित की गई। आईटी और कंप्यूटर प्रशिक्षण पर जोर दिया गया, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि प्रशिक्षु दिल्ली पुलिस के सभी ऐप और वेबसाइट में कुशल हों।

# अग्रवाल संगठन का 13वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष देशबन्धु गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन का १३वां स्थापना दिवस समारोह शाह ऑडिटोरियम, दिल्ली में अत्यंत भव्य एवं गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवाओं व बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मौजा ही मौजा एंटरटेनमेंट ग्रुप द्वारा सायं ५:०० बजे से किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के विशेष आकर्षण प्रस्तुतियों में चंद्रदेव क्यों हुए भगवान भोलेनाथ के मस्तक से अदृश्य, इस नाटिका ने पौराणिक भावनाओं को जीवंत कर दिया। माता अनुसूया द्वारा त्रिदेवों के समक्ष अपने पतिव्रत का प्रमाण, दर्शकों को भाव-विभोर कर गया। देशभक्ति की प्रस्तुति श्री राधाकृष्ण नृत्य ने सबका मन मोह लिया। भगवान शिव द्वारा बालकृष्ण के दर्शन इस भव्य नृत्य नाटिका ने मंच पर दिव्यता का आभास कराया। सायं ५ बजे से ही पूरा ऑडिटोरियम खचाखच भर गया।

कार्यक्रम के मुख्य उद्घ्बोधनकर्ता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता रहे जिन्होंने संगठन द्वारा किये गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन दिल्ली प्रदेश द्वारा सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष देशबन्धु गुप्ता जी ने सबका अभिनंदन करते हुए संगठन द्वारा किये जा रहे प्रत्येक कार्य की जानकारी दी।

अध्यक्ष ने कहा कि सन् २०२५ में १००० बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने का लक्ष्य रखा है जिसमें योग शिक्षा, कंप्यूटर कोर्स, मेहंदी कोर्स, ब्यूटी पार्लर कोर्स कराया जाएगा ताकि वे अपनी जीविका कमा सके और अपने परिवार का पालन पोषण कर सके।

# संस्कृत शिक्षक -प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी को लेकर जुटने को कहा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ललित महाजन सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वसंत विहार में आज विहिप के संरक्षक दिनेश चंद्र ने आगामी ३ जून २०२५ से 12 जून 2025 तक राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी बैठक पर चर्चा की। श्री दिनेश चंद्र ने विहिप के संस्कृत आयाम और भारत संस्कृत परिषद द्वारा ललित महाजन सरस्वती बाल विद्या मंदिर वसंत विहार में आयोजित होने वाले इस वर्ग हेतु देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभावान,योग्य और अनुशासित प्रतिभागियों की संख्या को अंतिम रूप देने को कहा और शिक्षण-प्रशिक्षण एवं प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

विहिप संस्कृत आयाम के प्रमुख और श्री लाल बहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के डीन प्रो.देवी प्रसाद त्रिपाठी ने कहा कि इस अखिल भारतीय संस्कृत वर्ग का उद्देश्य देशभर में संस्कृतमय वातावरण बनाने हेतु योग्य संस्कृत प्रशिक्षकों को तैयार करना है और निश्चित रूप से दशकों से जारी हमारा प्रयत्न इस बार भी श्रेष्ठ सिद्ध होगा। ललित महाजन सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय वसंत विहार के उप प्रधानाचार्य श्री संजय कुमार ने कहा कि इस अखिल भारतीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग हेतु विद्यालय की ओर से सब प्रकार का सहयोग किया जाएगा। भारत संस्कृत परिषद के राष्ट्रीय महासचिव और इस वर्ग के संयोजक प्रो.सूर्य प्रकाश सेमवाल ने कहा कि देश में संस्कृतमय वातावरण बनाने के लिए दशकों से संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग संचालित किए जा रहे हैं। इस बार भी देशभर से 100 से भी अधिक संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण के लिए आयेंगे। वर्ग में दर्जनों विशेषज्ञ विद्वान संस्कृत संभाषण के साथ ही भारत की प्राच्य विद्याओं और वैदिक विषयों पर चर्चा और कार्यशाला आयोजित करेंगे। इस अवसर पर विहिप संस्कृत आयाम और संस्कृत वर्ग के प्रशिक्षण,प्रबन्धन और व्यवस्था से जुड़े प्राध्यापकों-डॉ.प्रवेश व्यास,डॉ.नवीन चंद्र पांडेय,डॉ. योगेंद्र शर्मा और डॉ. दीपक वशिष्ठ ने भी वर्ग विषयक कार्ययोजना प्रस्तुत की।

# कुत्तों को लेकर हुए विवाद में युवक का कान काटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बिंदापुर जेजे कॉलोनी में गली में कुत्तों के गंदगी करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक का कान काट दिया और मौके से फरार हो गया। घायल की पहचान इलाके के नवीन के रूप में हुई है। वह किराने की दुकान चलाते हैं। उनकी शिकायत पर डाबरी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपित को पकड़ने की कोशिश कर रही है। घायल नवीन ने पुलिस को बताया कि वह आईएनए लोधी रोड में किराने की दुकान चलाते हैं। रात वह अपने दोस्त साहिल के साथ गाड़ी से घर लौट रहे थे। घर के पास उनकी पिछली गली में रहने वाला युवक शिवम खड़ा था। जब वह गाड़ी से बाहर निकले तो शिवम व कुछ लोग और उनके पास बातचीत के लिए आ गए। साहिल और शिवम के बीच गली में कुत्तों को पालने और उनकी गंदगी को लेकर पहले से कहासुनी हो रखी थी। इस बात को लेकर दोनों में फिर से कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई।

### किन्नर की हत्या प्रयास में दो पकड़े



**नई दिल्ली।** थाना लोनी बॉर्डर इंद्रापुरी की रहने वाली किन्नर समाज से सोना किन्नर को १४ मई की शाम को कुछ लोगों ने धारदार से हमला करते हुए जान से मारने की कोशिश की। मामले शिकायत थाना लोनी बॉर्डर में की। पुलिस प्रशासन ने दो आरोपियों को गिरफतार किया। जबकि सोना ने आरोप लगाते हुए बताया कि आरोपी पांच हैं लेकिन पुलिस ने सोना किन्नर की बात पर कोई तबज्जों नहीं दी। बकाया तीन आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर १४ मई की रात किन्नरों ने थाना लोनी बॉर्डर पर धरना प्रदर्शन किया। जब रात में किये गये धरने प्रदर्शन के बाद भी पुलिस ने उन तीन आरोपियों को गिरफतार नहीं किया तो फिर से बड़ी तादाद में इकठ्ठा हो धरना प्रदर्शन किया।

### बारिश की संभावना कूल रहेगा वीकेंड

**नई दिल्ली।** आज से २४ मई तक बारिश की संभावना है। सप्ताहांत तक दिल्ली भीगी-भीगी रहेगी। मई में पड़ने वाली प्रचंड गर्मी से लोगों को राहत मिलेगी। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। हल्की से बहुत हल्की बारिश से साथ और तेज हवाएं ३०-४० किमी प्रति घंटे की गति से चलने की संभावना है, जो गरज के साथ अस्थायी रूप से ५० किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की बारिश के साथ तेज हवाएं ३०-४० किमी प्रति घंटा की गति से चलेगी, जो धूल भरी हवाओं के साथ अस्थायी रूप से ५० किमी प्रति घंटे तक पहुंच जाएंगी। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः ३९ और २७ डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

### शालीमार बाग में मुठभेड़,बदमाश की गोली हेड कांस्टेबल की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी, पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली और उत्तरप्रदेश में कई वारदातों में शामिल बदमाश अरविंद कश्यप को बीती रात शालीमार बाग इलाके में एक मुठभेड़ के बाद नॉर्थ-वेस्ट जिला की एएटीएस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से पिस्टल,दो कारतूस,दो कारतूस के खोल और चोरी की बाइक जब्त की। आरोपी की गिरफ्तारी पर ७५ हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एएटीएस टीम को जानकारी मिली थी कि आरोपी अरविंद अपने साथियों से मिलने के लिए रिंग रोड, हैदरपुर नहर, शालीमार बाग के पास आने वाला है। जिसके पास अवैध पिस्टल भी हो सकती है और वह पुलिस पर चलाने में नहीं हिचकिचाएगा। पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी की। उसको आत्मसमर्पण करने के लिये कहा। आरोपी ने भागने की कोशिश में पुलिस टीम पर गोलियां चला दीं। एक गोली थाना शालीमार बाग में तैनात एचसी परविंदर की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी। आत्मरक्षा में बदमाश पर फायरिंग की। काफी मशक्कत के बाद आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया गया।मौके पर से जब्त बाइक समयपुर बादली इलाके से चोरी की थी। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वह केशवपुरम में एक सशस्त्र डकैती मामले में वांछित, और वह पहले दिल्ली और उत्तर प्रदेश में दर्ज हत्या, शस्त्र अधिनियम, डकैती और हत्या के प्रयास सहित १८ आपराधिक मामलों में शामिल था।

# भारत गोली का जवाब गोले से देगा: हर्ष मल्होत्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए २६ निर्दोष पर्यटकों की स्मृति में एक भावपूर्ण और आध्यात्मिक आयोजन का दृश्य उस समय सामने आया, जब फेस ग्रुप के तत्वावधान में पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार क्षेत्र स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर, शंकर विहार में सुंदरकांड का भव्य पाठ संपन्न हुआ।

इस आयोजन ने न केवल श्रद्धा बल्कि आपसी सौहार्द का बेहतरीन नमूना यहाँ देखने को मिला जहाँ सभी धर्मो के जिम्मेदार लोग एक साथ बैठे नजर आए। इस विशेष आयोजन में कथा वाचक पंडित रवि प्रकाश शर्मा द्वारा संगीत यंत्रों सहित सुंदरकांड का पाठ किया गया, जिसने पूरे मंदिर परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा इस आयोजन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।



आयोजन में अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान किया। इनमें विधायक डॉ. अनिल गोयल, पद्मश्री जितेन्द्र सिंह शटी, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अनुज आत्रेय, कृष्णा नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुरचरन सिंह राजू, निगम पार्षद रमेश गर्ग, राजू सचदेवा, आचार्य डॉ. विक्रमादित्य, पूर्व विधायक नितिन त्यागी, पूर्व सांसद प्रत्याशी वकार चौधरी, दिल्ली प्रदेश जे जे कांग्रेस अध्यक्ष मौहमद उमर सैफी, डॉ. विजय जैसवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी विजय गिल्होत्रा, गीता कॉलोनी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जुगल किशोर प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# प्रतिबंधित दवाओं के साथ केमिस्ट समेत दो पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बाहरी जिले के एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ के मामले में दो आरोपियों हरियाणा के रहने वाले विजय उर्फ विजेंद्र और नीरज को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से १७७० बोतलें (प्रत्येक १०० एमएल यानी १७७ लीटर- वाणिज्यिक मात्रा) कोडीन-आधारित दवा, मामले में ट्रामाडोल के १४४ कैप्सूल (९६.४८ ग्राम-मध्यवर्ती मात्रा) बरामद किये हैं। पुलिस आरोपियों के नेटवर्क के बारे में पता करके उनको भी पकडने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एसीपी नरेन्द्र खत्री की देखरेख में इंस्पेक्टर रितेश के निर्देशन में पुलिस टीम ड्रग्स तस्करी करने वालों के बारे में जानकारी जुटा रही थी। पुलिस टीम को नीरज कुमार के बारे में पता चला था कि उसके पास कोडीन-आधारित ड्रग्स हैं और वह कथित तौर पर बिना वैध लाइसेंस या प्रिस्क्रिप्शन के टिकरी बॉर्डर के पास अवैध रूप से बेच रहा है। टिकरी बॉर्डर के आसपास के इलाकों में तुरंत छापेमारी करके नीरज कुमार को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से कोडीन आधारित दवा की ३८ बोतलें (प्रत्येक १०० एमएल) और ट्रामाडोल के १४४ कैप्सूल बरामद किए गए। नीरज से पूछताछ करने के बाद बाबा हरिदास कॉलोनी, टिकरी कलां में छापेमारी करके कोडीन आधारित दवा की १,७३२ बोतलें बरामद हुईं, जिनमें से प्रत्येक में १०० एमएल थी। नीरज की निशानदेही पर विजय को गिरफ्तार किया। पिछले साल अक्तूबर से वह ज्वालापुरी में एक मेडिकल स्टोर चला रहा है। वह पहले सुल्तान पुरी में केमिस्ट था। विजय ने पूछताछ में नीरज को १२ सौ कोडीन-आधारित दवा देने की बात भी मानी।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सुनी जन शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कार्यालय में जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा जनसुनवाई की गयी। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी क्रमवार सभी लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। उन्होने सभी शिकायतकर्ताओं व आवेदनकर्ताओं को आश्वस्त किया कि शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण किया जायेगा। उन्होने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर शिकायत व आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदय ने किसानों से भी वार्ता की। इस दौरान एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहे।

### विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है

## इसका सुचारू रूप से वितरण करना करें सुनिश्चित: जिलाधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग के संविदाकर्मी यूनियन द्वारा 20 मई 2025 को प्रस्तावित प्रदेश व्यापी 72 घंटे के कार्य बहिष्कार के दौरान, विद्युत आपूर्ति कार्य सुचारू से हो, की तैयारियों/व्यवस्थाओं के सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों, सम्बंधित संविदाकर्मी एजेन्सी, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम गाजियाबाद, आईटीआई एवं पॉलीटैक्निक विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी दीपक मीणा ने विद्युत विभाग की संविदाकर्मी एजेन्सियों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि वे उक्त कार्य बहिष्कार के दौरान अपना बैकअप प्लान पूर्व से ही तैयार रखते हुए अपने वर्कफोर्स की सूची व बैकअप प्लान उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी महोदय ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने स्तर से समस्त कर्मचारी संगठन व अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति को निर्बाध चलती रहे, के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ इस ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करें जो कर्मचारियों को हड़ताल करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं या उकसा सकते हैं। उन्होने कहा कि यदि कोई भी सरकारी अधिकारी/कर्मचारी किसी भी तरह से हड़ताल को बढ़ावा देने सम्बंधित प्रकरण में पाया जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि विद्युत वितरण एक आवश्यक सेवा है और इसका सुचारू रूप से वितरण सुनिश्चित करना बहुत महत्वपूर्ण है। यह केवल घरों और व्यवसायों के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि अस्पतालों, डेटा सेंटर और अन्य महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे सहित आपातकालीन सेवाओं के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिए किसी भी रूप में विद्युत आपूर्ति निर्बाध रखें।

बैठक में मुख्य रूप से जीडीए सचिव राजेश सिंह, मुख्य अभियंता जोन-1 अशोक कुमार, मुख्य अभियंता जोन-2 नरेश भारती, मुख्य अभियंता जोन-3 दीपक अग्रवाल, सभी अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## अंकित नेगी की साहसपूर्ण बल्लेबाजी से रवि ब्रदर्स की रोमांचक जीत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बाडीकेयर कप नवम संदीप सूरी स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के अन्तर्गत लीग मैच मे रवि ब्रदर्स ने रोमांचक मुकाबले मे यूपी पुलिस को 1 विकेट से हरा दिया। टास जीत कर रवि ब्रदर्स ने पहले क्षेत्ररक्षण का निर्णय लिया। फलस्वरूप यूपी पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए निर्धारित 40 ओवर मे 239 रन 9 विकेट के नुकसान पर बनाए, जिसमे अनिल सरोज 92 रन, 79 गेद ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

लक्ष्य प्राप्त करने उतरी रवि ब्रदर्स के विकेट कसी गेदबाजी से निरंतर गिरते रहे, 6 विकेट मात्र 104 रनो पर 19 ओवर मे गिर गए। ऐसे समय पर अंकित नेगी 90 रन व सिद्धार्थ चौधरी 30 रन के बीच हुई साझीदारी ने स्कोर 192 तक पंहुचा दिया, जीत के लिए आवश्यक 23 रनो को आखिरी 3 ओवर मे पूर्ण कर बल्लेबाज रोकी ने विजय सुनिश्चित की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंकित नेगी को इकबाल सिंह सोढी द्वारा दिया गया। प्रमुख स्कोर ÷

यूपी पुलिस: 239 रन 9 विकेट पर, 40 ओवर मे। अनिल सरोज 92 रन ( 12 चौके 6 छके) फैजान 32 रन,( 4 चौके, 2 छके) शिवम त्रिपाठी 08-00-40-4 विक्रम मेहरा व नमन पारे ने 2-2 विकेट लिए। रवि ब्रदर्स ÷ 243 रन 9 विकेट पर 39.2 ओवर मे। हार्दिक 42 रन (6 चौके 2 चौके) अंकित नेगी 90 रन ( 7 चौके, 3 छके ) रोकी, अविजित 28 रन (4 चौके) रोहित भडाना, नवनीत व जय यादव ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। कल प्रात:काल लीग मैच एल बी शास्त्री बनाम रवि ब्रदर्स खेला जाएगा।

## जिले में 20 स्थानों पर बनेंगे ई-चार्जिंग स्टेशन, नगर निगम ने जारी किया वर्क ऑर्डर

**गाजियाबाद।** इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। नगर निगम ने 20 स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण के लिए चयनित कंपनी को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया है। तकनीकी अड़चनों के समाधान के बाद अब इस माह अनुबंध के साथ ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

यह पहल प्रदूषण नियंत्रण और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के मकसद से की जा रही है, जिससे शहरवासियों को राहत मिलेगी और पर्यावरण को भी फायदा होगा। चार्जिंग स्टेशन पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बनाए जाएंगे। नगर निगम ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कंपनी का चयन कर लिया था, लेकिन कुछ तकनीकी कारणों से कार्य रुका हुआ था। हाल ही में अधिकारियों की बैठक में समस्याओं का समाधान हो गया और वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशनों पर शुल्क दो तरीकों से लिया जाएगा, पहला ख्र धीमी गति से चार्ज होने वाले वाहनों के लिए प्रति यूनिट 8 रुपये और तेज गति से चार्ज होने वाले वाहनों के लिए प्रति यूनिट 15 रुपये। जिसमें से प्रत्येक यूनिट पर 1 रुपये निगम को दिया जाएगा। शहर में लगभग 4,000 दोपहिया ई-वाहन हैं, जो धीमी गति से चार्ज होते हैं, जबकि पूरे जिले में 38,000 से अधिक ई-वाहन पंजीकृत हैं। फिलहाल, वाहन चालकों को चार्जिंग सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि शहर में पर्याप्त ई-चार्जिंग स्टेशन उपलब्ध नहीं हैं। इस वजह से लोग इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने से हिचकिचाते हैं।

## जीएलए विश्वविद्यालय छात्रों को देता है रोजगार परक शिक्षा: नीरज अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** जीएलए विश्वविद्यालय के सीईओ नीरज अग्रवाल का स्वागत आर आई सी टी इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन अम्बेडकर रोड पर किया गया। इस अवसर पर नीरज अग्रवाल ने बताया कि टाइम्स हायर एजुकेशन एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में जीएलए विश्वविद्यालय को उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा समस्त भारत में 18वा स्थान प्राप्त हुआ है जो की विश्वविद्यालय के लिए बहुत ही गौरव की बात है विश्वविद्यालय रेगुलर शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन शिक्षा भी प्रदान कर रहा है जिसके माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं को देश-विदेश में ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त हो रही है। जिसके द्वारा वह छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को ऊंचाइयों की ओर ले जा पा रहे हैं नीरज अग्रवाल विश्वविद्यालय के सीईओ होने के साथ ही बहुत बड़े मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं जिनके फॉलोअर्स की संख्या लाखों में है उन्होंने कहा कि अगर कोशिश पूरी नहीं हो रही है तो यकीन मानिएगा की पूरी कोशिश नहीं हो रही है। इस अवसर पर जीएलए विश्वविद्यालय से मुकुल महाजन, अनुकूल चंद्रा एवं आर आई सी टी इंस्टिट्यूट से निदेशक विजय कौशिक, डीआईएमटी इंस्टिट्यूट के निदेशक तरुण शर्मा, नीलम, ज्योति, अंशु, नीरू एवं गौरव शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही साथ कराटे वेलफेयर सोसाइटी के महासचिव राजीव मुंडेलवाल एवं उनके कोचो के द्वारा नीरज का बहुत ही शानदार तरीके से स्वागत किया गया एवं कराटे वेलफेयर सोसाइटी की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई।

## बढ़ते अतिक्रमण के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी में बढ़ते अतिक्रमण के विरोध में कौशांबी के ए ब्लॉक के निवासियों द्वारा पूर्व पार्षद डॉ मनोज गोयल के नेतृत्व में कौशांबी थाना अध्यक्ष अजय शर्मा को ज्ञापन सोपा गया। इसमें कौशांबी वेब पिक्चर हॉल से लेकर डाबर ऑफिस तक फुटपाथ को घेर कर अतिक्रमण कर रखा है स्थाई रूप से काउंटर लगाकर खाने पीने का सामान बेचा जा रहा है आज दिन झगड़ा होते हैं और रोड जाम रहती है जिसकी वजह से कौशांबी निवासियों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है इस अवसर पर के ए ब्लॉक की अध्यक्ष नीतू जैन सतीश बबूता सतीश गुप्ता शशी मित्तल असीम शर्मा नितिन अग्रवाल पवन शर्मा अभिनीत दास सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उत्थान फाउंडेशन ने सैकड़ों छात्राओं को लगवाई कैंसर से बचाव की वैक्सीन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नारी स्वास्थ्य और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्थान फाउंडेशन ने अपनी स्वास्थ्य जागरूकता पहल 'आयुष योजना' के अंतर्गत आदर्श कन्या इंटर कॉलेज, मोदीनगर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एक वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया। इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की प्रमुख जानकारी साझा करते हुए उत्थान फाउंडेशन की संस्थापक सचिव डॉ. सोनिका जैन ने बताया कि इस वैक्सीनेशन ड्राइव में कुल 107 छात्राओं को एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीनेशन की जिम्मेदारी डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. अनुभा और उनकी टीम (गाजियाबाद) ने कुशलतापूर्वक निभाई।

यह अभियान रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3012 के सहयोग से चलाए जा रहे षविराज प्रोजेक्ट - सेव वुमेनष के तहत संपन्न हुआ। इस परियोजना का उद्देश्य 2000 बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन प्रदान करना है, ताकि भविष्य में वे सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रह सकें। उत्थान फाउंडेशन के अध्यक्ष सी.ए. राहुल जैन ने जानकारी दी कि इस अभियान में सहयोगी संगठन के रूप में रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद सैफायर और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली एकॉर्ड का विशेष योगदान रहा। ब्यूटीफुल टुमॉरो संस्था ने कार्यक्रम में ज्ञान सहयोगी की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के चेयरमैन प्रशांत राज शर्मा उपस्थित रहे। गाजियाबाद मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से राहुल अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम की सफलता में उत्थान फाउंडेशन के सदस्यों और कॉलेज प्रबंधन की विशेष भूमिका रही। विशेष सहयोग देने वालों में गजाला बारी, ज्योति रानी, संजय जैन, अलका चौधरी, मयूराक्षी जैन, कुंदन चावला, राहुल बाहरी, ए.आर. ओबेरॉय, विजय मेहरा, संजय नायर के प्रयास सराहनीय रहे। इस अवसर पर सभी 107 छात्राओं को वैक्सीनेशन के पश्चात प्रमाण पत्र प्रदान किए गये। यह आयोजन स्वास्थ्य सुरक्षा, जागरूकता और नारी सशक्तिकरण की दिशा में एक अनुकरणीय प्रयास के रूप में सराहा गया।

### एक नजर

## डॉ. फहीम सैफी बने अन्तर्राष्ट्रीय संगठन एएचडीडब्लु बी.के डायरेक्टर आफ प्राइमरी हेल्थ केयर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** प्रमुख समाजसेवी चिकित्सक डॉ फहीम सैफी की कर्मठ निष्ठा और ईमानदारी के साथ समाज के प्रति उनकी कार्यशैली को देखते हुए 'एसोसिएशन फॉर हयुमैनिटैरियन डोक्टरस विदाउट बार्डर्स ( ए एच डी डब्ल्यू बी )' में प्राइमरी हेल्थ केयर निदेशक बनाया गया है। सम्पूर्ण विश्व की महान विभूतियों से सुसज्जित संगठन में 'आईआरएम किंग प्रो.डॉ.जेरेमी सैफियर' संरक्षक/अध्यक्ष एसोसिएशन फॉर ह्यूमैनिटेरियन डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स द्वारा डॉ फहीम सैफी को इस पद से नवाजा गया। एक संदेश में डॉ जेरेमी सैफियर ने कहा डॉ. सैफी हमारे प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल निद. शक हैं। डॉ. फहीम सैफी अपनी मेडिकल टीम के साथ भारत के एक वृद्धाश्रम -अनाथाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों एवं बच्चों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान करते हैं।

समय समय पर रक्तदान जागरूकता अभियान, नशे के विरुद्ध अभियान और सबसे महत्वपूर्ण सभी धर्मों के सामाजिक कार्यों में सहयोग प्रदान कर शांति के स्थापना हेतु प्रतिबद्ध है। इन सबके लिए लिए बहुत बढ़िया डॉ. सैफी, समाज में अच्छा काम करते रहें। तुम पर हमें है नाज है,अच्छा काम करते रहो। डॉ. फहीम सैफी ने यह जिम्मेदारी मिलने पर कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे सोपी गई है, हम उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाएंगे इंशा अल्लाह।

डॉ. फहीम सैफी ने बताया कि ये एसोसिएशन बाखिदी-कोएरिकोइ रॉयल किंगडम के शाही महामहिम राजा प्रो.डॉ.जेरेमी सैफियर के तत्वावधान में संचालित है। AHDWB जिसका मोटो विश्व में 'शांति, स्वास्थ्य और मानव अधिकारों के लिए आवाज उठाना है'। एसोसिएशन की नीतियों में संविधान, मिशन वक्तव्य, आचार संहिता और सार्वजनिक मंचों पर इसके सदस्यों के लिए व्यवस्था के नियम शामिल हैं।

## हनुमान जी हैं भारतीय सैनिकों के वास्तविक आदर्श: वरुण शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** कौशांबी में गूंजे जय श्री राम, भारत माता की जय और भारतीय सेना की जय जयकार के जयकारे। भारतीय सेना ने जो अद्भुत शौर्य और पराक्रम दिखा कर पाकिस्तान के दाँत खट्टे करे हैं उसका धन्यवाद करते हुए, भारतीय सेना के प्रति अपना विश्वास जताते हुए और सेना के जवानो की दीर्घायु की प्रार्थना करते हुए श्री केसरी नंदन सेवा समिति द्वारा संगीतमय सुंदरकांड के पाठ का भव्य आयोजन प्राचीन सनातन धर्म मन्दिर,कौशांबी में किया गया।

इस अवसर पर सभी कौशांबी वासियों ने उत्साह दिखाया और पाठ में जोरशोर से हिस्सा लिया। क्षेत्र के निवासी और प्रसिद्ध समाजसेवी वरुण शर्मा ने बताया की किस तरह केसरी नंदन हनुमान जी जो हर भारतीय सैनिक के आदर्श हैं उनकी आराधना कर क्षेत्रवासियों ने अपने देश,अपने सैनिको और सनातन धर्म की अजेय शक्ति के लिए प्रार्थना की। भाग लेने वाले स्थानीय कौशांबी निवासी अति उत्साहित थे और सभी ने इस आयोजन को खूब सराहा।

इस अवसर पर भजन मंडली की और से राजेंद्र, आशु और मनोज ने बेहद सुंदर, संगीतमय और भक्तिमय पाठ किया और सबको भाव विभोर किया। इस अवसर पर आयोजक समिति और कौशांबी निवासी कमल ओबेरॉय, शिव भारद्वाज, डॉ आचार्य कृति शर्मा, सुनीता परवाल, ओंकार शर्मा, दीपक अग्रवाल, उमा शंकर शर्मा, प्रवीण गर्ग, आर पी भारद्वाज जी और वीरेंद्र गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर रमणीक और मुदित दीक्षित ने भी अपने भजनों से सबका मन मोह लिया।

बड़ी संख्या में स्थानीय निवा. सियों सहित मिनी गुप्ता, विजय अग्रवाल,प्रीति सिंघल, अलका सहगल, रजनी गोयल, संतोष सिंह, मंजु शर्मा, दीप्ति सिन्हा, मंजु जैन, आरती शर्मा, उर्मिल अरोड़ा, मंजु यादव, डॉली मल्होत्रा, ऋतु, हिमांशु गौर, अशोक परवाल, रवि पटेल, नर्वेश,सत्यम, दीपक, शिवानी, नेहा सेल्ही, संगीता श्रीवास्तव पंकज खेड़ा, प्रतिभा त्यागी, तनवी भरद्वाज ने इस पावन कार्य में भाग लिया और आयोजक समिति को ढेरों शुभकामनाएं दी।

## आल इंडिया जाट समाज सेवा संगठन ने किये नए पदाधिकारी मनोनीत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** आज इंडिया जाट समाज सेवा संगठन की एक बैठक संगठन के अध्यक्ष रूपेश पुनिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें संगठन में कई नये पदाधिकारी मनोनीत किये गये। संगठन के मुख्य संरक्षक वीरेंद्र नेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी व उदयवीर तेवतिया की संस्तुति पर दीपक सांगवान खंजरपुर को युवा जाट समाज सेवा संगठन का अध्यक्ष व प्रविंद्र चौधरी वैशाली को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।सभी वरिष्ठ सदस्यों ने मनोनीत पदाशिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया।इस अवसर पर मंजू चौधरी को महिला विंग का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में राजू मलिक, दीपक चौधरी, श्योदान सिंह, संजय भदौला (ब्लॉक अध्यक्ष) सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लोकल फोर वोकल की शपथ लेंगे व्यापारी: अशोक गोयल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** व्यापारी समाज के विभिन्न व्यापार मंडलों से अशोक गोयल सच्चिदानंद शर्मा संदीप बंसल पंडित अशोक भारतीय आदि की बैठक व्यापारी नेता संदीप बंसल के व्यापारिक प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई।

बैठक में व्यापारी समाज द्वारा आगामी 23 मई को समस्त व्यापारी संगठनों की बैठक में विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार का स्वदेशी का उपयोग करने का संकल्प लिया जाएगा कार्यक्रम की घोषणा की।

आगामी 23 मई की बैठक में सभी व्यापार संगठनों से संगठनों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया 23 मई के कार्यक्रम में शाम 4:30 बजे कवि नगर जानकी भवन रामलीला मैदान गाजियाबाद में अध्यक्ष राष्ट्रीय व्यापारिक कल्याण बोर्ड भारत सरकार सुनील सिंघी भी व्यापारी समाज को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

## हिंदू इकोनॉमिक फोरम चैप्टर की विधिवत शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समरकूल की मेरठ रोड स्थित फैक्ट्री के प्रांगण में बैठक आयोजित हिंदू इकोनॉमिक फोरम की औपचारिक शुरुआत की गई। जिसमें संजीव सचदेव को अध्यक्ष, अतुल जैन को उपाध्यक्ष, संजीव अरोड़ा को महासचिव और अनिल तनेजा को वित्त सचिव घोषित किया गया। बृजेश अग्रवाल, उपेन्द्र गोयल संरक्षक एवं समरकूल ग्रुप के चेयरमैन संजीव कुमार गुप्ता चेयरमैन घोषित किए गए।

कार्यक्रम में हिंदू धर्म और संस्कृति पर चारों तरफ से हो रहे हमलों से जागरूक रहने और हिन्दू व्यापारी, हिंदू उद्यमी और हिंदुओं को अपनी एकता द्वारा देश और धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहने का आह्वान किया गया। उपस्थित बुद्धिजीवियों ने अपनी लाखों वर्ष पुरानी महान संस्कृति के लिए गर्वित महसूस करने के महत्व को भी विशेष रूप से रखा।

कार्यक्रम में उपस्थित व्यक्तियों ने एक स्वर से ना केवल तुर्किये और अजरबेजान के बायकॉट का प्रण लिया गया बल्कि बांग्लादेश में हजारों हिंदुओं की निर्मम हत्या करने वाले और पहलगांव में धर्म पूछकर हत्या करने वाले विधर्मियों के आर्थिक बहिष्कार के प्रयासों पर भी बल दिया। कार्यक्रम का संचालन संजीव सचदेव द्वारा और मुख्य विषय उपेंद्र गोयल द्वारा रखा गया। कार्यक्रम में नगर के प्रमुख उद्यमियों, व्यापारियों और समाजसेवियों ने सहभागिता करी। अतिथियों का स्वागत मेजबान समरकूल वाले संजीव कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। अंत में उन्होंने सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए उन्हें जलपान के लिए आमंत्रित किया।

# घर में घुसकर चाकू से की हत्या

■ बहन से बदसलूकी करने पर मृतक ने की थी नाबालिग की पिटाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** घुवीर नगर इलाके में बहन के साथ बदसलूकी का विरोध करने पर नाबालिगों ने एक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। आरोपियों ने बीच-बचाव कर रही युवक की बहन और पड़ोसी को चाकू मारकर घायल कर दिया।

घटना को अंजाम देकर आरोपी साथी के साथ भाग गया। लोगों ने घायलों को पास के अस्पताल में लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए वारदात में शामिल एक नाबा. लिग को पकड़ लिया है, जबकि मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए उसके ठिकानों पर दबिश दे रही है। पश्चिम जिला के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पीयूष जैन ने बताया कि रविवार देर रात करीब ३.१५ बजे ख्याला थाना पुलिस को गोबिंद सिंह अस्पताल से तीन लोगों को चाकू मारने की जानक. ारी मिली। सूचना मिलते ही पुलिस अस्पताल पहुंची, जहां पता चला कि रघुवीर नगर निवासी कंवलजीत सिंह (२९) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है।

वहीं उसकी बहन बलजीत कौर (२३) और पड़ोसी कमल कुमार (४७) का इलाज चल रहा था। बलजीत कौर ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उसका भाई कंवलजीत डिलीवरी बॉय का काम करता था। रात में वह घर के तीसरी मंजिल पर मौजूद था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले दो नाबालिग तीसरी मंजिल पर पहुंच गए और उसके भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने लगे। कंवलजीत जान बचाने के लिए सीढ़ियों से बाहर की ओर भागे। नीचे में आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और उन पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर दूसरी मंजिल से वह दौड़कर नीचे आई। इतने में शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाले कमल कुमार भी पहुंचे।

दोनों ने बीच बचाव की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर गुरुद्वारा की ओर भाग गए। पुलिस ने बलजीत कौर के बयान पर हत्या और हत्या का प्रयास का मामला दर्ज कर लिया। जांच पड़ताल में पुलिस को पता चला कि करीब चार महीने पहले रघुवीर नगर निवासी एक नाबालिग ने बलजीत कौर के साथ बदसलूकी की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ गाली गलौज भी की।

इस बात का पता चलने पर कंवलजीत ने आरोपी नाबालिग की पिटाई कर दी। पुलिस ने आस पास के सीसीटीवी कैमरे की जांच कर आरो. पियों की पहचान कर ली। पुलिस ने घटना में शामिल एक नाबालिग आरा. ेपी को सोमवार तड़के इलाके से पकड़ लिया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि कंवलजीत के पिटाई करने से आरोपी नाबालिग काफी नाराज था। वह उससे बदला लेने की साजिश रची। देर रात वह उसके साथ वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मुख्य आरोपी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है।

## मकान तोड़ते समय छज्जा गिरा, मजदूर घायल

**नई दिल्ली।** उत्तम नगर थाना इलाके में मकान को तोड़ते समय मजदूर पर छज्जा गिर गया। इससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल मजदूर ने ठेकेदार और मकान मालिक पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी का आरोप लगाया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल मजदूर धरम राज ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बहराइच के मोतीपुरा गांव के रहने वाले हैं और उत्तम नगर के हस्तसाल में किराये के मकान में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह मकान तोड़ने का काम करते हैं। मकान तोड़ने का काम शुरू करने के दौरान दोपहर करीब २:३० बजे मकान का छज्जा धरम राज पर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन पर छज्जा गिरने से उन्हें कूल्हे और कमर में दर्द के साथ १५-२० मिनट तक बेहोशी की स्थिति रही। उन्हें पहले पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। धरम राज की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिकी में ठेकेदार विमल चौधरी और मकान मालिक दीपक भाटिया पर लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

# हम आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार के हर फैसले के साथः आप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साफ किया है कि आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार द्वारा जो भी कदम उठाए जाएंगे या फैसले लिए जाएंगे, उसमें आम आदमी पार्टी उसके साथ खड़ी है। ष्आपष की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजने के फैसले को सही कदम बताते हुए कहा कि पाकिस्तान में फल-फूल रहे आतंकवाद के बारे विश्व समुदाय को बताना बेहद जरूरी है। विपक्ष को साथ लेकर चलना अच्छी बात है लेकिन पीएम मोदी को सर्वदलीय बैठक और संसद सत्र बुलाकर विपक्ष के उठाए गए सवालों के जवाब देने चाहिए।आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ कोई भी कदम उठाएगी, आम आदमी पार्टी हमेशा उसके साथ खड़ी रहेगी। अब विश्व के तमाम मुल्कों को बताना जरूरी हो गया है कि पाकिस्तान में किस तरह आतंकवाद पनपता है और आतंकवाद की ट्रेनिंग दी जाती है। इस आतंकवाद का खामियाजा भारत के लोगों को भुगतना पड़ता है और इस आतंकवाद में बार-बार भारत के निर्दोष लोगों की जान जाती है।

प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बर सभी विपक्षी पार्टियों को साथ में लेकर कुछ कदम उठाने के बारे में सोचा। यह बहुत अच्छी पहल है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि सारी विपक्षी पार्टियां संसद का विशेष सत्र बुलाने की कब से मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को चाहिए कि वह संसद का विशेष सत्र बुलाएं और सारे मुद्दों पर खुलकर चर्चा हो। यह भी चर्चा करने की जरूरत है कि पिछले ११ सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत सारे देशों का दौरा किया।

# कैबिनेट मंत्री ने बीएसईएस के सीईओ के साथ की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के परिवहन, स्वास्थ्य एवं आईटी मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने बीएसईएस के सीईओ के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की, जिसमें विकासपुरी विधान सभा क्षेत्र में पावर डिस्ट्रीब्यूशन, नए कनेक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि "नए पावर कनेक्शन के आवेदन को जल्द से जल्द निपटाए जाएं और विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर नए बिजली मीटर उपलब्ध कराए जाएं। मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में बंद और खघ्राब स्ट्रीट लाइट्स को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।

मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि सुरक्षित और निर्बाध पावर सप्लाई सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने निर्देश दिए कि हाई-वोल्टेज तारों के पास मौजूद पेड़ों की नियमित छंटाई की जाए ताकि पावर कट होने का खतरा कम हो और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही उन्होंने बीएसईएस अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करें और जहां कहीं भी लटके हुए बिजली के तार दिखें, उन्हें तुरंत ठीक किया जाए। इससे न सिर्फ बिजली की सप्लाई सुचारू बनी रहेगी, बल्कि लोगों की जान-माल की सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। इस दौरान मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने उपभोक्ताओं की बिजली बिल और मीटरिंग से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बीएसईएस को निर्देश दिया कि वह विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में नियमित रूप से विशेष कैम्प्स का आयोजन करे। उन्होंने कहा, "इन कैम्प्स की जानक. ारी लोगों जरुर पहुंचाई जाए, ताकि उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें और उनकी समस्याएं मौके पर ही हल हो जाएं। साथ ही, उन्होंने बीएसईएस को अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने और शिकायत निवारण प्रणाली को बेहतर बनाने के भी निर्देश दिए, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर और प्रभावी समाधान मिल सके।



दिल्ली के कैबिनेट मंत्री विकासपुरी विधानसभा क्षेत्र में पावर डिस्ट्रीब्यूशन पर बीएसईएस के सीईओ के साथ की बैठक कर चर्चा करते हुए।

# ई-रिक्शा में चार्जिंग के दौरान लगी आग, महिला समेत छह बेहोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** फर्श बाजार इलाके में ई-रिक्शा में चार्जिंग के दौरान अचानक आग लग गई। जिसमें महिला-बच्चे सहित ६ लोग बेहोश हो गए। सभी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाएगा जहां एक व्यक्ति सन्नी दो प्रतिशत जल गया है।

कमरे में धुआं भरने से ५ लोग बेहोश हो गए। जिनमें ज्योति, नैना, प्रिया, ज्योति और परी हैं। पुलिस के अनुसार, भीम गली विश्वास नगर में अचानक मकान ग्राउंड फ्लोर पर शॉर्ट सर्किट के चलते अचानक ई-रिक्शा में आग लग गई। जिससे काफी तेज धमाका हुआ और धुआं उठने लगा जिसमें एक ही परिवार ग्राउंड फ्लोर के कमरे में अंदर सो रहे परिवार के ६ लोग बुरी तरह अंदर फंस गए। दमकल अधिकारी दीपक हुडडा ने बताया कि सुबह लगभग साढे तीन बजे उन्होन आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत दमकल की ३ गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। धुएं के अंदर फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक कुत्ता मृत मिला। यह मकान १०० गज में तीन मंजिला बना हुआ है। जिसमें गली में तीन से ३ से ४ ई-रिक्शा खड़े हुए है। जबकि इस ग्राउंड फ्लोर पर ही अंदर वाले कमरे में परिवार के सदस्य सोए हुए थे। कैट्स एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# सेंधमारी में मुख्य आरोपी नौकर निकला, दो सुनार समेत चार पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नेताजी सुभाष पैलेस के कोहाट एंक्लेव इलाके में कारोबारी के घर में सेंधमारी करके २३७ ग्राम हीरे और सोने के गहने आदि चोरी करने की वारदात में शामिल दो जौहरी समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जिनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन,चोरी का सोना और हीरे का सामान बरामद किया है। आरोपियों की पहचान सूरज,चचेरे भाई सौरव,करण दो ज्वैलर्स प्रमोद कुमार सोनी और पवन साहू के रूप में हुई है। २०२३ में प्रमोद कुमार सोनी पहले कोतवाली,अयोध्या में एक हनुमान मंदिर में चोरी के मामले में शामिल था।

मुख्य आरोपी सूरज ने जाली आधार कार्ड का इस्तेमाल करके घरेलू सहायक के रूप में घर में घुसपैठ की थी। वारदात के बाद आरोपियों ने फोन को स्वीच ऑफ कर दिया था। सूरज ने सेंधमारी में आए गहनों में से कुछ गहने अपनी प्रमिका के लिये भी रखे थे। जबकि करण अपनी शादी के लिये गहने का जुगाड़ करने के मकसद से सूरज के साथ जुड़ा था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते २६ अप्रैल की शाम कोहाट एंक्लेव में रहने वाले गौरव ढींगरा और उनका परिवार डिनर करके जब घर वापिस आया। किसी ने उनके घर में तोडफोड़ की गई थी। नौकर सोनू भी गायब था। सोने और हीरे के गहनों के डिब्बे खाली पड़े थे। सोनू से जुड़ा मोबाइल नंबर बंद पाया गया। नेताजी सुभाष प्लेस पुलिस ने मामला दर्ज किया। एसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान की देखरेख में एसएचओ महेश कसाना के निर्देशन में एसआई रोहित चाहर, जितेंद्र,योगेश, एएसआई शशि, हेड कांस्टेबल दरवेश, धर्मराज, अनिल, अंशुल,विशाल, कांस्टेबल और श्यामवीर को आरो. पियों को पकडने का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने शिकायतकर्ता के घर के आसपास लगे सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली,लेकिन उसमें आरोपियों के बारे में कुछ पता नहीं चला। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली गई। सोनू के बारे में पता किया। उसका फोन स्वीच ऑफ था। उसके फोन के सीडीआर की जांच में पता चला कि वह चोरी किया गया कीपैड डिवाइस था, जिसे पहले मोहन गार्डन में चोरी के एक मामले में गुम कर दिया गया था।

यह भी पता चला कि आरोपी ने नौकरी पाने के लिए जाली आधार कार्ड का इस्तेमाल किया था। बिहार के पटना में एक छापे में पुष्टि हुई कि आधार नंबर असली था, लेकिन तस्वीर बदल दी गई थी। इसके अलावा, दूसरे नंबर से जुड़ी इंटरनेट गतिविधि का पता लगाने के लिए आईपीडीआर डेटा की जांच की गई, जिससे सोनू की पहचान और उसके एड्रेस के बारे में पता चला। घरेलू सहायक सोनू की पहचान गोंडा, उत्तर प्रदेश के निवासी सूरज के रूप में हुई। आगे की जांच से पता चला कि अपराध एक पूर्व नियोजित चोरी थी। सूरज को आखिरकार कानपुर में उसकी प्रेमिका के माध्यम से ट्रैक किया गया।

कानपुर देहात में कृषि क्षेत्रों के माध्यम से डेढ किमी का पीछा करने के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। बाद में उसने अपनी प्रेमिका के लिए तीन आभूषण रखने की बात कबूल की, जिसे बरामद कर लिया गया। गौरव को ऑनलाइन टूल देने में मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया। करण को भी उसके ठिकाने से पकड़ा। जबकि गोंडा से ज्वैलर्स, प्रमोद कुमार सोनी और पवन साहू को पकड़ा। जबकि करण को भी उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया।

सूरज ने कारोबारी के घर में घुसने के लिये जाली आधार कार्ड का इस्तेमाल किया। प्लेसमेंट एजेंसियों से संपर्क करने के लिए चोरी किए गए सिम और फोन का इस्तेमाल करना। सूरज ने वारदात करने के लिये कारोबारी का घर इसलिये चुना,क्योकि वहां पर सुरक्षा और सदस्य कम थे। भागने के लिये उसने चोरी की गाड़ी का इस्तेमाल किया। पकड़े जाने से बचने केलिये उसने फोन बंद कर दिये थे।

## आंखों के सूखापन को दूर कर सकता है मां के दूध में मिलने वाला लैक्टोफेरिन

**नई दिल्ली।** मां के दूध में मिलने वाला लैक्टोफेरिन आंखों के सूखापन को दूर कर सकता है। यह खुलासा एम्स के एक शोध में हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है आंखों की सर्जरी, मोबाइल के अत्यधिक इस्तेमाल के कारण आंखों की समस्या बढ़ सकती है। यदि लंबे समय तक आंखों में सूखापन बना रहे तो आंखों में इंफेक्शन, कॉर्निया पर गलत असर या मरीज के आंखों की रोशनी जा सकती है। आंखों में सूखापन का पता तुरंत नहीं चल पाता।



मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में ई दिल्ली के कनाट प्लेस में महिलाओं के साथ पहलगाम के शहीदों के सम्मान में 'सिंदूर यात्रा' निकाली गई।

# भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली सिंदूर यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने आज मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में आज नई दिल्ली के कनाट प्लेस में महिलाओं के साथ पहलगाम के शहीदों के सम्मान में 'सिंदूर यात्रा' निकाली। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वानिथी श्रीनिवासन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी, दिल्ली भाजपा की सह प्रभारी डा. अल्का गुर्जर, सांसद कमलजीत सहरावत आदि ने दिल्ली भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ऋचा पांडेय द्वारा संचालित 'सिंदूर यात्रा' में एकत्र महिलाओं को सम्बोधित किया। दिल्ली भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष योगिता सिंह एवं लता गुप्ता, प्रदेश मंत्री सारिका जैन, दिल्ली महिला मोर्चा महामंत्री प्रियल भारद्वाज, सरिता तोमर एवं वैशाली पोद्दार आदि भी सम्मिलित हुईं। भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्षा वानाथी श्रीनिवासन ने कहा कि महिला मोर्चा कार्यकर्ता पूरे देश भर में सिंदूर यात्रा का आयोजन कर रही हैं। हर जिले और शहर में महिलाएं खुद हाथों में भारतीय तिरंगा लेकर सड़कों पर है जो भारतीय सैनिकों के पराक्रम और शौर्य का प्रतिक है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा आज हम सभी बहनों की ओर से देश की सेना को नमन करते हैं। दिल्ली में निकाली जा रही सिंदूर यात्रा के माध्यम से महिलाएं यह संदेश दे रही है कि आज पूरी दिल्ली की जनता भी देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय सैन्य बलों के साथ खड़ी है।

Truhome FINANCE

## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

माँग सूचना पत्र

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016., Website: www.truhomefinance.in

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वगीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अलावा, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता | सुरक्षित संपत्तियों का संपत्ति पता | मांग नोटिस की तिथि और देय राशि रु. में |
|---|---|---|
| **श्री सत्यबीर पुत्र श्री मेवाराम** शमी एन्क्लेव में घर, शहादोपुर के झाल, बादलपुर, जिला- गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-203201 **इसके अलावा:** प्लॉट नंबर 76, मधुबन एन्क्लेव, गांव- छपरौला, तहसील-दादरी, जिला-गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201009. **इसके अलावा:** ग्राम- मेहराबाद, पश्चिमी मेला बाला बाग, शिकोहाबाद जिला- फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश-205135. **श्रीमती नेमा पत्नी श्री सत्यबीर** ग्राम- मेहराबाद, पश्चिमी मेला बाला बाग, शिकोहाबाद जिला- फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश-205135. **इसके अलावा:** प्लॉट नं. 76, मधुबन एन्क्लेव, ग्राम-छपरौला, तहसील-दादरी, जिला-गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश-201009. ऋण धनराशि- रू. 31,47,012/- लेन:- SHLHGPRK0000758 एनपीए दिनांक:- 06-मई-2025. | वह सभी टुकडे और पार्सल पर सम्पत्ति नंबर आवासीय ओपन प्लॉट नंबर 76, खसरा नंबर 607 केएच, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, मधुबन एन्क्लेव, गांव-छपरौला, तहसील-दादरी, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश। उक्त सीमाऐं:- पूर्व:- प्लॉट नंबर 53 पश्चिम:- 20 फीट चौड़ी सड़क उत्तर:- प्लॉट नंबर 75, रामानंद गौड़ दक्षिण:- प्लॉट नंबर 77 | 13-मई- 2025 रु. 32,77,000/- (रु. बत्तीस लाख सतहत्तर हज़ार मात्र) 07 मई 2025 तक इसके अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि भी शामिल हैं। |

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया राशि का पूरा भुगतान करें, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।
स्थान:- नोएडा
दिनांक:- 20.5.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# पिछले साल लोकनायक अस्पताल में पहुंचे पौने आठ लाख मरीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लोकनायक अस्पताल की इमरजेंसी में उपचार के लिए गंभीर हालत में पहुंचने वालों में युवा सबसे अधिक हैं। कोई सड़क हादसे में घायल होकर तो किसी को लड़ाई-झगड़े के दौरान चोटिल होने समेत अन्य कारणों से अस्पताल में उपचार के लिए लाया जाता है।

रिपोर्ट के अनुसार २१-३० वर्ष की उम्र वालों में ५,०४९ पुरुषों और ८१० महिलाओं को उपचार के लिए अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जबकि ३१-४० वर्ष की उम्र वालों में ३३७७ पुरुष और ५७५ महिलाओं को, ४१-५० वर्ष की उम्र वालों में १७९३ पुरुष और ३३२ महिलाओं को, ५१-६० वर्ष की उम्र वालों में ८६० पुरुषों और २०२ महिलाओं को और उससे अधिक उम्र वालों में ४१९ पुरुषों और १४३ महिलाओं को उपचार के लिए भर्ती कराया गया। इन मामलों में मेडिको लीगल सर्टिफिकेट भी तैयार किया गया। अगर बच्चों में बात की जाए तो ०-१२ वर्ष वालों में १०३९ बच्चे और ७२३ बच्चियां और १३-२० वर्ष की उम्र वालों में १६५० मेल और ४०३ फीमेल शामिल हैं। एमएलसी वाले मामलों में २१-३० वर्ष की उम्र वाले युवा सबसे अधिक है। इसमें सड़क हादसे में चोटिल, लड़ाई-झगड़े के दौरान हुए घायल, किसी दुर्घटना में गंभीर चोट आना और यौन प्रताड़ना सहित कई दूसरे मामलों के लोग उपचार के लिए अस्पताल में आते हैं।

# शिक्षक पर लगा दुष्कर्म का आरोप, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** संगम विहार इलाके में एक छात्रा से कथित तौर पर दुष्कर्म करने के आरोप में २६ वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि १५ वर्षीय पीड़िता कक्षा १० की छात्रा है। उसके साथ शनिवार को आरोपी ने संगम विहार इलाके में अपने आवास पर कथित रूप से दुष्कर्म किया। सरकारी स्कूल में संविदा शिक्षक राज कमल को १८ मई को गिरफ्तार किया गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, श१७ मई को शाम करीब छह बजे पीड़िता ने बताया कि वह बाजार से एक रजिस्टर खरीदने जा रही थी, तभी पास में रहने वाले कमल ने उससे कहा कि उसके घर में एक रजिस्टर है जिसे वह उधार ले सकती है।श अधिकारी ने कहा कि बाद में उसने कथित तौर पर अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म किया।

## उत्तर रेलवे

निविदा सूचना- ई - टेंडरिग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)

| क्र. सं. | निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 32-W-BR-73-53-SIDEPATHWAY Dt. 19.05.25 | अभि. अभि. पुल लाइन/मुरादाबाद के क्षेत्राधिकार के ब्रिज नंबर - 53 SL (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -73 SL (8x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -79 SL (1x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -87 SL (4x18.30 मीटर, ब्रिज नंबर -89 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -90 SL (5x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -91 SL (4x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर-92 SL (8x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर-93 SL (4x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर - 96 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर -98 SL (3x18.30 + 2x9.15 मीटर) और ब्रिज नंबर - 99 SL (3x18.30 मीटर), ब्रिज नंबर - 155 SL (1x45.70 मीटर) के साइड पाथवे का प्रावधान। | ₹ 29866583.93 | ₹ 299300/- |

| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 महीने | निविदा जमा करने व खुलने का समय | दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। |
|---|---|---|---|

नोटः उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1466/25

Truhome FINANCE

## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

माँग सूचना पत्र

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम तल, दरवाजा नं. 5, पुराना नं. 11, द्वितीय लेन, सेनाटोफा रोड, अलवरपेट, तैनाम्पेट, चेन्नई- 600018
**शाखा कार्यालय:** एल1 और एल2, एसबीआई बैंक के ऊपर, गुरुद्वारा रोड, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110016., Website: www.truhomefinance.in

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं ने ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज की अदायगी में चूक की है और उक्त ऋण खातों को गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वगीकृत किया गया है। उन्हें प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पते पर मांग नोटिस जारी किया गया था। उक्त मांग नोटिस के अलावा, उन्हें इस सार्वजनिक नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है।
उधारकर्ताओं, प्रतिभूतियों, बकाया राशि, धारा 13(2) के तहत भेजे गए मांग नोटिस और उसके तहत दावा की गई राशि का विवरण निम्नानुसार है:-

| उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ नाम और पता | सुरक्षित संपत्तियों का संपत्ति पता | मांग नोटिस की तिथि और देय राशि रु. में |
|---|---|---|
| **सुश्री अंकिता जैन पुत्री कुल भूषण जैन** मकान नंबर बी-49, अहिंसा विहार अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110085. **इसके अलावा:** फ्लैट नंबर 233, दूसरी मंजिल, ''द मर्लिन'' ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट नंबर 13/जीएच-1, सेक्टर-13, वसुंधरा, तहसील और जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012. **श्रीमती पूनम जैन पत्नी श्री कुल भूषण जैन** मकान नंबर बी-49, अहिंसा विहार अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110085. **इसके अलावा:** फ्लैट नंबर 233, दूसरी मंजिल, ''द मर्लिन'' ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट नंबर 13/जीएच-1, सेक्टर-13, वसुंधरा, तहसील और जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012. **श्री कुल भूषण जैन पुत्र नेमी चंद जैन** फ्लैट नंबर 233, दूसरी मंजिल, ''द मर्लिन'' ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट नंबर 13/जीएच-1, सेक्टर-13, वसुंधरा, तहसील और जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201012. **इसके अलावा:** मकान नंबर बी-49, अहिंसा विहार अपार्टमेंट, सेक्टर-9, रोहिणी, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110085. ऋण धनराशि- रू. 50,44,622/- लेन :- SHLHGPRK0002061 एनपीए दिनांक- 06-मई-2025. | वह सभी टुकड़े और पार्सल पर सम्पत्ति नंबर फ्लैट नंबर 233, द्वितीय तल, छत के अधिकार के बिना, सुपर एरिया 800 वर्ग फुट, ''द मर्लिन'' ग्रुप हाउसिंग, प्लॉट नंबर 13/जीएच-1, सेक्टर-13, वसुंधरा, तहसील और जिला- गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश। | 13-मई- 2025 रु. 52,10,331/- (रु. बावन लाख दस हज़ार तीन सौ इकतीस मात्र) 07 मई 2025 तक इसके अतिरिक्त ब्याज, आकस्मिक व्यय, लागत आदि भी शामिल हैं। |

इसलिए आप उधारकर्ताओं से अनुरोध है कि आप इस नोटिस के 60 दिनों के भीतर ऊपर बताए गए बकाया राशि का पूरा भुगतान करें, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त प्रतिभूतियों को लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको हमारी सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उपरोक्त संदर्भित प्रतिभूतियों को स्थानांतरित करने से रोका जाता है।
स्थान:- गाजियाबाद
दिनांक:- 20.5.2025
एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

# कार पलटने से आठ घायल, एक की मौत

## परिजनों ने जिला अस्पताल पर किया हंगामा, डॉक्टर व पुलिस पर लगाया अभद्रता का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** हलालपुर गांव से तेहरवीं में शामिल होकर अपने गांव लौट रहे एक परिवार की इक्को गाड़ी पलट गई। हादसे में एक सात वर्षीय किशोर की मौत हो गई और आठ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। परिजनों का आरोप है जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की और कहा कि जब दोनों घायलों को जिला अस्पताल में लाया गया तो डॉक्टरों ने समय से उपचार नहीं किया जिस कारण सात वर्षीय देव की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने शराब पी रखी थी और उपचार करने के बजाय अभद्रता करने लगे । परिजनों ने जिला अस्पताल में जमकर हंगामा


मृतक देव का फाइल फोटो


घायल अंजू का फाइल फोटो

किया और डॉक्टर को बर्खाशित करने की मांग की है। सिंघावाली अहीर क्षेत्र के गांव तेडा में एक भट्टे के निकट ईको कार पलटले से एक सात वर्षीय किशोर देव की जिला अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। मृतक किशोर देवा के परिजनों ने देर रात अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने डॉक्टर और पुलिस पर उचित उपचार न करने का आरा.प लगाया। तेहरवीं से हलालपुर गांव से तेडा गांव जा रहे थे। रास्ते में उनकी इक्को गाड़ी अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। हादसे में सात वर्षीय देव और 28 वर्षीय महिला अंजू की हालत गंभीर थी।



उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही सात वर्षीय देव ने दम तोड़ दिया। रात को मृतक बालक देवा के परिजनों ने इलाज न मिलने पर अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। उनका आरोप है कि न डॉक्टर समय पर पहुंचे और न ही पुलिस ने मदद की। साथ ही डॉक्टर व पुलिस पर अभद्र व्यवहार का आरोप भी लगाया गया है।

## आपसी भाईचारा व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है जनपद: शहर काजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाग़पत।** नगर के पुराना कस्बा स्थित मदरसा अशरफुल उलूम में सीओ हरीश सिंह भदौरिया ने शांति, एकता एवं राष्ट्रीय एकजुटता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शहर काज़ी बागपत कारी हबीबुर्रहमान के साथ बैठक की। इस अवसर पर शहर के बुद्धिजीवी, सामाजिक, धार्मिक व गणमान्य व्यक्ति और स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे।

सीओ हरीश सिंह भदौरिया ने कहा कि नगर में सौहार्द का माहौल बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की अफ़वाह या असामा. जिक तत्वों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है और ऐसे मामलों में तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि हमारे शहर व देश के विकास के लिए आपसी एकता बहुत जरूरी है तथा एक-दूसरे की मदद करने तथा गंगा-जमनी तहज़ीब को बढ़ावा देने से क्षेत्र में खुशहाली का माहौल स्थापित होगा। पुलिस नगरवासियों की सुरक्षा और मदद के लिए सदैव तैयार है। शहर काज़ी कारी हबीबुर्रहमान ने कहा कि पुलिस प्रशासन और शहर के लोगों के बीच इस तरह की चर्चा से आपसी विश्वास और सहयोग मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि शहर के लोग देश के विकास और सुरक्षा के नाम पर एकजुट हैं। बागपत के लोगों ने हमेशा एकता, शांति और गंगा-जमनी तहज़ीब की मिसाल कायम की है, कभी भी माहौल खराब नहीं किया। हमें अफवाहों से दूर रहना चाहिए और किसी भी तरह की गलत सूचना फैलाने से पहले सच्चाई का पता लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और समाज का विकास तभी संभव है, जब हम अपने दिलों में शांति और सद्भाव को जगह देंगे। इस अवसर पर एसओ दीक्षित त्यागी, समाज सेवी वसीम , मुफ्ती एहसान कासमी, अहमद मलिक, कारी मुजीबुर्रहमान, मास्टर फ़िरोज आदि उपस्थित रहे।



## 20 मई को महासभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा प्लेटिनम समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के रविदास छात्रावास में श्रीरविदास महासभा के मीडिया प्रभारी डा.सतेन्द्र कुमार ने बताया कि 20 मई को महासभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा प्लेटिनम समारोह। बताया कि समता मूलक समाज के समर्थक सन्तों में संन्त शिरोमणि सतगुरु रविदास जी के बेगमपुरा को लाने के लिए तथा उनकी एकसाखी को जैसे-ऐसा चाहू राज मैं, जहां मिले सभी को अन्न।

मीडिया प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि उनकी इस साखी को पूरा करने के लिए राजनेता व सांसद नगीना चन्द्रशेखर, नगर पालिका परिषद बडौत की अध्यक्ष बबीता तोमर, अर्जुनदेव भारती अध्यक्ष सचिवालय संघ (लखनऊ), ब्रजपालसिंह बगरौली, विश्व प्रसिद्ध अधरंग (लकवा) रोग विशेषज्ञ मा राजबीर, महीपाल शामली मनचंगा कठौती में गंगा की गुरु सभा प्रविन्द्र धारिया आदि पधार रहे हैं। समारोह की तैयारियों के लिए स्थानीय स्तर पर समिति का गठन किया है।



# तेज रफ्तार कार विद्युत पोल से टकराई, सात घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सोमवार को दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित पाली गांव के निकट एक कार अनियंत्रित होकर विद्युत पोल से टकरा गई। हादसे में कार में सवार सात लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोग एकत्रित हो गए और घायल लोगों को अनन-फनन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से घायलों की हालत गम्भीर देखते हुए उन्हे हायर सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र में बागपत कस्बे के पाली और काठा गांव के निकट गोयल फैक्टरी के समीप एक दर्दनाक हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को बचाने के प्रयास में नियंत्रण खो दिया और कार विद्युत खंभे से टकरा गई। इस दुर्घटना में पुराना कस्बा निवासी चांद, खालिद, आसिफ, सुहेब, तमिल, वासिब और सावेज गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को कार से बाहर निकाला। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। हादसा तब हुआ जब बागपत से दिल्ली की तरफ जा रही कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई। स्वास्थ्य कर्मी घायलों के उपचार में जुटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## जल भराव निकासी कराएजाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जल भराव निकासी कराये जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया और जल भराव की समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग की है।

सोमवार को सिलाना गांव की ग्रामीणो ने जिलाधिकारी को शिकायत करते हुए बताया कि सिलाना गांव में जल निकासी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। गांव में स्थित छोटे तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य मार्ग पर फैल रहा है। इससे आवागमन में परेशानी हो रही है। गांव के बाहर एक बड़ा तालाब है। छोटे तालाब के पानी को बड़े तालाब तक पहुंचाने के लिए 10 फीट की नाली का निर्माण जरूरी है। ग्राम प्रधान आनंदपाल ने नाली निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इस कार्य को रोक दिया। जलभराव की वजह से धार्मिक स्थलों में आने-जाने वाले लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। बार-बार शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस बनी हुई है। बरसात का मौसम नजदीक है। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्राम प्रधान आनंदपाल के अनुसार 10 फीट की नाली बनने से समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से समस्या का समाधान जल्द कराये जाने की मांग की है।

## रात्रि के अंधकार में फल-फूल रहा मिट्टी माफियाओं का साम्राज्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र में एक ऐसा अवैध कारोबार अपनी जड़ें गहराता जा रहा है, जो न केवल कानून व्यवस्था की धज्जियाँ उड़ा रहा है, बल्कि क्षेत्र की शांति, पर्यावरण और आम जनजीवन के लिए एक गंभीर संकट बन चुका है। यह है अवैध मिट्टी खनन जो अब रात के अंधेरे में इतने संगठित और बेलगाम रूप में चल रहा है कि इसे देखकर आम जनता सहमी हुई है और पुलिस प्रशासन पर गुस्से से भर उठी है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छपरौली क्षेत्र के गांवों में दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियाँ हर रात खेतों, से अवैध रूप से मिट्टी निकाल रही हैं।

**.रात होते ही ट्रैक्टर ट्रॉलियों का काल रथ बन जाता है सड़कों पर कहर का प्रतीक**

रात को जैसे ही अंधेरा घिरता है, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों की कतारें सड़कों पर दौड़ने लगती हैं। ये वाहन इतने तेज गति से दौड़ते हैं कि कई बार दुर्घटनाएं होते-होते टल जाती हैं। जनकारी के अनुसार उनमे ज्यादातर ट्रैक्टर न तो पंजीकृत होते हैं न इनके चालकों के पास लाइसेंस होता है और न ही सुरक्षा उपकरण होता है। वे केवल एक ही उद्देश्य से दौड़ते हैं ज्यादा से ज्यादा मिट्टी उठाकर अधिक से अधिक पैसा कमाना।

**.पुलिस की भूमिका पर उठे रहे है सवालख्रचुप्पी, सहमति या मिलीभगत?**

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब कुछ खुलेआम हो रहा है। पुलिस चौंकी से कुछ ही किलोमीटर की दूरी पर मिट्टी से भरी ट्रैक्टर ट्राली रोड पर दौड़ रही हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं होती। सवाल यह उठता है कि क्या पुलिस को इसकी खबर नहीं, क्या रात्री को पुलिस गश्त भी नही करती है,जो इनको यह अवैध रूप से चल रहा कार्य उनको नही दिखाई दे रहा या फिर पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है? कुछ स्थानीय लोगों ने तो यह भी दावा किया है कि खनन माफियो ने पुलिस के साथ सांठगांठ बना रखी है, जिसके बदले उन्हें खुली छूट मिल जाती है और खनन माफिया राजस्व विभाग को मिलीभगत के चलते चुना लगा रहे है। स्थानीय युवाओं और जागरूक नागरिकों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की हैं, जिनमें साफ़ देखा जा सकता है कि कैसे रात के समय दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना किसी भय के दौड़ रही हैं। इसके बावजूद न तो खनन विभाग न पुलिस और न ही जिला प्रशासन ने कोई ठोस कदम उठाया है। यह चुप्पी अब लोगों के बीच संदेह पैदा कर रही है। क्या प्रशासन भी इस अवैध धंधे का हिस्सा बन चुका है? पर्यावरण और भूगर्भीय खतरा मिट्टी की लूट से विनाश की ओर क्षेत्र खनन केवल कानून व्यवस्था का प्रश्न नहीं है, यह क्षेत्र के भविष्य का सवाल है। मिट्टी की इस अंधाधुंध लूट के कारण ज़मीन की उर्वरता घट रही है, जलस्तर तेजी से नीचे गिर रहा है और कुछ स्थानों पर तो पूरे के पूरे खेत गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं, जो जानलेवा साबित हो सकते हैं। खनन इंस्पेक्टर का कहना है कि उनको इसकी जानकारी नही यदि ऐसा कुछ है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## औषधि विभाग की बड़ी कार्रवाई, मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी से मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे औषधि जांच अभियान के तहत सोमवार को नगर की खत्री गढी में औषधि विभाग और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने जबरदस्त कार्रवाई की। इस छापेमारी में तीन मेडिकल स्टोर्स को निशाना बनाया गया, जिन पर दवाइयां बिना बिल के बेचे जाने और लाइसेंस से संबंधित अनियमितताएं पाए जाने के आरोप हैं। इस कार्रवाई से पूरे शहर के मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।


बड़ौत क्षेत्र के खत्री गली स्थित न्यू निक्की मेडिकल स्टोर, विज्ञान मेडिकल स्टोर तथा नॉर्मल होस्टल मार्केट स्थित तोमर मेडिकल स्टोर पर की गई। बागपत और बुलन्दशहर की औषधि विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से छापा मारकर वहां रखी दवाइयों की जांच की। अधिकारियों ने स्टोर संचालकों से दवाओं के बिल और स्टॉक की जानकारी मांगी, लेकिन मौके पर अधिकतर दवाओं का बिल नहीं दिखाया जा सका। बुलन्दशहर औषधि निरीक्षक अनिल आनन्द व बागपत से मोहित कुमार दीप अपनी टीम के साथ छापेमारी करने पहुँचे थे। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि बिना बिल की दवाइयों का विक्रय न सिर्फ गैरकानूनी है बल्कि यह आम जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ भी है। मौके से दवाइयों के सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही जिन मेडिकल स्टोर्स पर नियमों का उल्लंघन पाया गया, उन्हें नोटिस जारी किया गया है और आवश्यक स्पष्टीकरण मांगा गया है। इस छापेमारी अभियान से न केवल मेडिकल कारोबारियों में चिंता बढ़ी है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह सख्त संदेश भी गया है कि नियमों की अवहेलना करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विभाग का कहना है कि ऐसे औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेंगे।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री में हुआ जोरदार धमाका, बाल-बाल बचे लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में कुरैशीयान मौहल्ले में पानी टंकी के पास रविवार देर रात को कस्बे में उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक दुकान में अचानक जोरदार धमाका हुआ। देखते ही देखते चारों ओर धुएं का गुबार फैल गया और अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार यह दुकान एक अवैध मिनी पटाखा फैक्ट्री के रूप में प्रयोग की जा रहा थी, जहां बिना किसी अनुमति के पटाखों का निर्माण किया जा रहा था।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अचानक हुए धमाके से पूरा बस्ती दहल उठी। कई लोगों को लगा कि बड़ा हादसा हो गया है। गनीमत रही कि धमाके में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन पास के मकानों की खिड़कियां और दीवारें तक हिल गईं। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने बताया कि यह अवैध पटाखा फैक्ट्री लंबे समय से चुपचाप चल रही थी, जिसमें कस्बा निवासी एक व्यक्ति त्योहारी सीज़न और शादी-ब्याह में बेचने के लिए पटाखे बनाता था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन को इस अवैध गतिविधि की कोई भनक तक नहीं थी। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह सब बिना मिलीभगत के संभव था? या फिर जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी इस अवैध कारोबार की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई थी? फिलहाल पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और विस्फोट के कारणों की पड़ताल की जा रही है। पूरे कस्बे में दहशत का माहौल है और लोग लगातार यही सवाल कर रहे हैं कि अगर यह धमाका थोड़ा और बड़ा होता तो आज एक बड़ा हादसा घट सकता था। बस्ती के लोगो ने बडी बहादूरी दिखाते हुए समय रहते आग पर काबू पाया नही तो बडी घटना हो सकती थी । स्थानीय निवासियों का कहना है कि कई बार इस दुकान में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई थीं लेकिन कभी किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब यह प्रशासन और पुलिस के लिए गंभीर जांच का विषय बन चुका है। अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन इस मामले में कितनी गहराई से जांच करता है, या मामले को दबाया जाता है। इस मामले में छपरौली थाना प्रभारी देवेश कुमार शर्मा का कहना है कि उन्हें रात में आग लगने की सूचना मिली थी। उनका कहना है कि फैक्ट्री में गत्ते के कारण आग लगी है और पुलिस जांच कर रही है।



## एक नजर

### जिलाधिकारी ने बैठक कर दिए बैंकों को कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मंगलवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना एवं मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में संबंधित विभागों एवं बैंकों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, स्वीकृतियों एवं ऋण वितरण की विस्तृत समीक्षा करते हुए बैंकों के धीमे कार्य निष्पादन पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पात्र युवाओं को समय पर ऋण उपलब्ध कराना बैंकों की जिम्मेदारी है और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत अब तक कुल 391 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 348 आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। जबकि अब तक मात्र 65 आवेदन ही बैंक द्वारा स्वीख्रत हुए हैं 40 आवे. दनों पर ऋण वितरण किया गया है, जिसमें 15.50 लाख मार्जिन मनी वितरित की गई है।इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का निवासी होना चाहिए, जिसकी आयु 21 से 40 वर्ष के बीच हो तथा न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण या समकक्ष और मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से कौशल संबंधित प्रमाणपत्र, डिप्लोमा या डिग्री होनी चाहिए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि संबंधित विभाग एवं बैंक समन्वय बनाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक युवाओं तक इन योजनाओं की जानकारी पहुँचे और वे लाभ प्राप्त कर सकें। साथ ही, उन्होंने बैंकों को चेतावनी दी कि यदि ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रक्रिया में लापरवाही पाई गई, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव ,जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी सहित संबंधित बैंकों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### अखिल भारतीय सैनिक परिषद की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** अखिल भारतीय सैनिक परिषद की एक बैठक सुभाष छिल्लर पटेल नगर बडौत के आवास पर संपन्न हुई। संचालन ओंमकार राठी ने किया। सभा का उदेश्य परिषद् को मजबूत करने नौजवानो को देश प्रेम के लिए जाग्रत देश से बढ़कर कुछ नही। परिषद के अध्यक्ष भगवान की अनुपस्थि में सन1971 की लड़ाई मे पैर गवाने वाले चन्द्र पाल फौजी ने कहा कि हम आज भी मोर्चे पर जाकर दुश्मन को सबक सिखाने को तैयार है। हमारी बहादुर सेना ने जो किया हम उनके साहस को सलाम करते है महामंत्री राजेन्द्र सिंह सुरेन्द्र राठी ने हर गाँव में सभा करने नौजवानों को प्रेरित कर सेना में जाकर शोर्य साहस पराक्रम दिखाए। सचिव रमेश फौजी ने परिषद को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र राठी नरेश पाल देवेन्द्र वायु सेना रविन्द्र सिंह सुरेन्द्र सिंह ने अपने विचार रखे। इस मौके पर उपाध्यक्ष सुभाष छिल्लर दर्जन पर लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाई कार्यक्रम में कुबेर शर्मा अरविन्द विपिन दीपक कुमार उदयवीर ओमवीर मान बिजेंद्र सिंह ओमकार राठी आदि मौजूद रहे।

### दो बस डिपो होने के बावजूद भी लगा रहता बसों का जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में हिंदू युवा वाहिनी कार्यालय पर एक बैठक की गई जिसमें दिल्ली सहारनपुर बस स्टैंड पर रोडवेज डिपो होने के बावजूद बसों द्वारा जाम लगा रहता है। बैठक में जिला प्रभारी आलोक शास्त्री ने कहा कि जनपद बागपत के बड़ौत में दो दो रोडवेज डिपो होने के बावजूद दिल्ली अड्डा बस स्टैंड पर बस रोककर जाम की स्थिति बनी रहती है। हिंदू युवा वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र चौहान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि दिल्ली सहारनपुर बस स्टैंड पर यह स्थिति पैदा हो गई है कि वहां से निकलना भी मुश्किल हो गया है। बड़ौत में दो दो बस डिपो होने बावजूद बसों द्वारा जाम लगाया जाता है। इस पर प्रतिबंध लगाने के लिए दो दिन बाद ए आर एम बड़ौत का घेराव करेगी। हिंदू युवा वाहिनी जनपद बागपत बैठक में राष्ट्रीय सनातन पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरण देव महाराज बड़ौत ब्लॉक अध्यक्ष मोहित उपाध्याय जिला कार्यालय प्रभारी राजीव कुमार जिला सहकार्यालय प्रभारी रवि कश्यप जिला मंत्री सत्येंद्र कुमार बबलु पवार विजय कृष्ण कुमार सूद प्रमोद कुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

### अहिल्या बाई का मनाया 300वां जन्मोत्सव

**बडौत।** विश्व हिंदू महासंघ मातृशक्ति प्रकोष्ठ की जिला संयोजक मीनाक्षी सिसोदिया ने इंडियन पब्लिक इंटर कॉलेज देवनगर बावली रोड पर बालिकाओं द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन अहिल्याबाई होलकर के 300 जन्मोत्सव के श्रृंखला मे कराया जिसमें प्रतियोगिता रखी गई। मीनाक्षी सिसोदिया ने द्वीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया कक्षा 11वीं 12वीं की बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर इंडियन पब्लिक इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजयानन्द ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा रानी अहिल्याबाई होल्कर महान वीरांगना थी। उन्होंने मुगलों द्वारा मंदिरों को शक्तिग्रस्त करने पर मंदिरों की पुनर्जीवन किया।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम गलती से DHARAMVIR SINGH व मेरी जन्म तिथि 1965 दर्ज हो गये है जोकि गलत है जबकि मेरे पैन कार्ड व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्रो मे नाम DHARAMBIR SINGH व मेरी जन्म तिथि 15.07.1965 दर्ज है जोकि सही है भविष्य में मेरे आधार कार्ड मे मेरा सही नाम DHARAMBIR SINGH व मेरी सही जन्म तिथि 15.07.1965 की जाए।

धर्मबीर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम बडका तहसील बडौत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र मोहित से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा।

राजबीर पुत्र सुरेश निवासी ग्राम सूजरा थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

# जीएसटी का प्रशासनिक अधिकारी 45 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर की ट्रैप टीम ने कंप्यूटर रिपेयरिंग कंपनी के व्यापारी की शिकायत पर सोमवार को जीएसटी कार्यालय से प्रशासनिक अधिकारी सतेन्द्र बहादुर सिंह को 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी के खिलाफ नॉलेज पार्क कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। शिकायतकर्ता व्यापारी की मैसर्स रामाटेक नामक फर्म है। जो गांव सलारपुर नोएडा में स्थित है और वर्ष 2016 से कंप्यूटर रिपेयरिंग का कार्य कर रही है। व्यापारी ने बताया कि उसकी फर्म का वैट एवं जीएसटी समय से संबंधित विभाग में जमा किया जाता रहा है। 29 अप्रैल 2025 को शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एक फोन आया, जिसमें फोन करने वाले ने अपना नाम भूदेव बताया और कहा कि वर्ष 2016-17 एवं 2017-18 का एसेसमेंट लंबित है। साथ ही दोनों वर्षों के लिए कुल 4 लाख 55 हजार 840 की बकाया राशि जमा करने को कहा गया। फोन करने वाले ने शिकायतकर्ता को जीएसटी कार्यालय में आकर मिलने को कहा। 9 मई 2025 को जब शिकायतकर्ता कार्यालय पहुंचा तो भूदेव ने उसे बताया कि यदि बकाया राशि नहीं जमा की गई तो कोर्ट व कानूनी कार्रवाई की जाएगी। 13 मई को शिकायतकर्ता सतेंद्र बहादुर सिंह से मिला। सतेंद्र बहादुर सिंह ने फर्म पर 4 लाख 55 हजार 840 की बकाया राशि बताई और कहा कि यदि शिकायतकर्ता 50 हजार की रिश्वत देता है, तो वह यह मामला बिना किसी कार्रवाई के समाप्त कर देगा।

**व्यापारी का फ्रीज कराया था खाता:** जब शिकायतकर्ता ने अपनी आर्थिक असमर्थता



जताई तो अधिकारी ने 45 हजार की राशि तय की और उससे कम में काम करने से साफ इनकार कर दिया। इस बीच शिकायतकर्ता के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा भंगेल के खाता को ईमेल के माध्यम से फ्जि करवा दिया गया। जिससे उसके व्यापारिक लेन-देन पर असर पड़ा और व्यवसाय बाधित हो गया। इस उत्पीड़न से परेशान शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाते हुए सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर से संपर्क किया और पूरा मामला दर्ज कराया। इसके बाद सतर्कता अधिष्ठान ने योजना बनाकर आरोपी अधिक. ारी को रंगे हाथ पकड़ने की तैयारी की। 19 मई को तय योजना के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोपी को 45 हजार की रिश्वत देने के लिए बुलाया और जैसे ही उसने रिश्वत की राशि स्वीकार की। वहीं सतर्कता अधिष्ठान की ट्रैप टीम ने उसे रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

**सतर्कता अधिष्ठान ने कहां दर्ज कराएं शिकायत:** सतर्कता अधिष्ठान मेरठ सेक्टर ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जा रही है। सरकारी कार्यों में किसी भी प्रकार की रिश्वत की मांग करना पूर्णत: अवैध है और यदि कोई भी राजपत्रित,

## कार की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन के पास अज्ञात कार की टक्कर लगने से स्कूटी सवार डिलीवरी ब्वॉय घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के दौरान डिलीवरी ब्वॉय की मौत हो गई। पति के अंतिम संस्कार के बाद पत्नी ने सेक्टर-49 थाने में अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पश्चिम बंगाल के वुंसीहारी निवासी बेबी राय ने पुलिस बताया कि उनकी शादी दीपू सरकार से हुई थी। दोनों शादी के बाद नोएडा चले आए और बरौला में किराये पर रहने लगे। दीपू कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करके परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। दीपू 10 मई की सुबह सेक्टर-76 मेट्रो स्टेशन की तरफ अपनी स्कूटी से सामान की डिलीवरी करने जा रहे थे। वह मेट्रो स्टेशन के पास पहुंचे तो पीछे से तेज रफ्तार कार आई और दीपू की स्कूटी में टक्कर मार दी।

## वन विभाग की नाक के नीचे आम के बाग की अवैध कटाई

**मीरापुर।** कस्बे के पड़ाव चौक के पास बीती रात दर्जनों फलदार आम के पेड़ों की अवैध कटाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कार्रवाई रात के अंधेरे में की गई, जिससे न केवल हरियाली उजड़ी, बल्कि पर्यावरण और जैव विविधता को भी गंभीर क्षति पहुंची है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दो दर्जन से अधिक आम के पेड़ों को काटने के बाद उनके अवशेषों को छुपाने के लिए दिन भर जेसीबी मशीनें चलाई गईं। कटे हुए पेड़ों की जड़ें मिटी में दबाई गई थीं, जिससे साफ प्रतीत होता है कि इस अवैध कृत्य को छुपाने की कोशिश की गई। इस बीच, वन क्षेत्रधिकारी (रेंजर) आरिफ जमाल खान ने दावा किया कि केवल यूकेलिप्टस और अन्य प्रजातियों के तीन पेड़ ही काटे गए हैं। हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों और मीडिया की जांच ने इस दावे को खारिज कर दिया। कटाई का यह समय और तरीका भी सवालों के घेरे में है, क्योंकि गर्मी के मौसम में फलदार पेड़ों की कटाई पर शासन द्वारा सख्त रोक है। आम के पेड़ों पर इस समय फल लगे होते हैं और वे पक्षियों के लिए प्राकृतिक आवास भी होते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि कटाई के बाद कई पक्षियों के मृत शरीर पेड़ों के आसपास देखे गए, जिससे इस कार्रवाई की क्रूरता सामने आती है। पर्यावरणविदों का कहना है कि यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए गंभीर संकट पैदा करने वाला कदम है। हरियाली के साथ पक्षियों और अन्य वन्य जीवों का प्राख्रतिक आवास समाप्त हो रहा है, जिससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर गहरा असर पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेताया है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो मीरापुर की हरियाली और जैविक संपदा हमेशा के लिए समाप्त हो सकती है।

## जंगल में मिली युवतियों से पुलिस ने की पूछताछ

**मोरना।** क्षेत्र के बेहड़ा सादात गांव से बाहर जंगल में घूम रही किशो. रियों को संदिग्ध मानकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, पुलिस ने युवतियों से पूछताछ की। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव बेहड़ा सादात के ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर पुलिस को सूचना दी कि चार संदिग्ध युवतियाँ बिजनौर मार्ग पर गांव से बाहर जंगल में हैं। जो आपराधिक घटना करने की फिराक में है। सूचना पर पहुंची पुलिस चारों किशोरियों को थाने ले गई। पूछताछ करने पर उन्होंने पुलिस को बताया कि वे मूलरूप से दिल्ली की रहने वाली हैं तथा उनका परिवार मुज़फ्फरनगर शहर स्थित एक धर्मशाला में रहता है। ककरौली क्षेत्र में भीख मांग कर अपना गुजार-बसर करते हैं। थाना पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद चारों युवतियों को उनके बताए गए पते पर धर्मशाला में भिजवाया गया है।

## अवैध हथियार के साथ युवक की वीडियो वायरल

**मोरना।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है वीडियो से मचा हड़कंप, वायरल वीडियो जिसके मोरना गांव से जुडा बताया जा रहा है जिसमें एक युवक हथियारों का प्रदर्शन करता नजर आ रहा है पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है। सोमवार को सोशल मीडिया पर अवैध असलाह के साथ एक युवक की वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया है वायरल वीडियो में युवक बेहद खतरनाक माने जाने वाले असलाह का प्रदर्शन करा रहा है। आधुनिक हथियार साथ युवक की वीडियो वायरल होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त है क्षेत्रधिकार भोपा डॉक्टर रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि वीडियो संज्ञान में आई है जांच कर कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने दे वारंटियों को भेजा जेल

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने अलग अलग स्थानों से विभिन्न अपराधिक मामलों में वांछित चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बुढ़ाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी मनोज पुत्र मलखान निवासी मौहल्ला पछाला पूर्वी बुढाना को उसके मकान से अरेस्ट किया है जबकि परासौली पुलिस चौकी के प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने हैड कांस्टेबल राजकुमार और कांस्टेबल जितेंद्र कुमार की मदद से एक अन्य वारंटी गुलाब पुत्र बनी सिंह निवासी ग्राम हरियाखेडा बुढाना को उसके घर से गिरफ्तार करने के बाद जेल भेज दिया है।

## सड़क हादसे में दंपति और बेटा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सनवर्ल्ड अरिस्टा सोसाइटी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति और उनका बेटा घायल हो गया। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस से की। शिकायत में सेक्टर-168 स्थित पारस सीजन सोसाइटी के टावर संख्या-5 में रहने वाले रोहित कुमार ने बताया कि 10 मई को रात आठ बजकर 45 मिनट पर वह अपनी पत्नी और बच्चे को लेकर घर से वाजिदपुर स्थित शनि मार्केट जा रहे थे। सनवर्ल्ड सोसाइटी के तिराहे के पास रोहित पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रोहित, उनकी पत्नी और बच्चा नीचे गिर गए। तीनों को चोटें आईं। राहगीरों की मदद से तीनों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में शिकायतकर्ता की बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों को अस्पताल पहुंच. ाने की बजाय आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने बाइक में टक्कर मारने वाली कार का नंबर भी पुलिस को उपलब्ध कराया है। नंबर के आधार पर पुलिस वाहन और आरा. ेपी चालक की तलाश कर रही है।

## डेटिंग ऐप के जरिए ब्लैकमेल और लूटपाट करने वाले गैंग का पर्दाफाश, चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दादरी पुलिस ने श्ग्राइंडर गे डेटिंग ऐपश से लोगों को फंसाकर रुपए ऐंठने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गैंग के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से अवैध हथियार और एक आईफोन बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे ग्राइंडर गे ऐप के जरिए समलैंगिक पुरुषों को मिलने के बहाने बुलाते थे। फिर उन्हें अवैध हथियार दिखाकर डराते और उनके मोबाइल से यूपीआई ट्रांजैक्शन के ज़रिए पैसे ऐंठते थे। पुलिस के अनुसार, 17 अप्रैल को इस गैंग ने एक व्यक्ति को स्टेलर जिमखाना सोसाइटी (नॉलेज पार्क) के पास से अपनी कार में बैठाया और अवैध हथियार दिखाकर धमकाया। इसके बाद उससे 79,000 रुपये बार यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करवाए। इस रकम से आरोपियों ने एक काले रंग का आईफोन 15 प्रो (कीमत 64000) खरीदा और 15000 नकद रखा। इसके अलावा, पीड़ित से 24500 एक कैफे के बार कोड पर ट्रांसफर करवाकर बाद में नकद निकाल लिया। गिरफ्तार किए गए आरो. पियों ने हापुड़ में भी इसी तरह की एक वारदात को अंजाम दिया, जिसमें 25000 रुपए और एक सोने की चेन लूटी गई थी। पुलिस को शक है कि इनसे जुड़ी और भी वारदातें हो सकती हैं, जिसकी जांच की जा रही है।

**चारों आरोपियों का पहले भी केस दर्ज**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरो. पियों की पहचान एस्कोर्ट कॉलोनी, दादरी निवासी दक्ष उर्फ कप्तान (ग्राम गढ़ी, दादरी निवासी भूपेन्द्र उर्फ भूप्पी (ग्राम धतूरी, सलेमपुर (बुलंदशहर) निवासी और वर्तमान में सूरज विहार कॉलोनी, दादरी में रहने वाले जय राघव, तथा मोहल्ला न्यादरगंज, दादरी निवासी हनी के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त दक्ष के पास से एक तमंचा (.315 बोर), भूपेन्द्र और जय राघव के पास से दो अवैध चाकू और घटना से जुड़ा एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। चारों आरोपियों पर पहले भी विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें शस्त्र अधिनियम, लूटपाट, चोरी और धमकाने जैसी गंभीर धाराएं शामिल हैं। थाना दादरी पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को साइबर निगरानी और गुप्त सूचना के आधार पर अंजाम दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने टीम को इस सफलता के लिए सराहा है और अन्य संभावित पीड़ितों से आगे आकर शिकायत दर्ज कराने की अपील की है।

## अब गांव के बच्चे भी चलाएंगे कंप्यूटर: कपिल देव

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी क्लब संस्कृति द्वारा कंपोजिट विद्यालय, बीबीपुर में एक अत्याधुनिक कंप्यूटर लैब का लोकार्पण किया गया। यह लैब Shri Tirupati Infotech के सहयोग से स्थापित की गई है, जिसके स्वामी रोटेरियन संजीव जिंदल हैं।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन प्रशांत जैन एवं क्लब सचिव रोटेरियन संजीव जिंदल की दूरदृष्टि, सेवा भावना और प्रतिबद्धता के कारण ही यह परियोजना साकार हो सकी। इन दोनों के अथक प्रयासों की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा की ऐसी पहलें न केवल बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाएंगी, बल्कि समाज को भी आगे ले जाएंगी। रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए नितिन कुमार अग्रवाल (मुरादाबाद) ने कहा कि रोटरी क्लबसंस्कृति ने जिस तरह तकनीक को गांव तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया है, वह पूरे ज़िले के लिए गर्व की बात है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में रोटेरियन सुशील साहू और रोटेरियन अनिल सोबती उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन डॉ. गौरव पाठक ने कुशलता से किया। क्लब के कोषाध्यक्ष रोटेरियन संजीव मित्तल, सदस्य सक्षम गर्ग, तथा नगर के विभिन्न क्लबों से सुनील अग्रवाल, रविन्द्र सिंह नियम शर्मा, डॉ. नितिन जैन, बीबीपुर के सभासद व अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे। कंप्यूटर लैब प्रोजेक्ट के चेयरमैन पूर्व अध्यक्ष संदीप मित्तल, पूर्व अध्यक्ष गौरव पाठक एवं रोटेरियन सोनिया जैन रहे, जिनके मार्गदर्शन में यह योजना सफलतापूर्वक पूरी हुई।

### हमलावर बना रहे हैं समझौते का दबाव

**मुजफ्फरनगर।** सहावली गांव निवासी नितिन ने मुकदमा दर्ज कराया कि गांव के ही रजनीश आदि से रंजिश चली आ रही है। पहले मारपीट की थी। उसका मुकदमा दर्ज हुआ था। 14 अप्रेल को वह रात में सामान लेने जाते समय उसके साथ आरोपियों ने दोबारा से जानलेवा हमला कर मारपीट कर दी। दो दिन बाद गांव में ही एक व्यक्ति के घर समझौते के लिए सुबह बुलाया गया। वहां आरोपी पहले से मौजूद थे। उन्होंने पीड़ित नितिन के पिता, मां व चाचा के साथ मारपीट की। नई मंडी कोतवाली पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि कार्रवाई शुरू कर दी है।

## निर्माणाधीन दीवार गिरने से छह साल के बच्चे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सैनी गांव में सोमवार को एक हादसे में छह वर्षीय मासूम की जान चली गई। मासूम अपने घर से पास की दुकान पर सामान लेने गया था, तभी रास्ते में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार अचानक गिर गई।

दीवार की ईंटें मासूम पर आ गिरीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में मातम पसरा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ईकोटेक-3 कोतवाली मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सैनी गांव निवासी जान मोहम्मद का छह वर्षीय पुत्र आहान सोमवार दोपहर घर से कुछ सामान लेने के लिए पास की दुकान जा रहा था। इसी दौरान एक मकान के पास से गुजरते वक्त हादसा हुआ। गांव में एक व्यक्ति अपने मकान के पहले तल का निर्माण करा रहे हैं। निर्माणाधीन मकान के सामने एक चार इंच की दीवार खड़ी की गई थी, जिसके पास दीवार से सटी हुई कुछ बल्ली छत पर रखी थी। अचानक बल्ली का संतुलन बिगड़ा और उसके वजन से दीवार खिसक गई, जिससे वह आहान पर गिर गई। स्थानीय लोग आनन-फानन में बच्चे को पास के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के बाद मकान मालिक को हिरासत में लिया। हालांकि बच्चे के परिजनों ने कोई कानूनी कार्रवाई कराने से इनकार कर दिया और पोस्टमार्टम भी नहीं कराया गया। एसीपी सेंट्रल नोएडा बीएस वीर ने बताया कि मामले में अब तक कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में शिकायत नहीं मिली है। शिकायत के बाद ही कोई कार्रवाई की जाएगी।

## ब्राह्मण समाज के मेधावी बच्चे हुए सम्मानित

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन एक सादे समारोह में कस्बा बुढ़ाना मे ब्राह्मण समाज बुढ़ाना के द्वारा सीबीएसई बोर्ड मे 12वीं क्लास में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले होनहार ब्राह्मणों के बच्चों को सम्मानित कर उनका हौंसला बढ़ाया गया। मेधावी बच्चे पुरुस्कार पाकर खुश हुए और आगामी समय शत प्रतिशत अंक लाने की बात कही गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से संजय शर्मा, मुकेश शर्मा अध्यक्ष बुढाना ब्राह्मण समाज, पुनीत शर्मा और अशोक शर्मा सहित ब्राह्मण समाज के अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## सात दिवसीय आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शुरू



**शाहपुर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवम यूनानी अधिकारी मुजफ्फरनगर डॉ. इसमपाल के निर्देशन में आयुष विभाग द्वारा स्वामी कल्याण देव कन्या इन्टर कालेज काकड़ा में सात दिवसीय चिकित्सा योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्य मंजुला मलिक ने फीता काटकर किया। शिविर में लगभग 130 छात्रएँ उपस्थित रहीं। वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ. अरविन्द कुमार व डं. अर्जुन सिंह द्वारा छात्रओं को चिकित्सा परामर्श, चिकित्सालयों में उपलब्ध सुविधाओं व आयुष विभाग की योजनाओं के बारे में बताया गया। योगाचार्य विनीत कुमार व योगाचार्य पूजा द्वारा सभी छात्रओं को योग कराया गया। शिविर में मीनाक्षी रानी (स.अ), कु. अंजलि (स.अ), कु.काजल (स.अ), कु. रविना (स.अ) आदि अध्यापिकाये उपस्थित रहे।

## तीन मेधावी बच्चों का किया सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल रूडकी रोड, मुज़फ्फरनगर के प्रधानाचार्य संजय लखेड़ा ने बताया कि कक्षा 12 के कामर्स वर्ग में काहन शर्मा ने 98.2 प्रतिशत, कु. मनस्वी त्यागी ने 96.6 प्रतिशत तथा कु. वंशिका रानी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। विज्ञानं वर्ग में कु. जानवी त्यागी ने 82.6 प्रतिशत कु. आयुषी ने 81.6 प्रतिशत और वंशु पुंडीर ने 80.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कक्षा 10 में कु. आशी जैन ने 96 प्रतिशत, कु. छवि शर्मा ने 91.6 प्रतिशत तथा मैलका खान ने 91.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किये।










## एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** आज सोमवार के दिन बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला नई बस्ती में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। जिसमें पाट्ह्र को ग्राम स्तर तक मजबूत करने, जिला पंचायत के आगामी चुनाव को लेकर, आगामी 25 मई को होने वाली समीक्षा बैठक और आगामी 14 जून को राज्य स्तरीय सम्मेलन को लेकर जोरदार चर्चा की गयी। मीटिंग में आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पाटी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी का फूल मलाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान यहां मीटिंग में मुख्य रूप से आल इंडिया मजलिस इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी, युवा आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद. ुल मुस्लिमीन के जिला अध्यक्ष रमीज माविया, जिला मुख्य महासचिव मौलाना अब्दुल माजिद, बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आजम फारुकी, बुढाना ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज अब्दुल गफ्फार, विधानसभा सचिव अदनान खान, विधानसभा क्षेत्र सचिव सालिम राणा, विधानसभा महासचिव साकिब राणा, बुढ़ाना विधानसभा कोषाध्यक्ष अब्दुल कादिर, बुढ़ाना नगर अध्यक्ष काजी फहीम, सफीपुर पटी के ग्राम अध्यक्ष फैज कुरैशी और रिहान मलिक सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## सक्रियता बढ़ाएं समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता : ज़िया चौधरी

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि आने वाले वक्त में जनता के हितों के लिए संघर्ष व सक्रियता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण मीटिंग सपा कार्यालय महावीर चौक पर जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी एडवोकेट की अध्यक्षता व जिला महासचिव चौधरी विकिल गोल्डी अहलावत के संचालन में संपन्न हुई।

मीटिंग में मौजूद विधानसभा अध्यक्षों, नगर अध्यक्षों व प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ज़िया चौधरी ने कहा कि हाईकमान के निर्देशानुसार सभी विधान सभाओं के अध्यक्षों व नगर अध्यक्षों तथा प्रकोष्ठों के सभी जिलाध्यक्षों को तत्काल अपनी मजबूत कार्यकारिणी गठन के साथ अपनी मासिक बैठक को अनिवार्य रूप से करके सक्रियता बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में विफल भाजपा सरकार से त्रस्त जनता के हितों के लिए संघर्ष के लिए सभी कार्यकर्ताओं को सक्रियता व मजबूती बढ़ानी होगी।

मीटिंग में पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी जिला उपाध्यक्ष सोमपाल सिंह कोरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश पाल सिंह प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन, इमलाक प्रधान, समाजवादी यूवजन सभा जिलाध्यक्ष कपिल मलिक, समाजवादी लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष टीटू पाल रमन, मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष राशिद मलिक, समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर, समाजवादी अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष अब्दुल्ला कुरैशी, समा. जवादी मजदूर सभा जिलाध्यक्ष नासिर राणा, समाजवादी महिला सभा जिलाध्यक्ष सुषमा सैनी, समाजवादी अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष संदीप डबास, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह एडवोकेट, सपा विधानसभा अध्यक्ष मुजफ्फरनगर डॉ अविनाश कपिल



बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान, खतौली विधानसभा अध्यक्ष पंडित सत्यदेव शर्मा, पुरकाजी विधानसभा अध्यक्ष सतबीर त्यागी, चरथावल विधानसभा अध्यक्ष इमरोज पायलट, नगर अध्यक्ष खतौली काजी इरफान, नगर अध्यक्ष शाहपुर शाहिद कुरैशी, नगर अध्यक्ष भोकरहेड़ी डॉ अलीशेर अंसारी, समाजवादी अनुसूा. चत जाति जनजाति प्रकोष्ठ महानगर अध्यक्ष तरूण सौदे एडवोकेट समा. जवादी मजदूर सभा प्रदेश सचिव हनीफ इदरीसी, पूर्व जिलाध्यक्ष समा. जवादी अल्पसंख्यक सभा डॉ इसरार अल्वी, जिला महासचिव मजदूर सभा रामपाल सिंह पाल, हुसैन राणा, राशिद जैदी, प्रदीप डबास, अमित राठी, गगन बालियान, आकाश बालियान सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चौरावाला में मेधावियों का किया सम्मान

**मोरना।** गांव चौरावाला में प्रसिद्ध समाजसेवी डॉ. संजीव कुमार उर्फ संजु शर्मा द्वारा यूपी पुलिस में चयनित युवाओं और विभिन्न स्कूल कॉलेजों के मेधावियों छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथियों ने युवाओं को फूलमाला पहनाकर, प्रतीक चिन्ह व मैडल देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम का शुभाम्भ मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी व प्रसिद्ध कथाव्यास आचार्य कृष्ण शास्त्री ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया। अमित राठी ने कहा कि देश व प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं को सुलभ व समान शिक्षा के अवसर प्रदान कर रही है।रोजगार परक शिक्षा पाकर युवा अपना भविष्य बना रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओ का उत्साहवर्धन करने से अन्य बच्चे भी प्रेरित होंगे।युवा लक्ष्य बनाकर परिश्रम करें सफलता अवश्य मिलेंगी। डॉ. संजू शर्मा ने कहा की ग्रामीण क्षेत्र मे भी आज बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।इस प्रकार के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे। प्रधानाचार्य पंकज माहेश्वरी ने कहा की परिवार मे शिक्षा ओर सम्मान का वातावरण बनाकर बच्चो को उच्च संस्कार प्रदान करें।जिससे बच्चों का आचरण उच्च बनेगा। सम्मान समारोह में किसान मजदूर इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा शालू, मुस्कान व आकाश, इंटरमीडिएट में रेणू, रवि, जूली ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राथमिक विद्यालय चौरावाला में पुलकित धीमान, बुशरा, अलफिजा, डॉ. अम्बेडकर पब्लिक स्कूल चौरावाला में संध्या, विक्रांत, लक्ष्य, श्री वासु पब्लिक स्कूल चौरावाला में आतिफ, यश कुमार, अनिका, शान्ति निकेतन पब्लिक स्कूल चौरावाला में आकाश कुमार, वंश कुमार, यश कुमार, कृष्णा पब्लिक स्कूल चौरावाला में अफिया, लक्ष्य, शरणजीत ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं यूपी पुलिस में चयनित रोबिन कुमार, शुभम, आकाश, गुंजन सोनू को फूलमाला व पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में विनोद कुमार, सुभाष बाबू, प्रवीण कुमार, सुमित कुमार, गौरव कुमार, श्रीमती वंदना शर्मा, राहुल कुमार, संतोष कुमार, ब्रहमसिंह, तेजवीर सिंह आदि अध्यापक अध्यापिकाओं को पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आदि युवाओं को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र व मैडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अरूण पाल, जयकरण गुर्जर, सोनू शर्मा, मोन्टी शर्मा, पवन शर्मा, ऋतिक शर्मा आदि मौजूद रहे।



## अंडर 17 कुश्ती स्टेट चैम्पियनशिप का शुभारंभ

**बुढ़ाना।** कुलदीप बालियान स्पोर्टस स्टेडियम बुढ़ाना में सोमवार को तीन दिवसीय अंडर 17 कुश्ती स्टेट चैम्पियनशिप का आयोजन शुरु हुआ। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत और पूर्व मंत्री चौधरी अजीत सिंह की याद में आयोजित स्टेट चौम्पियनघशिप का उद्घाटन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने किया। प्रतियोगिता में पहले दिन 10 विभिन्न भार वर्ग की बालिकाओं ने अपना-अपना जोश दिखाया। 46 किलोग्राम भार वर्ग में अंचल वाराणसी प्रथम, श्रृष्टी मेरठ दूसरे तथा आजमगढ़ की प्रीति तीसरे स्थान पर रही। 73 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ की इतिशा पहले, वाराणसी की जाहनवी दूसरे तथा बीएचयू की पायल तीसरे स्थान पर रही। 69 किलोग्राम भार वर्ग में अंघशिका पहले, मेरठ की सलोनी दूसरे तथा गौतमबुद्धनगर की वंघशिका तीसरे स्थान पर रही। 57 किलोग्राम भार वर्ग में बागपत की रिया पहले, मेरठ की पायल दूसरे तथा बुलंदशहर की मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। 53 किलोग्राम भार वर्ग में गौतमबुद्धनगर की डोली पहले, वाराणसी की रंजना दूसरे तथा बागपत की पूर्वी तीसरे स्थान पर रही। 49 किलोग्राम भार वर्ग में गाजीपुर की प्रतिभा पहले, बुलंदशहर की अनुष्का दूसरे तथा वाराणसी की अनु तीसरे स्थान पर रही। 61 किलोग्राम भार वर्ग में फिरोजाबाद की शिल्पी पहले, अयोध्या की नेहा दूसरे तथा मेरठ की सिद्धी तीसरे स्थान पर रही। 65 किलोग्राम भार वर्ग में जौनपुर की आस्था पहले, गौतमबुद्धनगर की रेनू दूसरे तथा मोदीनगर की सोना तीसरे स्थान पर रही। 36 से 40 किलोग्राम भार वर्ग में बागपत की तनीशा पहले, प्रीति दूसरे तथा कानपुर की घशिवानी सोनकर तीसरे स्थान पर रही। 43 किलोग्राम भार वर्ग में मेरठ की चारू पहले, गौतमबुद्धनगर की वैष्णवी दूसरे तथा कानपुर की स्वाति तीसरे स्थान पर रही। सभी प्रतिभागियों का कार्यक्रम के आयोजक कुलदीप बालियान ने अपनी टीम के साघ्थ स्वागत किया। सभी विजेता बालिकाओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कुलदीप बालियान ने बताया कि मंगलवार के दिन बालकों की फी स्टाइल चौम्पियनघशिप का आयोजन होगा। इस मौके पर नरेंद्र पंवार, सुरेश चंद उपाध्याय, रविंद्र तथा वीरसैन राठी आदि मौजूद रहे।

## पटाखा फोड़ने वाली पांच बुलट सीज

**मुजफ्फरनगर।** थाना सिविल लाईन पुलिस ने पटाखा फोडनें वाली 5 बुलेट मोटर साईकिलों को सीज किया है और 2 बुलेट मोटर साईकिल का किया चालान इस दौरान पुलिस ने 71 हजार का जुर्माना लगाया है

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पटाखा फोडनें वाली बुलेट मोटर साईकिलों के विरूद्ध चलाये अभियान चलाया गया पुलिस अधिका. रियों को सूचना मिल रही थी कि नगर में पटाखा फोड़ने वाली बुलेट से लोग परेशान हे और बीमारों के लिए ये मौत का सबब भी बन रही हे इसी के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्रधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक सिविल लाईन के नेतृत्व में अभियान चलाया गया तथा सिविल लाईन पुलिस द्वारा 05 बुलेट मोटर साईकिलों को सीज किया गया तथा 02 बुलेट मोटर साईकिल का चालान कर कुल 71000/- रूपये का जुर्माना लगाया गया।

# सरकारी अस्पताल में गंदगी होने से मरीज परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के सरकारी अस्पताल परिसर में गंदगी होने के बावजूद साफ सफाई पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। लोगों को साफ सफाई का संदेश देने वाला स्वास्थ्य विभाग ही जब लापरवाह होगा तो मरीज कैसे स्वस्थ होंगे।

गढ़मुक्तेश्वर के सरकारी अस्पताल में जच्चा बच्चा केंद्र के पास दीवारों के पास गुटके के पीक और गंदगी की भरमार होने से मरीज़ों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में रेबीज इंजेक्शन के रूम समेत अस्पताल के बाहर की साइड में गंदगी को लेकर मरीज़ परेशान है। जिस कारण बदबू अस्पताल तक फैलती है। इससे मरीज कैसे स्वस्थ रहेंगे। इसका अंदाजा सहज रूप से लगाया जा सकता है। अस्पताल में भी कमरों के कोनों पर गंदगी फैली रहती है। लेकिन साफ सफाई की ओर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ध्यान नहीं देते हैं। ऐसे में मरीजों पर खराब असर पड़ रहा है। बार बार मांग के बाद भी साफ सफाई नहीं कराई जा रही है। जिससे अस्पताल में मौजूद मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।





# नए कानून के अन्तर्गत पुलिस ने दोषियों को दिलवाई सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नए कानून के अन्तर्गत दर्ज मुकदमो मे परिक्षेत्र के जनपदो द्वारा प्रभावी पैरवी करने पर इस माह 14 मुकदमो मे न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई।

डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन नये कानून लागू होने के उपरान्त नए कानून के अन्तर्गत दर्ज किये गये मुकदमो मे पुलिस द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय मे प्रभावी पैरवी करने के उपरान्त परिक्षेत्र के जनपद मेरठ व हापुड मे 14 मुकदमो मे न्यायालय द्वारा आरोपियों को सजा सुनाई गयी है। जनपद मेरठ मे चोरी के कुल 8 प्रकरणो मे जिनमे थाना मवाना के 2 प्रकरण तथा थाना नौचन्दी, परता. पुर, पल्लवपुरम, गंगानगर, सदर बाजार व इन्चौली के 1-1 प्रकरण मे न्यायालय द्वारा आरोपियों को कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई गयी है। इसी प्रकार जनपद हापुड मे कुल 6 प्रकरणो मे जिनमे महिला थाना पर पंजीकृत सार्वजनिक स्थान पर अश्लीलता फैलाने से सम्बन्धित 3 मुकदमो मे, थाना बाबूगढ पर दर्ज विस्फोटक पदार्थो के सम्बन्ध मे लापरवाही आचरण से सम्बन्धित 1 मुकदमे मे तथा धार्मिक स्थल के अपमान/नुकसान पहुंचाने से सम्बन्धित 1 मुकदमे मे एवं थाना सिम्भावली पर पदर्ज धार्मिक स्थल के अपमान/नुकसान पहुंचाने से सम्बन्धित 1 मुकदमे मे न्यायालय द्वारा आरोपियों को कारावास व जुर्माने की सजा सुनाई गयी है। उन्होंने बताया कि परिक्षेत्र के सभी जनपद प्रभारी को नए कानून के अन्तर्गत दर्ज मुकदमो मे न्यायालय मे प्रभावी पैरवी कराने व अधिक से अधिक प्रकरणो मे सजा कराने के लिये निर्देशित किया गया है, जिससे नवीन प्रावधानो का त्वरित लाभ पीडितो को न्याय के रुप मे मिल सके।



# गंगा में बाढ़ आने से फसलों की बर्बादी को लेकर भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बरसात के सीजन में आए साल गंगा के उफान से फसलों में होने वाली बर्बादी रो. कने को व्यापक बंदोबस्त न किए जाने पर नाराजगी जताते हुए भाकियू ने फिर से आंदोलन करने की हुंकार भरते हुए सीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।

भाकियू जनशक्ति की बैठक सोमवार को तहसील अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गिल की अध्यक्षता और सरजीत सिंह के संचालन में हुई। जिला अध्यक्ष सुधीर चौधरी ने कहा कि पिछले कई दशकों से खादर क्षेत्र के जंगल में बरसात के दौरान गंगा में ऊान आने से फसलों में बड़े स्तर पर नुकसान होता है, जिससे किसान बुरी तरह कराह उठते हैं। परंतु शासन और प्रशासन द्वारा पीड़ित किसानों को कोई मुआवजा देने की बजाए महज राशन वितरण कर अपने दायित्व की इतिश्री कर ली जाती है।

उन्होंने कहा कि बरसात का सीजन बेहद करीब आता जा रहा है, इसलिए प्रशासनिक स्तर से नालों की सफाई के साथ ही अन्य बंदोबस्त जल्द से जल्द कराने होंगे। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि घरोनी समेत कृषि भूमि के दस्तावेजों से जुड़ीं त्रुटि ठीक कराने को किसान आए दिन तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हो रहे हैं। बैठक में मुनेश यादव, शशांक गुप्ता, धर्मसिंह, रईसुद्दीन, अकरम, सौरभ, मोहित सिंह, लोकेश, करणवीर सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बहादुरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के एक क्लीनिक से मोबाइल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे हैं चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कर के कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।

बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर द्वारा थाना क्षेत्र में स्थित एक क्लीनिक में रख दो मोबाइल फोन चोरी करने की घटना को अंजाम दिया गया था। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। सीसीटीवी के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। क्लीनिक में हुई चोरी की घटना को खुलासा करते हुए मोबाइल फोन चोरी करने वाले चोर इमरान पुत्र कलवा निवासी ग्राम पलवाडा थाना बहादुरगढ जनपद हापुड को पलवाडा मार्ग शराब ठेके के पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल बरामद हुए हैं।

# लाभार्थियों को वितरित किए गए प्रमाण पत्र व सिलाई मशीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** एएआई के सहयोग से सीएसडीआर इंडिया द्वारा चयनित लाभार्थियों को सर्टिफिकेट व सिलाई मशीन एवं ब्यूटी पार्लर सामग्री वितरण कार्यक्रम ब्लॉक कार्यालय में आयोजित किया गया।

सीएसडीआर इंडिया के तत्वावधान में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण एएआई के सहयोग से ब्लॉक कार्यालय में स्वरोजगार को बढ़ावा देने हेतु सिलाई व ब्यूटीशियन कोर्स की ट्रेनिंग पूर्ण करके चयनित लाभार्थियों को सिलाई मशीन एवं ब्यूटी पार्लर सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को स्वरोजगार से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। प्रोग्राम हेड एंड एडमिन मोहम्मद मुस्लिम ने बताया की इस प्रकार का कार्यक्रम न केवल लाभार्थियों को आर्थिक रूप से सबल बनाता है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने में भी सहायक होता है। ऐसी योजनाओं के माध्यम सेइआत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है।



कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को नि:शुल्क सिलाई मशीनें और ब्यूटी पार्लर का सामान वित. रित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक विकास कार्यालय से एडीओ किशन लाल, सीएसडीआर इंडिया से सीनियर बोर्ड मेंबर्स, प्रोग्राम लीड पवन टेलर, मनोज कुमार, रिंकी तोमर, शगुफा खानम, रेनू रानी, मोहम्मद इस्माइल मौजूद रहे।

# आर्य कन्या पाठशाला में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सोमवार को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज हापुड़ में पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती मनाई गई। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे दौड़ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भूमि सागर, आरती, अलीना, निशा परवीन (XII B) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान दीक्षा, खुशी, विशाखा रानी, साक्षी (X E) ने प्राप्त किया। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संजना, रवि कुमार ने द्वितीय स्थान ज्योति, अमरपाल सिंह ने तृतीय स्थान अंशिका चमन सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संयोजन पवन गर्ग द्वारा किया गया। प्रधानाचार्या डा.स्नेह प्रभा ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना गोतम नोडल अधिकारी, सुमन लता व सहायक संगीता, सरोज भारती, संजना का विशेष सहयोग रहा।




# युवक पर जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने थाना क्षेत्र के रविदास चौक पर स्थित शराब के ठेके पर ओवर रेटिंग का विरोध करने पर दलित युवक के साथ धारदार हथियार और बोतल से मारपीट कर जानलेवा हमला करने और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करने के मामले में फरार आरोपी सेल्समेन को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक द्वारा थाने पर तहरीर देते हुए बताया गया था कि थाना क्षेत्र के रविदास चौक स्थित शराब के ठेके पर बियर लेने गया था। ठेके पर ओवर रेटिंग का विरोध करने पर ठेके के सेल्समैन ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए पीड़ित दलित युवक पर धारदार हथियार और बोतल से उसके सर पर हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया था। पीड़ित युवक की तहरीर के आधार पर संबंधित मामले में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। सोमवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी ठेके के सेल्समैन शेरा उर्फ राहुल पुत्र राजेन्द्र सिह निवासी ग्राम गोविन्दपुर थाना किठौर जनपद मेरठ को मीरा की रेती बैरी के बाग के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।



## एक नजर

# विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अंतर्गत दिव्यांग युवक व युवतियों को मिलेगी अनुदान राशि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप हापुड को 12 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत दिव्यांग युवक-युवती को अनुदान राशि दिए जाने का प्रावधान है। जिसके क्रम में शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर 15 हज़ार रूपये तथा युवती के दिव्यांग होने पर 20 हज़ार अथवा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने पर 35 हज़ार रूपये की अनुदान राशि प्रोत्साहन पुरुस्कार स्वरूप प्रदान की जाती है। जिसमे शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की आयु 18 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो। दम्पत्ति में कोई आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण-पत्र जो 40 प्रतिशत से कम न हो। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होगें, जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं चालू वित्तीय वर्ष में हुआ हो। दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु ज़िलें के ऐसे दिव्याग दम्पत्ति जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पन्न हुआ हो के आवेदन पत्र विभागीय पोर्टल http://divyangjan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन कराया जाना है। शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना हेतु इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में विकास खण्डों-नगर निकायों हेतु अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किया जाता है। दिव्यांग शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरुस्कार हेतु लक्ष्य विकास खण्ड हापुड 2, विकास खण्ड सिम्भावली 2, विकास खण्ड गढ़मुक्तेश्वर 2, विकास खण्ड धौलाना 1, नगर पालिका हापुड़ 2, नगर पंचायत बाबूगढ़ 1, नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर 1 तथा नगर पालिका पिलखुवा 1 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# पुलिस ने चोरी की घटना में फरार आरोपी को अवैध हथियार के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने चोरी की घटना में फरार चल रहे चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने चोर के कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटना में फरार चल रहे चोर गुलफाम पुत्र सुक्के उर्फ शमसाद निवासी ग्राम नगलामुसा थाना निवाडी जनपद गाजियाबाद को दिल्ली रोड़ से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# भारतीय सेना के शौर्य पर गढ़ में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा अब तीनों सेनाओं के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाल रही है। सोमवार को गढ़ नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निक. ालते हुए सेना के शौर्य को नमन किया। भाजपा ने देश की सुरक्षा के लिए सीमा पर तैनात सैनिकों के पराक्रम व वीरता की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान विधायक हरेंद्र तेवतिया ने कहा कि आज भारतीय सेना पर सभी गर्व है। उन्होंने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर सिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब जब पाकिस्तान ने आंख दिखाने का काम किया, तब तब भारत ने सबक सिखाने काम किया है। पूर्व मंत्री मदन ने कहा कि पाकिस्तान ने कायरता का परिचय देते हुए पहलगाम में पर्यटकों पर हमला किया था। देश के प्रधानमंत्री की देखरेख में सेना के जवानों ने आप. रेशन सिंदूर के माध्यम से उनको सबक सिखाने काम किया है। नगर पालिका अध्यक्ष राक. श बजरंगी ने कहा कि भारत की सेना का डंका अब विदेश तक बज रहा है। उन्होंने कहा कि सेना ने साबित कर दिया है कि उनसे भिड़ने का नतीजा क्या होता है। इस दौरान सतपाल यादव, दीपक गौड़, आशीष चौधरी, तरूण चौहान, अंकुर सिरोही, पिंकी त्यागी, मनवीर सिंह, दीपक शर्मा, सोनू बाके, अंकुर त्यागी, रणधीर प्रधान आदि मौजूद रहें।



# गंगा किनारे के गांव को गढ़ में जोडने की मांग हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा किनारे वाले जनपद अमरोहा के गांव को गढ़ में जोड़े जाने की मांग करते हुए सामा. जिक संगठन ने इससे होने वाले फायदे गिनाते हुए प्रमुख सचिव को पत्र भेजा।

सामाजिक संगठन मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार निवारण संघ के राष्ट्रीय महासचिव पंकज लोधी ने प्रमुख सचिव के साथ ही डीएम को ज्ञापन दिया है। जिसमें उल्लेख किया है कि गंगा नदी के किनारे हापुड़ की साइड में स्थित जनपद अमरोहा के गांव लठीरा और फरीदपुर एतमाली को गढ़ तहसील, ब्लॉक और थाने से जुड़वाने की मांग की है। पंकज लोधी का कहना है कि एसडीएम धनौरा द्वारा डीएम अमरोहा को 26 जून 2008 को भेजी गई आख्या में उल्लेख किया गया था कि जनपद अमरोहा के उक्त दोनों गांव गंगा नदी के किनारे गढ़ की साइड में स्थित हैं। जिनकी दूरी धनौरा तहसील से करीब 40 किलोमीटर और गढ़ तहसील से महज छह किलोमीटर है। पंकज लोदी का कहना है कि कार्तिक माह में गंगा किनारे प्रतिवर्ष अमरोहा के गांव लठीरा और फरीदपुर में ही मेला भरता है, इसलिए उक्त दोनों गांवों को गढ़ में शामिल करने पर मेला आयोजन से जुड़ीं दिक्कत स्वत ही दूर हो जाएंगी। जनपदीय सीमा विवाद की समस्या भी पूरी तरह दूर हो जाएगी।

# कानून को ताक पर रखकर चले रही मीट की दुकान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड पर रामलीला ग्राउंड में स्थित एके मीट शॉप पर मुर्गे के मीट की बिक्री खुलेआम नियम कानून को ताक में रखकर हो रही है। मुर्गे की दुकान के संचालक पर खराब मुर्गे का मीट बेचने का आरोप भी लगा है। मिली जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी एक युवक ने रामलीला ग्राउंड में स्थित एके मीट शॉप पर खराब मुर्गे का मीट बेचने का आरोप लगाते हुए डीएम से मामले की शिकायत करते हुए एके मीट शॉप की दुकान से मीट और अवशेषों की जांच कराने की मांग की है। डीएम को दिए गए शिकायती पत्र में शिकायतकर्ता द्वारा बताया गया कि शनिवार को समय करीब 4:30 बजे वह दिल्ली रोड पर रामलीला ग्राउंड में स्थित एके मीट शॉप के संचालक अशोक कुमार मुर्गे वाले के यहां से मुर्गे का मीट लेकर आया था। मुर्गे के मीट को लेकर जब वह घर पहुंचा और उसे बनाने के लिए दिया तो उसके परिजनों ने बताया कि उसके द्वारा लाया गया मुर्गे का मीट तो खराब है। जिसमें से बदबू भी आ रही है। इस मुर्गे के मीट को खाने से तो बीमार भी हो सकते हैं। जिस पर युवक द्वारा एके मीट शॉप से लाये गए मुर्गे के मीट को फेंक दिया गया। जिसके बाद डीएम को शिकायती पत्र देते हुए शिकायतकर्ता ने एके मीट शॉप के संचालक अशोक कुमार मुर्गे वाले की दुकान से मीट व अवशेषों की जांच कर एके मीट शॉप के संच. ालक अशोक कुमार मुर्गे वाले के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# मिशन शक्ति के अन्तर्गत बालिकाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन को सशक्त करेगी सरकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** मिशन शक्ति के तहत हुए माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम में महिलाओं ने बड़े उत्साह के साथ भागीदारी करते हुए अपने बच्चों को शिक्षित बनाने में कोई भी कसर बाकी न छोडने का संकल्प लिया।

सिंभावली क्षेत्र के गांव न्याजपुर खैया के कंपोजिट विद्यालय में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत माता उन्मुखीकरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसकी अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान सुशीला देवी द्वारा की गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों की माताओं समेत अन्य महिलाओं द्वारा बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया गया। उन्होंने बताया कि बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सरकार सशक्त करेगी। सिंभावली थाने की पुलिस कर्मी लक्ष्मी और भारती ने स्कूल में पढने वाली बच्चियों को गुड टच, बेड टच, महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के विषय में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा सरक. ारी स्तर से महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाने वाली योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी मुहैया कराई गई। साफ सुथरी वेशभूषा पहनने, रूढ़िवादिता और बाल विवाह से बचना, बालिकाओं का संकोची स्वभाव, लड़कियों में असुरक्षा की भावना, लड़कियों को हर क्षेत्र में पढने और आगे बढ़ाने के अवसर मिलने पर विशेष जोर दिया गया। मीना मंच द्वारा आयोजित गतिविधियों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। महिलाओं ने अपने बच्चों को शिक्षित बनाकर उनका भविष्य उज्जवल करने में कोई भी कसर बाकी न छोडने का संकल्प लिया। प्रधान अध्यापिका चारू शर्मा, सहायक अध्यापक अर्जुन सिंह, प्रतीक भारती, मनोज शर्मा, यशवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मिल कर्मचारियों के साथ जिला. धिकारी ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली चीनी मिल में वेतन कटाने से नाराज कर्मचारियों द्वारा दिए जा रहा धरना सोमवार को भी जारी रहा। हालांकि डीएम ने कर्मचारियों और मिल प्रबंधन को बुलाकर बैठक कर शीघ्र ही निस्तारण किए जाने की बात कहीं है।

चीनी मिल कर्मचरियों ने मिल की ओर से काटे गए वेतन को लेकर धरना दिया जा रहा है। धरना दिए जाने से मिल में मरम्मत कार्य भी बंद हो गया है। कर्मचारियों ने मांगों के पूरा न होने तक धरना जारी रखने की बात कहीं है। सोमवार को डीएम अभिषेक पांडेय ने मिल प्रबंधन और कर्मचारियों के साथ कार्यालय में बैठक की। कर्मचारियों ने डीएम को अपनी मांगों से अवगत कराया। वहीं मिल प्रबंधन ने भी मिल के नियमों और आदेशों के बारे में जानकारी दी। इस दौरान डीएम ने शीघ्र ही अगली बैठक कर समस्या का निस्तारण करने की बात कहीं है। वहीं कर्मचारियों का धरना जारी रहा।

## आवश्यता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़



## ट्रक की टक्कर से बिजली का खंभा क्षतिग्रस्त, आपूर्ति ठप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के झिंझाना रोड स्थित पूर्वी यमुना नहर पुल के निकट एक अज्ञात ट्रक द्वारा विद्युत विभाग के दो खंभों को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर देने से सोमवार को आधे शहर की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भीषण गर्मी के बीच बिजली गुल होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

सोमवार सुबह की बताई जा रही है, जब एक तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक अनियंत्रित होकर नहर पुल के पास लगे दो विद्युत खंभों से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों खंभे क्षतिग्रस्त होकर गिर गए।

जिससे क्षेत्रीय विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। बिजली गुल होने के कारण लोगों को जहां गर्मी में बेहाल रहना पड़ा, वहीं पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया। कई मोहल्लों में सुबह से ही नल नहीं चले, जिससे आमजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई। कड़ी मशक्कत के बाद दोपहर करीब एक बजे के बाद बिजली आपूर्ति आंशिक रूप से बहाल हो सकी। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पूरी व्यवस्था को दुरुस्त करने में कुछ और समय लग सकता है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि घटनास्थल पर उचित संकेतक व ट्रैफिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

## कत्थक नृत्य कर छात्राओं ने बांधा समां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सोमवार को शहर के बीएसएम स्कूल में लखनऊ के प्रतिष्ठित बिरजू महाराज इंस्टिट्यूट से कत्थक प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता का छह दिवसीय कत्थक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढचढकर हिस्सा लिया। सोमवार को कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन छाया सिंह, प्रबंधक सूर्यवीर सिंह, प्रधानाचार्य राहुल चौधरी व प्रशिक्षिका रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता ने किया। उन्होने बताया कि कत्थक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला 19 मई से 24 मई तक प्रतिदिन प्रात: साढे 9 से 12 बजे तक चलेगी। जिसका समापन 25 मई को किया जाएगा। जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थीयों व 10 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाएं व लड़कियां अपनी सीखी गई प्रस्तुतियों का प्रदर्शन करेंगे। रुचि बलूनी ने छात्रों को संबो. धित करते हुए कहा कि किसी भी सांस्कृतिक आयोजन की शुरुआत द्वीप प्रज्वलन से करना न केवल हमारी परंपरा है बल्कि यह ज्ञान, शांति और ऊर्जा का प्रतीक भी है, और कत्थक केवल एक नृत्य नहीं, यह आत्मा अभिव्यक्ति, इतिहास और



परंपरा का समृद्ध संगम है। उन्होंने बताया कि कथक नृत्य की उत्पत्ति प्राचीन भारत में हुई थी और इसका आरंभ वैदिक युग या उससे पहले के समय में माना जाता है। इसकी शुरुआत एक कहानी कहने की परंपरा द्धकथाऋ के रूप में हुई, जिसमें कत्थक नामक व्यक्ति देवी-देवताओं की कथाएं नृत्य और अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत करते थे। उन्होंने लोक नृत्य और शास्त्रीय नृत्य के बीच अंतर बताते हुए कहा कि शास्त्रीय नृत्य अनुशासन और परंपरा का प्रतीक है जबकि लोक नृत्य जीवन की सहजता, उत्सव और सामाजिक संस्कृति का प्रतिबिंब होता है। दोनों ही भारतीय संस्कृति की धरो. हर है। हमें गर्व है कि हम इसे नई पीढ़ी तक पहुंचा रहे हैं। तदुपरांत रुचि बलूनी व उनकी सहायक वंदिता द्वारा कत्थक की सुंदर प्रस्तुतियों के साथ प्रशिक्षण सत्र का आरंभ हुआ, जिसमें छात्रों ने बड़ी रुचि और अनुशासन के साथ भाग लिया। इस कार्यशाला में प्रथम दिवस छात्र-छात्राओं को कत्थक की मूलभूत तकनीकें, हस्त मुद्राएं, ताल, फुटवर्क, पताका हस्त मुद्रा, प्रणाम व गणेश वंदना का प्रारंभिक प्रशिक्षण दिया गया।

### एक नजर

## अवैध हथियार सहित युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए है। सोमवार को एसपी रामसेवक गौतम के निर्देश पर शहर कोतवाली पुलिस ने चौकिंग अभियान चलाया। अभियान में कोतवाली पुलिस ने वाहन चौकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अवैध तमंचा मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पकडे गए अभियुक्त ने अपना नाम सागर पुत्र कंवरपाल निवासी ग्राम मतनावली थाना कांधला बताया। पुलिस ने अभियुक्त से पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया।

## जहर देकर मारने के मामले में वांछित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** विवाहिता को खाने में जहर देकर मारने के मामले में वांछित मीना पत्नी आस मौहम्मद ग्राम सूबरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मृतका की मां की ओर से 17 अप्रैल को पति, सास ससुर सहित पांच लोगों के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। थाना क्षेत्र के गांव सूबरी निवासी विवाहिता नगमा उम्र करीब 23 वर्ष पत्नी त"यब को जहरीले पदार्थ के सेवन से उपचार के दौरान 15 अप्रैल को मौत हो गई थी। मृतका की माता बनो पत्नी वकील निवासी बीबीपुर हटिया ने पुलिस को दी तहरीर में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया था कि पुत्री के खाने में जहर देकर हत्या कर दी है, जिस पर पुलिस ने पति सहित पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था, इसी मामले में पुलिस ने वांछित सास मीना पत्नी आस मौहम्मद ग्राम सूबरी को ऊन रोड से गिरफ्तार किया। पुलिस ने महिला के खिलाफ चालानी कार्यवाही की है।

## नए क्षेत्रों में विद्युत लाइन खिंचवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**कैराना।** समाजसेवी ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में नजदीक विद्युत लाइन नहीं होने के कारण उपभोक्ता की परेशानियों को उजागर करते हुए। समस्याओं के निराकरण के लिए एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सोमवार को निरन्तर तत्पर सामाजिक संगठन के अध्यक्ष शमून उस्मानी ने एसडीएम को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार अर्जुन सिंह को सौंपते हुए बताया कि नगर के न्यू पीरजादगान सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं ग्रामीण में जहां पर विद्युत लाइने नहीं है। वहीं विद्युत उपभोक्ताओं को काफी दूरी से कनेक्शन लेना पड़ रहा है। जिस कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। असुविधा को समाप्त करने और विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की गई।इस दौरान कुर्रत मेहदी, शुएब अंसारी, फैसल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैंक के आला अधिकारियों ने बैंक पहुंचकर शिकायत की जांच की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** अपर सांख्यिकी अधिकारी और असिस्टेंट कमिश्नर की दो सदस्य टीम ने प्रथमा यूपी बैंक में पहुंचकर बैंक मैनेजर पर लगाए गए आरोपों की जांच की तथा उसके बाद शिकायतकर्ताओं से भी बात कर उन्हें भी उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत स्वरोजगार के लिए लोन के इच्छुक क्षेत्र के गांव ऊदपुर निवासी शोकेन्द्र ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक बिडौली शाखा के शाखा प्रबंधक पर रिश्वत मांगने, अभद्र व्यवहार करने और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसने योजना के तहत आवेदन किया था, जिसके बाद शाखा प्रबंधक घर पर सत्यापन के लिए पहुंचे और आवश्यक दस्तावेज 21 मार्च तक तैयार कराने को कहा। शोकेन्द्र के अनुसार उसने 20 मार्च को ही सभी दस्तावेज तैयार कर बैंक में जमा कराने की कोशिश की, लेकिन मैनेजर ने लोन देने से इनकार करते हुए कहा कि किससे पूछकर बनवाए हैं ये कागज?

आरोप है कि बैंक मैनेजर ने कुछ दस्तावेज फाड़ दिए, जिन्हें दोबारा बनवाने में लगभग सात हजार रूपए का खर्च आया। इसके बाद अगले दिन बैंक बुलाया गया, जहां एक घंटे तक इंतजार करवाने के बाद रिश्वत के रूप में कुछ प्रतिशत की मांग की



गई। जब शोकेन्द्र ने इनकार किया तो उसके साथ अभद्रता और धमकी भरा व्यवहार किया गया। पीड़ित ने बताया कि वह निराश होकर टीजीटी परीक्षा की तैयारी में लग गया, लेकिन परीक्षा रद्द हो गई। इसके बाद वह दोबारा बैंक पहुंचा तो शाखा प्रबंधक ने साफ कह दिया कि उसका लोन नहीं होगा।

शनिवार को विकास भवन शामली में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना की मंडलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी। इस दौरान पीड़ित ने अधिकारियों के समक्ष मामला रखा। मौके पर मौजूद सहारनपुर से आई डिप्टी कमिश्नर ने एलडीएम शामली को बैंक मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए, लेकिन एलडीएम शामली और सीडीओ विनय तिवारी ने तत्काल एफआईआर से इनकार करते हुए कहा कि पहले सीसीटीवी फुटेज और कस्टमर से पूछताछ कर मामले की जांच की जाएगी।

जांच के लिए सोमवार को अपर सांख्यिकी अधिकारी मनोज कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर राजेंद्र कुमार बिडौली ब्रांच पहुंचे, लेकिन शिकायतकर्ता शोकेन्द्र का आरोप है कि अधिकारियों ने न तो सीसीटीवी फुटेज देखी और न ही किसी अन्य ग्राहक से शाखा प्रबंधक के व्यवहार को लेकर पूछताछ की। केवल शिकायतकर्ता को बुलाकर उस पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया। अधिकारियों ने कहा कि आपका लोन आठ दिन में पास हो जाएगा, आप शिकायत वापस ले लीजिए, लेकिन शोकेन्द्र ने यह कहकर इंकार कर दिया कि जब तक लोन पास नहीं होता, वह शिकायत वापस नहीं लेगा। इस पूरे मामले में शाखा प्रबंधक से संपर्क करने की कोशिश की गई तो उनसे बात नहीं हो सकी।

## अर्पण पब्लिक स्कूल के योगाचार्य विशाल शर्मा योग रत्न से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** अर्पण पब्लिक स्कूल, थानाभवन में कार्यरत योगाचार्य विशाल शर्मा को राष्ट्रीय योग सेमिनार में ष्योग रत्नष् की उपा. धि से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सेमिनार लखनऊ स्थित गांधी भवन ऑडिटोरियम में 19 मई को आयोजित किया गया था, जिसमें देश के 15 राज्यों से 550 योगाचार्यों ने भाग लिया। विशाल शर्मा, जो जलालाबाद के निवासी हैं और शिवदयाल शर्मा के पुत्र हैं, ने सेमिनार में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह उपाधि प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के निदेशक एवं अध्यक्ष दिनेश दुबे द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। विशाल शर्मा ने वर्ष 2015 में पातंजलि योगपीठ, मैसूर से योग शिक्षा की शुरुआत की और 2019 में ऋषिकेश में उन्नति योग



केंद्र की स्थापना की। उन्होंने भारतीय संस्कृति को आधार बनाकर मिशन पराक्रम (योग शिक्षा एवं प्राचीन आत्मरक्षा पद्धति) के माध्यम से योग को बढ़ावा देना प्रारंभ किया। नवंबर 2024 से वे थानाभवन के अर्पण पब्लिक स्कूल में योग शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं।इससे पूर्व, लगभग एक सप्ताह पूर्व, हिंदू इंटर कॉलेज, नैनीताल में भारत योग स्पोर्ट्स फेडरेशन द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में उन्होंने वरिष्ठ वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। इस उपलब्धि के चलते उन्हें लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार के लिए चयनित किया गया था। विशाल शर्मा ने बताया कि अर्पण पब्लिक स्कूल में बच्चों को शुरुआत से ही योग की शिक्षा दी जा रही है, जिससे वे न केवल शैक्षणिक रूप से, बल्कि शारीरिक रूप से भी मजबूत बन सकें। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग मानते हुए सभी से इसे अपनाने की अपील की।

## दीवार जबरदस्ती खेत में गिराने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** कस्बा बनत निवासी एक व्यक्ति ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर कुछ लोगों पर अपनी दीवार जबरदस्ती खेत में गिराकर फसलों को खुर्दबुर्द करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। कस्बा बनत के मौहल्ला प्रेमनगर निवासी उमरजान पुत्र जफरूद्दीन ने थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विपक्षी दाऊद, जाबिर, आरिफ ने पीडित के चक में अपनी दीवार जबरदस्ती गिरा दी। जिससे खेत में खडी फसल खुर्दबुर्द हो गई। आरोप है कि जब पीडित ने अपनी दीवार का मलवा हटाने को कहा तो उक्त लोगों ने पुत्र आसमौहम्मद को जान से मारने की धमकी दी। कहा कि मेरा पुत्र पुलिस में है, जिससे इनकाउन्टर करा देगा।पीडित ने उक्त लोगों पर अवैध रूप से कृषि भूमि में मैरिज होम बनाने का आरोप लगाते हुए मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है।

## शिक्षण संस्थाओं में मनाई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, थानाभवन में रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डॉ। पूजा मलिक द्वारा रानी अहिल्याबाई होल्कर के प्रेरणादायक जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए की गई।उन्होंने बताया कि रानी अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र के चौड़ी नामक गांव में एक साधारण कृषक परिवार में हुआ था। बचपन से ही वे सरल, सधी हुई और दृढ़ नारी थीं। मात्र 12 वर्ष की आयु में उनका विवाह सूब. ेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव से हुआ। पति और पुत्र के निधन के बाद उन्होंने 1766 में मालवा राज्य की बागडोर संभाली और कुशलता से शासन किया। उन्हें श्राजमाताश के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण, विधवा पुनर्विवाह और महिला शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए।इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश गोयल, विशेष अतिथि पवन, एवं पुलिस प्रशासन से चौकी इंचार्ज इंद्रसेन व मुकेश कुमार की उपस्थिति में छात्राओं को महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में निबंध लेखन, पोस्टर निर्माण, रंगोली, और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। पत्रकार कुमारी पायल कश्यप ने भी रानी अहिल्याबाई के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातें साझा कीं।कार्यक्रम में मती नीलम, मती पूनम गोयल, मती सुमन शर्मा, मती प्रेमलता सैनी, अंशु, मुकुल बिहारी बंसल, मती रिचा, डॉ। गीता सिंह



लाला लाजपत राय कन्या इंटर कॉलेज, थानाभवन



ब्रिगेडियर होशियार सिंह मैमोरियन इंटर कालेज शामली

तथा विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम ने न केवल छात्राओं में जागरूकता बढ़ाई, बल्कि उन्हें ऐतिहासिक नारियों से प्रेरणा लेने का संदेश भी दिया।

**शामली।** शहर के ब्रिगेडियर होशियार सिंह मैमोरियन इंटर कालेज में पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वी जयन्ती बड़े धूमधाम से मनाई गई। सोमवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष बादल गौतम रहे। कार्यक्रम में रानी अहिल्याबाई होल्कर पर आधारित बडी सुन्दर रंगोली छात्र निखिल, आरिन, राजतोमर, समीर आदि द्वारा बनाई गई। जिसमे सहायक अध्यापिका कला जूली त्यागी का योगदान रहा। रंगोली चित्र की मुख्य अतिथि व विद्यालय प्रधानाचार्या डा। नीरा सिंह ने अत्यधिक प्रशंसा की। छात्रों को रानी अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल गोविन्द द्वारा की गई। कार्यक्रम में सुधीर कुमार, रामवीर सिंह गौड, देवेन्द्र कुमार, रवीन्द्र कुमार, दीपक शर्मा, अरुण बालियान आदि मौजूद रहे।




सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली

**शामली।** सोमवार को जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष जयंती के अवसर पर शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में खेल व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने फीता काटकर किया। खेल प्रमुख संदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार ने छात्राओं को जुडो, खो खो, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, ताई कमांडो, बर्फ पानी, शेर बकरी जैसे अनेक खेल खिलाएं। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता में कला प्रमुख सुरभि मित्र ने बालिकाओं से रंग बिरंगी रंगोलियां बनवाई।

खेल प्रतियोगिता में ग्रुप ए ने प्रथम स्थान तथा रंगोली प्रतियोगिता में ग्रुप डी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कविता रानी, अनीता रानी, उपासना रानी, साक्षी रानी, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## एडीएम के विदाई समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली ईंट निर्माता समिति द्वारा सोमवार को एडीएम संतोष कुमार का बरेली स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम को भावपूर्ण विदाई दी। सोमवार को शामली ईंट निर्माता समिति द्वारा थानाभवन के एक बारातघर में एडीएम संतोष कुमार सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र मलिक व एडीएम संतोष कुमार सिंह ने किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने एडीएम के कार्याकाल की सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष भूपेंद्र मलिक, महामंत्री सुनील गोयल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा, लव राणा, अजय सिंघल, रामकुमार, संत कुमार, अनिल, मांगेराम मखमूलपुर, अरशद अहमद, अजय कुमार, प्रदीप पवार आदि मौजूद रहे।

## 21 मई से 30 तक निकलेगी तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कनफेडरेशन का ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि 16 मई शुक्रवार को दिल्ली के बाराखंबा रोड होटल ललित में कनफेडरेश ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की 24 राज्यों के व्यापारी प्रतिनिधियो की संगोष्ठी मैं लिए निर्णय के अनुसार देशभर में व्यापारी तिरंगा यात्रा निकालकर ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन करते हुए देश भर के सभी राज्यों में तिरंगा यात्रा निकालकर देश के वीर सैनिकों को सम्मान देने का कार्य करेंगे इससे देश में यह संदेश जाएगा कि देश का व्यापारी ने केवल आर्थिक मोर्चे पर ही योगदान देता है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और गौरव के मुद्दों पर भी देश के साथ दृढ़ता के साथ खड़ा रहता है इस यात्रा के माध्यम से देश भर में व्यापारियों की एकता व राष्ट्र के प्रति निष्ठा और वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता दर्शाई जाएगी क्योंकि जब देश का व्यापारी बाजारों में सड़कों से होकर तिरंगा लहराता हुआ निकलेगा तो वह दृश्य न केवल देखने लायक होगा बल्कि देशवासियों के दिलों को गर्व से भर देगा देश के व्यापारियों के राष्ट्रीय संगठन द्वारा लिए गए इस निर्णय पर अमल करते हुए प्रदेश के प्रांतीय व्यापारी संगठन पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार ने निर्णयलिया कि उत्तर प्रदेश में प्रदेश के सभी जिलों में वह नगरों में व्यापारी 21से 30 मई तक तिरंगा यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर देश के वीर जवानों का गोरव व मान बढ़ाएंगे शामली में यह तिरंगा यात्रा 21मई बुधवार को साय 4 बजे शामली के सुभाष चौक शिव मूर्ति स्थित व्यापार मंडल के प्रांतीय मुख्यालय से शुरू होगी। इसमें सामाजिक संस्थाएं, धार्मिक संस्थाएं ,सभी व्यापार संगठन, लायंस क्लब, रोटरी क्लब हेल्थ क्लब, खेलकूद संस्थाएं तथा सभी शिक्षण संस्थाएं वे जनपद के व्यापारीभाग लेने हेतु सादर आमंत्रित है।

## असामाजिक तत्वों की पुलिस को दें जानकारी

**झिंझाना।** थाना प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था को लेकर धर्म गुरुओं एवं व्यापारियों सहित क्षेत्र के सम्मानित लोगों के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर माहौल खराब करने वाले असमा. जिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की अपील की गई। सोमवार को संभल मामले में न्यायालय का फैसला आने को लेकर पुलिस अलर्ट रही, जिसको लेकर कोतवाली प्रभारी जितेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा क्षेत्र के धर्म गुरुओं एवं व्यापारियों सहित सम्मानित लोगों के साथ मिटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाले असमाजिक तत्वों की जानकारी पुलिस को देने की अपील के साथ साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की गई। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने एवं माहौल खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर मौलाना तैय्यब, हाफिज अय्यूब, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नौशाद ठेकेदार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद संगल, सुनील बंसल सहित सभासद अनुज गुप्ता, नासिर मलिक, इस्तखार, जीशान, इकराम, जहांगीर आदि क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।



# जीत के साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने उतरेगी सीएसके

● दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है

**नई दिल्ली, वार्ता।** करिश्मायी कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की अगुवाई में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 62वें मुकाबले में मंगलवार को राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ़ जीत के साथ साथ खोया आत्मविश्वास हासिल करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी।

संजू सैमसन के कुशल नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स बेहतरीन बल्लेबाजी फॉर्म की बदौलतर हाल ही में सीएसके पर अपना दबदबा बनाने में सफल रही है और इस मुकाबले में भी उसका इरादा जीत का स्वाद चखने का होगा। दोनों टीमें अब तक अपने अभियान में केवल तीन जीत के साथ प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं। इस प्रकार आईपीएल 2025 का यह मुकाबला इस सीज़न को शानदार तरीके से खत्म करने और अपने चहेते कप्तान की साख को बरकरार रखने का होगा। चेन्नई ने कोलकाता नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराकर अभियान की शुरूआत की थी, लेकिन उनका शीर्ष क्रम अस्थिर रहा। पंजाब किंग्स से दस रन से हारने के बावजूद आरआर ने अपने पिछले दो मैचों में 400 से अधिक रन बनाए हैं और अधिक संतुलित बल्लेबाजी इकाई के तौर पर स्पष्ट दिखाई दी है। दूसरी ओर राजस्थान ने चेन्नई के खिलाफ अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं। यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी और ध्रुव जुरेल जैसे प्रमुख खिलाड़ी बेहतरीन फॉर्म में हैं। उनकी गेंदबाजी चिंता का विषय बनी हुई है, जिसमें तुषार देशपांडे और फजलहक फारुकी पर सफलता दिलाने की जिम्मेदारी है। सीएसके के लिए, युवा सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और शेख रशीद से मजबूत शुरुआत की उम्मीद की जाएगी, जबकि अनुभवी रवींद्र जडेजा, डेवाल्ड ब्रेविस और खुद धोनी मध्य और निचले क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आयेंगे। टीम में गेंदबाजी आक्रमण खलील अहमद और अंशुल कंबोज पर निर्भर करेगा, जबकि स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और जडेजा से किसी भी टर्न का फायदा उठाने की उम्मीद है। दिल्ली का मौसम पूर्वानुमान के मुताबिक बादल छाए रहने की उम्मीद है और सपाट पिच पारंपरिक रूप से बल्लेबाजों के अनुकूल है। पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 के आसपास का स्कोर बनाने की कोशिश करेगी, क्योंकि इस मैदान पर दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल हो जाता है। हालांकि रविवार के मुकाबले में गुजरात टाइटंस ने दिल्ली कैपिटल के 200 रन के लक्ष्य को बिना विकेट खोये आसानी से हासिल कर लिया था। जब दोनों टीमों का सिर्फ सम्मान दांव पर लगा हो, तो सीएसके और आआर प्रशंसकों को एक आखिरी शो देने की कोशिश करेंगे और धोनी के के शानदार आईपीएल सफर का एक और अध्याय हो सकता है।

**सीएसके:** एमएस धोनी (कप्तान-विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, उर्विल पटेल, शेख रशीद, जड़ेजा, डेवाल्ड, अश्विन, अंशुल कंबोज, नूर अहमद, खलील अहमद, मथीशा पथिराना, शिवम (इम्पैक्ट प्लेयर)

**राजस्थान रॉयल्स:** संजू सैमसन (कप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, वानिंदु हसरंगा, क्वेना मफाका, तुषार देशपांडे, आकाश मधवाल, फजलहक फारूकी, शुभम दुबे (इम्पैक्ट प्लेयर) के तौर पर रहेंगे।



## खेल समाचार

### 236 करोड़ से तैयार होगा उत्तर प्रदेश का चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण व विकास कार्यों को भी धरातल पर उतारने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कार्ययोजना के अनुसार, गोरखपुर के ताल नदौर में 236-40 करोड़ रुपए खर्च कर 50 एकड़ भूमि पर 18 महीनों में निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। प्रदेश में यह चौथा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम होगा। प्रदेश में फिलहाल कानपुर व लखनऊ के स्टेडियम में इंटरनेशनल क्रिकेट मैचों का आयोजन होता है, वहीं वाराणसी में निर्माणाधीन इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। गोरखपुर में बनने वाले इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के मुख्य परिसर का निर्माण 45 एकड़ में होगा जबकि 5 एकड़ में अन्य सुविधाओं का विकास होगा। यह स्टेडियम एयरपोर्ट से 23-6 किमी, राप्तीनगर बस अड्डे से 22 किमी तथा गोरखपुर जंक्शन से 20-8 किमी की दूरी पर स्थित होगा तथा उत्तम कनेक्टिविटी को प्रशस्त करने के लिए इसे संपर्क मार्ग के जरिए गोखपुर-वाराणसी हाइवे (एनएच-24) से जोड़ने की तैयारी है। आईसीसी समेत विभिन्न वैश्विक संस्थाओं के मानकों के अनुसार इस 2 मंजिला क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण होगा। इसमें 7 मुख्य पिच व 4 प्रैक्टिस पिच होंगी तथा यह 30 हजार दर्शकों की क्षमता युक्त होगा। यह स्टेडियम मल्टीपर्पज यूज मॉड्यूल पर बनेगा, यानी यहां इंटरनेशनल क्रिकेटिंग इवेंट्स के साथ ही अन्य बड़े कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा सकेगा। गोरखपुर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को ईपीसी मोड पर बनाए जाने की तैयारी है। इसके अंतर्गत स्टेडियम परिसर में एंट्री गेट्स, सिक्योरिटी चेक प्वॉइंट्स, ईस्ट व वेस्ट स्टैंड तथा नॉर्थ व साउथ पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। परिसर में 1500 गाड़ियों की पार्किंग की क्षमता भी होगी। ईस्ट स्टैंड में 14,490 तथा वेस्ट स्टैंड में 14,490 के दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी।

# द्रविड़ ने जुरेल का किया बचाव मैच में चूकने पर अफसोस जताया



● द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, पराग और संजू की तारीफ की

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने दबाव में धैर्य बनाए रखने के लिए युवा बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की प्रशंसा की और इस सीजन में टीम की करीबी हार के बावजूद कठिन परिस्थितियों में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने का श्रेय उन्हें दिया।

रविवार को राजस्थान की हालिया करीबी हार के बाद द्रविड़ ने कहा कि हर एक मैच में वह 13-14 रन प्रति ओवर का पीछा करना आसान नहीं है। उसने वास्तव में अच्छा खेला, भले ही हमने बीच के ओवरों में कई विकेट खो दिए हों। उसने हमें लक्ष्य के करीब पहुंचाया। क्रम में मुश्किल स्थिति में जुरेल के स्वभाव की प्रशंसा करते हुए द्रविड़ ने कहा कि ऐसा नहीं है कि वह सात रन प्रति ओवर की जरूरत के लिए मैदान में उतरा और असफल रहा। यह हमेशा 12-13 रन होता है, कभी-कभी इससे भी ज्यादा। मुझे लगता है कि जुरेल ने हमारे लिए नंबर 5 पर अच्छा प्रदर्शन किया है। इस स्थिति में बल्लेबाजी करना बहुत मुश्किल है। द्रविड़ ने टीम में शामिल युवा भारतीय बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, रियान पराग और संजू सैमसन की तारीफ की और कहा कि हमने प्रतिभा देखी है। आज फिर से, जायसवाल, वैभव, जुरेल, यहां तक कि संजू और रियान की बल्लेबाजी भी देखी। हमारे पास युवा भारतीय बल्लेबाजों का एक मजबूत समूह है। वे एक साल में और बेहतर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्यवंशी और पराग जैसे खिलाड़ियों को घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मैचों के माध्यम से और अधिक अनुभव प्राप्त होगा। द्रविड़ ने कहा कि वैभव भारत अंडर-19 सेटअप की तरह बहुत अधिक क्रिकेट खेलेगा। रियान पराग भी। ये खिलाड़ी पूरे साल कठिन क्रिकेट खेलेंगे।

## बेन स्टोक्स ने चोट से उबरने के लिए शराब छोड़ी



**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने इस साल की शुरुआत में शराब पीना छोड़ दिया था और उन्हे उम्मीद है इससे उनकी चोट से उबरने में मदद मिलेगी। 33 वर्षीय स्टोक्स ने दिसंबर में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के दौरान चोट लगने के बाद अपने बाएं हैमस्ट्रिंग की सर्जरी करवाई थी। शुरू में उन्हें कम से कम तीन महीने के लिए बाहर कर दिया गया था, लेकिन अभी तक उन्होंने काउंटी चैंपियनशिप में डरहम के लिए नहीं खेला है। इंग्लैंड की अंतर्राष्ट्रीय गर्मियों की शुरुआत 22 मई से ट्रेंट ब्रिज में जिम्बाब्वे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ होगी। ऑलराउंडर स्टोक्स को पिछली गर्मियों में द हंड्रेड के दौरान इसी तरह की चोट लगी थी। उन्होने कहा कि अपनी पहली बड़ी चोट के बाद, मुझे उसका सदमा याद है। मैंने सोचा हमने चार या पांच रात पहले थोड़ी शराब पी थी, क्या इससे कोई फर्क पड़ता। इससे कोई मदद नहीं मिलती। फिर मैंने सोचा ठीक है, मुझे जो करना है उसे बदलना होगा। नतीजतन, स्टोक्स ने कहा कि उन्होंने जनवरी की शुरुआत से शराब नहीं पी है।

# अल्काराज के सिर सजा इटैलियन ओपन का ताज

● वर्ल्ड रैंकिंग में दूसरे एलएफान पर पहुंचे सिनर की 26 मैचों की जीता का सिलसिला टूटा

**नई दिल्ली, वार्ता।** कार्लोस अल्कराज इटालियन ओपन के फाइनल में जैनिक सिनर को 7-6 (7/5), 6-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। उनका यह इस सीजन का तीसरा खिताब है। इसके साथ ही वह वर्ल्ड रैंकिंग में सिनर के बाद दूसरे एलएफाान पर पहुंच जाएंगे। मोंटे कार्लो में जीत के बाद अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है।


अल्कराज का यह इस साल का दूसरा मास्टर्स 1000 खिताब है। सिनर के 26 मैचों की जीत का सिल. सिला टूटा सिनर की 26 मैचों की लगातार जीत का सिलसिला टूट गया, जिन्हें पिछली बार भी अल्कराज ने ही चाइना ओपन के फाइनल में हराया था। 2024 की शुरुआत से सिनर को टूर फाइनल में हराने वाले अल्कराज एकमात्र खिलाड़ी हैं। इटालियन ओपन से पहले जैनिक सिनर को अल्काराज ने ही 2024 के शुरुआत में हराया था। जैस्मीन पाओलिनी ने सिंगल्स और डबल्स जीतने वाली खिलाड़ी बनीं जैस्मीन पाओ. लिनी ने मोनिका सेलेस के बाद पहली बार इटालियन ओपन में सिंगल्स और डबल्स दोनों का खिताब जीते। उन्होंने सारा एरानी के साथ मिलकर युगल का खिताब जीता और सिंगल्स में कोको गाफ को हराकर 1985 के बाद रोम में सिगल्स खिताब जीतने वाली पहली इटालियन महिला खिलाड़ी बनीं।



## बरार ने पत्नी को समर्पित किया 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार

**जयपुर, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 22 रन देकर तीन लेने वाले पंजाब किंग्स के गेंदबाज हरप्रीत बरार ने अपना 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार पत्नी को समर्पित किया है। यहां राजस्थान रॉयल्स को 10 रन से शिकस्त देने के बाद प्लेऑफ की दहलीज पर पहुंची पंजाब किंग्स के 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने हरप्रीत बरार ने कहा कि मैं बेहद खुश हूं। मैं यह पुरस्कार अपनी पत्नी को समर्पित करना चाहता हूं क्योंकि यह शादी के बाद मेरा पहला पुरस्कार है। हमने बाएं हाथ के बल्लेबाजों के लिए बहुत अभ्यास किया है और पोंटिंग सर ने भी हमें कहा था कि एक लेफ्टी, लेफ्टी को आउट कर सकता है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी और वह बल्लेबाजी कर रहे थे, हमारी योजना यही थी कि हम उन्हें खराब गेंद ना करें। सुनील जोशी सर के साथ बहुत काम आया है और उन्हें मुझे क्रीज का इस्तेमाल करने और बल्लेबाज को रीड करने में मेरी बेहद मदद की है।

## आदिल राशिद ने इंग्लैंड के नए कप्तान के रूप में ब्रूक का किया समर्थन



■ हैरी ब्रूक विंडीज के खिलाफ पहली बार टीम की कमान संभालेंगे

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के वरिष्ठ स्पिनर आदिल राशिद ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अपनी पहली सीरीज से पहले नए कप्तान हैरी ब्रूक का समर्थन किया है। इंग्लैंड के लिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में एक नया युग शुरू हो रहा है, हैरी ब्रूक 29 मई से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली आगामी एकदिवसीय श्रृंखला के दौरान पहली बार कप्तानी संभालेंगे। इंग्लैंड की टीम हाल के वर्षों में एक बदलाव के दौर से गुजर रही है। 2019 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप की जीत और 2022 टी20 विश्व कप की जीत के बाद, हाल ही में सफलता उनके हाथ नहीं लगी है। आईसीसी टूर्नामेंटों में उनके प्रदर्शन में उल्लेखनीय गिरावट आई है, 2023 क्रिकेट विश्व कप में वे सातवें स्थान पर रहे और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में वे जीत दर्ज नहीं कर पाए। जोस बटलर के पद छोड़ने के फैसले के बाद, 26 वर्षीय हैरी ब्रूक को इंग्लैंड के टेस्ट क्रिकेट का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीनियर खिलाड़ी पूरी तरह से उनके साथ हैं, आदिल राशिद को पूरा भरोसा है कि ब्रूक टीम को आगे ले जाने के लिए सही व्यक्ति हैं। पीए न्यूज एजेंसी से बात करते हुए राशिद ने कहा, ह मुझे यकीन है कि वह तैयार हैं, लेकिन जब कोई कप्तानी संभालता है तो यह रातों-रात नहीं होता। उनके पास समय है, उन्होंने अब तक जो किया है, उसमें उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे यकीन

# सीरीज कब्जाना बांग्लादेश का लक्ष्य



■ लिटन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में टीम और भी आक्रामक होकर खेले

**शारजाह, वार्ता।** बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास ने अपनी टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुये कहा कि वह सोमवार को यूएई के खिलाफ सीरीज के दूसरे टी-20 मैच में सीरीज पर कब्जा करना चाहते हैं।

शनिवार को सीरीज के पहले मैच में यूएई पर 27 रन से जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश को मैच के अंत में कुछ चिंता. जनक पलों का सामना करना पड़ा था। युवा सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन इमोन के शानदार शतक और उनके गेंदबाजों के परिपक्व प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश ने सीरीज के पहले मैच में जीत दर्ज की, लेकिन दास चाहते हैं कि उनकी कप्तानी में उनकी टीम और भी आक्रामक हो और वे सोमवार को और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं, दास ने कहा कि विकेट बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छा था और इमोन ने जिस तरह से बल्लेबाजी की, वह शानदार थी लेकिन हमें बेहतर प्रदर्शन करना होगा। हम आखिरी तीन ओवरों में ज्यादा रन नहीं बना सके। मैं हमेशा जानता हूं कि मेरे गेंदबाज किसी भी समय वापसी कर सकते हैं, क्योंकि मुझे अपनी गेंदबाजी इकाई पर भरोसा है। इसके साथ ही, यूएई के बल्लेबाजों को भी श्रेय दिया जाना चाहिए। उन्होंने बीच के ओवरों में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की और हमें इससे सीखने की जरूरत है। उन्होने कहा कि यह समझने के लिए कि इस पिच पर किस तरह की गेंदबाजी कारगर साबित होगी। जिस तरह से सभी गेंदबाजों ने गेंदबाजी की और संयम दिखाया, वह प्रभावशाली था। बीच के ओवरों में स्कोर 50-50 लग रहा था, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी की।

श्रृंखला के पहले मैच में इमोन की पारी ने उस नई आक्रामकता को दर्शाया, जिसे दास चाहते हैं कि बांग्लादेश अगले साल होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप से पहले खेले। 22 वर्षीय इमोन टी-20 प्रतियोगिता में शतक बनाने वाले देश के दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इमोन ने यूएई के असहाय आक्रमण के खिलाफ पांच चौके और रिकॉर्ड तोड़ नौ छक्के लगाए। मैच के बाद उन्होंने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश के बल्लेबाजों के लिए एक विशेष क्लब में इकबाल के साथ शामिल होने के लिए रोमांचित हैं। इमोन ने 54 गेंदों की पारी के बाद कहा कि ष्मैं तमीम भाई के (रिकॉर्ड) से अच्छी तरह वाकिफ था, क्योंकि उन्होंने ओमान के खिलाफ (2016 टी-20 विश्व कप में) शतक बनाया था और मैं उनके सभी मैच देखने की कोशिश करता हूं। घर लौटने के बाद, मुझे याद आया कि तमीम भाई ने पहला शतक बनाया था। मैं खुश हूं क्योंकि बचपन में मैं तमीम के खेल देखता था और अब मेरा नाम उनके नाम के ठीक बगल में है।

## मेसी ने इंटर मियामी से किया एकजुटता का आह्वान

**फ्लोरिडा, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने खराब दौर से गुजर रही अपनी टीम इंटर मियामी से एकजुटता बनाये रहने की अपील की है। उनकी टीम का खराब प्रदर्शन एमएलएस में ऑरलैंडो सिटी से घरेलू मैदान पर 3-0 से हार के साथ जारी रहा। फ्लोरिडा डर्बी में हार मियामी की सभी प्रतियोगिताओं में सात मैचों में पांचवीं हार थी और वे ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में छठे स्थान पर खिसक गए हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड मेसी ने केवल दो शॉट टारगेट पर लगाए और एक पी-किक को खराब प्रदर्शन के दौरान गंवा दिया। मेस्सी ने कहा कि अब हम वास्तव में देखेंगे कि क्या हम मुश्किल समय में एक टीम हैं, क्योंकि जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है तो यह बहुत आसान होता है। जब मुश्किल समय आता है, तो हमें पहले से कहीं अत्रिाक एकजुट होना चाहिए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑरलैंडो ने हाफ-टाइम से ठीक पहले लुइस मुरील के गोल से बढ़त हासिल की, उसके बाद दूसरे हाफ में मार्को पासालिक और डागुर डैन थोरहॉल्सन ने गोल किए। पिछले सीजन में ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस में शीर्ष पर रहने वाली मियामी ने अपने पिछले सात मैचों में 20 गोल खाए हैं, जिसमें से उनकी एकमात्र जीत न्यूयॉर्क रेड बुल्स के खिलाफ आई है। क्लब की फॉर्म में गिरावट अगले महीने संयुक्त राज्य अमेरिका में होने वाले क्लब विश्व कप में उनकी उपस्थिति से पहले आई है। नवंबर में मियामी में पदभार संभालने वाले मुख्य कोच जेवियर मास्चेरानो ने कप्तान मेस्सी के शब्दों को दोहराया। उन्होने कहा कि जब आप इस गतिशील स्थिति में होते हैं, अगर हम में से प्रत्येक खुद को किनारे की ओर खींचना शुरू कर देता है, तो उस पल को पार करना असंभव हो जाएगा। यह स्पष्ट है कि हमें इस पर एक साथ काबू पाना होगा क्योंकि स्पष्ट रूप से इस टीम ने दिखाया है, खासकर सीज़न की शुरुआत में, कि वे क्या करने में सक्षम है।

# एशिया कप से हटने की खबरें सही नहीं: BCCI

■ बोर्ड ने एसीसी के आयोजन पर कोई बात नहीं की, हमारा फोकस आईपीएल पर है: सैकिया

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई के सेक्रेटरी देवजीत सैकिया ने भारत के एशिया कप से हटने की खबरों का खंडन किया है। सैकिया ने कहा कि एशिया कप से भारत के हटने की खबरें सही नहीं हैं। बोर्ड ने आगामी एसीसी आयोजनों पर न तो कोई चर्चा की है और न ही कोई कदम उठाया है। एसीसी को कुछ लिखना तो दूर की बात है। इस समय हमारा मुख्य ध्यान मौजूदा आईपीएल और उसके बाद होने वाली इंग्लैंड सीरीज, पुरुष और महिला दोनों पर है।श सोमवार सुबह कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप 2025 से हटने का मन बनाया है। दरअसल, पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष हैं।

वे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन भी हैं। 22 अप्रैल को हुए पहलगांव में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की एिलएफाति है। 2023 में वनडे फार्मेट में खेले गए एशिया कप में भारत-पाकिस्तानी की टीमें कोलंबो में लीग मुकाबले में भिड़ी थीं। इस मैच में भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से हराया था। सितम्बर में भारत में होना है एशिया कप एशिया कप इस साल सितम्बर में भारत की मेजबानी में होना है। लेकिन, अगर भारत हटता है तो मुमकिन है कि पूरा टूर्नामेंट ही रद्द हो जाए। भारत के नहीं खेलने पर ब्राडकास्टर पीछे हट सकते हैं। इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी दे दी गई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अगले महीने श्रीलंका में होने वाले इमर्जिंग वुमन एशिया कप से हटने की जानकारी बीसीसीआई ने मौखिक रूप से दे दी है। 2023 में हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था एशिया कप 2023 में एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को सौंपी गई थी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान में जाकर खेलने से मना कर दिया था, जिसके बाद हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। इसके तहत भारत के मैच श्रीलंका में करवाए गए थे। फाइनल भी श्रीलंका में खेला गया था। पाकिस्तान की टीम फाइनल में नहीं पहुंच पाई थी। भारत ने 10 विकेट से श्रीलंका को फाइनल में हराया था। इस साल फरवरी में हुए चैंपियंस ट्राफी में खेलने के लिए भी भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं गई थी। टूर्नामेंट हाईब्रिड मॉडल पर खेला गया था। भारत के मैच दुबई में खेले गए थे। भारतीय टीम ने दुबई में चैंपियंस ट्राफी 2025 के खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप के लिए भारत आई थी पाकिस्तानी टीम पाकिस्तान की टीम 2023 वनडे वर्ल्ड कप खेलने के लिए भारत आई थी। तब इंडिया और पाकिस्तान के बीच अहमदाबाद में 14 अक्टूबर को मुकाबला खेला गया था। भारत यह मैच 7 विकेट से जीता था।

## मोहम्मद शमी ने सीएम योगी से की शिष्टाचार भेंट

● शमी ने सीएम योगी को बुके भेंट किये



**लखनऊ, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की।

शमी आज सुबह मुख्यमंत्री के पांच कालीद. ास मार्ग स्थित सरकारी आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री योगी को बुके भेंट किया। योगी ने भारतीय तेज गेंदबाज को ओडीओपी के उत्पाद भेंट किये। शिष्टाचार मुलाकात के बाद शमी ने इसे प्रेरणादायक बताते हुए मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण और समर्पण की जमकर सराहना की। मोहम्मद शमी ने एक्स पर लिखा कि मैं सीएम योगी सर का दिल से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझसे मिलने के लिए समय निकाला। आपकी अंतर्दृष्टि और मार्गदर्शन अमूल्य है, और मैं हमारी चर्चाओं के प्रति आपकी प्रतिबद्त्राता की सराहना करता हूं। योगी ने भी शमी से मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुये एक्स पर लिखा ह भारतीय क्रिकेट टीम के प्रख्यात गेंदबाज मोहम्मद शमी जी से आज लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई। इस मुलाकात को दोनों पक्षों ने सकारात्मक और प्रेरक बताया।

# देश के 'जयचंद'

देश में पहलगाम हमले के बाद देश के गद्दारों को पता लगाया जा रहा है। ये जयचंद देश की महत्वपूर्ण सूचनाएं पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम करते थे। हैदराबाद में आतंकी संगठन आईएसआईएस से जुड़े दो संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार किए गए हैं। इन पर बम धमाके की साजिश रचने का आरोप है। रविवार को आंध्र प्रदेश और तेलंगाना पुलिस ने दोनों को पकड़ा और बम ब्लास्ट होने से बचा लिया। संदिग्ध आतंकियों की पहचान सिराज-उर-रहमान और सैयद समीर के रूप में हुई है। पुलिस को संदेह है कि इन दोनों को सऊदी अरब में एक्टिव आईएसआईएस मॉड्यूल से निर्देश मिल रहे थे, जो हैदराबाद में हमला करवाना चाहता था। इससे पहले हरियाणा के हिसार से ज्योति मल्होत्रा और मुरादाबाद से शहजाद को गिरफ्तार किया गया है। इन सभी पर पाक की एजेंसी के साथ मिला होने का आरोप है। पुरानी कहावत है कि जहां जयचंद हों, वहां तरक्की कैसे हो सकती है। रावण के घर में भी विभीषण हुआ था, जिसकी वजह से पूरी लंका नष्ट हो गई थी। यही हाल अब है। जब देश में जयचंद हैं, तो पड़ोसी क्यों डरेंगे, लेकिन जिस तरह से अब इनका पता लगाया जा रहा है और गिरफ्तारी की जा रही है, उससे हमारी खुफिया एजेंसी पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस के अनुसार ये लोग इतने लंबे समय आईएसआई के लिए काम करते रहे और किसी को भनक नहीं लगी। कहीं पुलवामा, बालाकोट और पहलगाम में हुए हमले इनकी वजह से ही तो नहीं हुए। अगर ये बात सामने आती है तो हमारी खुफिया एजेंसी को मंथन करने की जरूरत होगी। पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)ने हिरासत में ले लिया है। एनआईए की टीम सोमवार को ज्योति से पूछताछ करने हिसार पहुंची थी। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर चंडीगढ़ ले गई। भारत में पाकिस्तान के कई एजेंट पकड़े गए हैं, जो भारत से पाकिस्तान में जानकारी भेजते रहते हैं। अगर भारत में आए पाकिस्तानी जासूसों की बात करें तो भारत में हर साल औसत 10-12 जासूस पकड़े जाते हैं। लेकिन इनसे सचेत रहने की जरूरत है, क्योंकि ये अलग-अलग भेष बनाकर देश के अलग-अलग शहरों में रहते हैं। अगर समय रहते इनका पता लगा लिया होता और इन्हें गिरफ्तार कर लिया होता, तो शायद ये हमले नहीं होते। आखिर हमारे देश का प्रशासन हमलों के बाद ही सक्रिय क्यों होता है, इस बात पर मंथन करने की जरूरत है। क्योंकि पहलगाम हमले के बाद से ही यह कदम उठाया गया है। इससे पहले नहीं। क्यों नहीं हमारे खुफिया तंत्र को पहले से इनकी जानकारी नहीं होती या फिर खुफिया तंत्र किसी बड़े हादसे की इंतजार मे रहता है। ये ही हमारे देश के जयचंद हैं, जो नमक खाते हैं हिन्दुस्तान का और काम करते हैं पाकिस्तान या अन्य देशों के लिए। ऐसा ही एक मामला हरियाणा के नूंह में सामने आया है, जहां जासूसों के नेटवर्क का अड्डा बताया जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की जांच एजेंसियां मामले की पड़ताल में जुटी हुई हैं। इस बीच देश के अंदर कुछ ऐसे लोग पकड़े गए हैं जो पाकिस्तान के लिए जासूसी का काम कर रहे थे। यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की तरह नोमान इलाही भी पाकिस्तान के लिए जासूसी किया करता था। उसे भी पिछले हफ्ते हरियाणा की एक फैक्ट्री से गिरफ्तार किया गया था। नोमान पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी को गोपनीय जानकारी देने का आरोप हैं। साथ ही वह लगातार पाकिस्तान के साथ संपर्क में रहा।

## सरकार की कूटनीतिक विफलता



ऑपरेशन सिन्दूर से संबंधित जानकारी के बारे में विदेश मंत्री एस, जयशंकर का बयान सरकार की कूटनीतिक विफलता है, युद्ध सिर्फ सीमाओं पर ही नहीं लड़े जाते, बल्कि राजनीतिक रणनीति से भी लड़े जाते हैं, सेना बहादुरी से सीमा पर अपना काम करती हैं, तो युद्ध में उन रणनीतिकारों की बहुत अहम भूमिका हो जाती है, जो राजधानी में बैठे होते हैं, इन की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है और यह रणनीति सेनाओं के पराक्रम को या तो बढ़ा सकती है या नुकसान पहुंचा सकती है, विदेश मंत्री ने खुद मीडिया को बताया है कि हमला करने से पहले पाकिस्तान को सूचित कर दिया गया था, अब ये सूचित करने का क्या मतलब होता है, क्या विदेश मंत्री को भरोसा है कि पाक के कहने पर आतंकी चुपचाप बैठेंगे।

**-पवन खेड़ा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# ऑपरेशन सिंदूर और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का इतिहास लंबा और जटिल रहा है। दोनों देशों के बीच कश्मीर को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद समय-समय पर हिंसक संघर्षों का कारण बनता रहा है। हाल ही में अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया। इस हमले में 26 पर्यटकों की जान गई थी, जिसके लिए भारत ने पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। इसके जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इस घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया में तनाव को और बढ़ा दिया। इस संदर्भ में, अमरीका के जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय की युद्ध मामलों की विशेषज्ञ प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर ने एक टीवी साक्षात्कार में इस संघर्ष के कारणों, परिणामों और भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

प्रोफेसर फेयर ने अपने साक्षात्कार में बताया कि पाकिस्तान की सेना और उसका खुफिया तंत्र लंबे समय से आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा आदि को समर्थन देता रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संगठन न केवल कश्मीर में सक्रिय हैं, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक सुरक्षा परिदृश्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अनुसार, पाकिस्तानी सेना इन संगठनों को रणनीतिक संपत्ति के रूप में देखती है, जो भारत के खिलाफ छद्म युद्ध छेड़ने में उपयोगी हैं। पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जिसमें भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इस ऑपरेशन को भारत ने अपनी आत्मरक्षा का अधिकार बताया, जबकि पाकिस्तान ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया। प्रोफेसर फेयर ने इस ऑपरेशन को भारत की बदलती रणनीति का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले की तरह केवल कूटनीतिक जवाब तक सीमित नहीं रहा, बल्कि वह सैन्य कार्रवाई के जरिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश भी देना जानता है। हालांकि, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि ऑपरेशन सिंदूर जैसे कदम आतंकवाद को पूरी तरह खत्म नहीं कर सकते, क्योंकि पाकिस्तान की सेना के लिए भारत के खिलाफ संघर्ष अस्तित्वगत है। यह उनके वजूद का सवाल है। भारत का डर दिखा -दिखा कर ही पाकिस्तान अनेक देशों से आर्थिक मदद मांगता रहा है।

प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा। भारत की हालिया सैन्य कार्रवाइयों, जैसे ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को यह संदेश दिया है कि भारत अब पहले की तरह निष्क्रिय नहीं रहेगा।

साक्षात्कार में प्रोफेसर फेयर ने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की रणनीति की भी चर्चा की। उन्होंने डोभाल को एक ऐसे रणनीतिकार के रूप में वर्णित किया, जो भारत की सुरक्षा नीति को आक्रामक और सक्रिय दिशा में ले जा रहे हैं। फेयर ने कहा कि डोभाल की सक्रिय रक्षा की नीति ने भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अधिक प्रभावी बनाया है। ऑपरेशन सिंदूर इस नीति का एक उदाहरण है, जिसमें भारत ने न केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, बल्कि पाकिस्तान को कूटनीतिक और सैन्य रूप से भी जवाब दिया। हालांकि, फेयर ने यह भी चेतावनी दी कि इस तरह की आक्रामक नीति के अपने जोखिम भी हैं। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान, दोनों ही परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं और किसी भी सैन्य टकराव का बढ़ना दक्षिण एशिया में व्यापक विनाश का कारण बन सकता है।

उनके अनुसार, भारत को अपनी रणनीति में संत. ुलन बनाए रखना होगा, ताकि वह आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए, लेकिन साथ ही स्थिति को पूर्ण युद्ध की ओर बढ़ने से रोके। 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान ने एक युद्धविराम की घोषणा की, जिसे अमेरिका की मध्यस्थता से संभव माना गया। हालांकि, भारत ने इसे द्विपक्षीय समझौता बताया और अमेरिकी हस्तक्षेप को कमतर करने की कोशिश की। प्रोफेसर फेयर ने इस युद्धविराम को अस्थाई करार दिया। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तानी सेना अपनी नीतियों में बदलाव नहीं करती, तब तक इस तरह के तनाव बार-बार सामने आएंगे। उन्होंने यह भी भविष्यवाणी की कि पाकिस्तान भविष्य में फिर से भारत के खिलाफ आतंकी हमले कर सकता है, क्योंकि यह उसकी रणनीति का हिस्सा है। फेयर के



**प्रोफेसर फेयर ने पाकिस्तानी सेना की भारत के प्रति कार्यशैली पर एक किताब भी लिखी है। इस साक्षात्कार में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान की सेना अपने देश की नीति-निर्माण प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना भारत को अपने अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा मानती है और इस धारणा को बनाए रखने के लिए वह आतंकी संगठनों का इस्तेमाल करती है। फेयर के अनुसार, उनकी यह नीति न केवल भारत के लिए खतरा है, बल्कि पाकिस्तान के आंतरिक स्थायित्व को भी कमजोर करती है। उन्होंने यह भी बताया कि पाकिस्तानी सेना के लिए कश्मीर विवाद केवल एक क्षेत्रीय मुद्दा नहीं है, बल्कि यह उनकी वैचारिक और रणनीतिक पहचान का हिस्सा है। फेयर ने कहा कि पाकिस्तान की सेना तब तक आतंकवाद को समर्थन देती रहेगी, जब तक कि उसे भारत के खिलाफ अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका मिलता रहेगा।**

अनुसार अंतर्राष्ट्रीय समुदाय, विशेष रूप से अमेरिका, इस क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका की मध्यस्थता हमेशा दोनों देशों को स्वीकार्य नहीं होती, खासकर भारत के लिए, जो कश्मीर को अपना आंतरिक मामला मानता है। प्रोफेसर क्रिस्टीन फेयर का टीवी साक्षात्कार भारत-पाकिस्तान संघर्ष की जटिलताओं को समझने के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है।

उनके विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि यह संघर्ष केवल दो देशों के बीच का विवाद नहीं है, बल्कि इसमें गहरे ऐतिहासिक, वैचारिक और रणनीतिक आयाम हैं। पाकिस्तानी सेना की आतंकवाद समर्थक नीतियां और भारत की आक्रामक जवाबी रणनीति इस क्षेत्र में स्थाई शांति की राह में बड़ी बाधाएं हैं। हालांकि, फेयर का यह भी मानना है कि दोनों देशों के बीच संवाद और



**विनीत नारायण**

कूटनीति के रास्ते अभी पूरी तरह बंद नहीं हुए हैं। यदि पाकिस्तान अपनी नीतियों में बदलाव लाता है और भारत संतुलित रुख अपनाता है, तो भविष्य में तनाव को कम करने की संभावना बनी रह सकती है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों को न केवल अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करना होगा, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ सहयोग भी करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# किडनी के मरीज संभलकर खाएं मखाना

**तालाबों से निकाला जाता है ये सुपरफूड, खाने से शरीर को मिलती है इतनी ताकत मखाना वाटर लिली पौधो का बीज होता है, जिसे फॉक्स नट या लोटस सीड और प्लांट पॉप के नाम से भी जाना जाता है, रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया का 90 प्रतिशत मखाना भारत के बिहार राज्य में उपजाया जाता है, लेकिन अब यह साधारण सा दिखने वाला मखाना एक ग्लोबल सुपरफूड बन गया है, अनोखे स्वाद और टिकटॉक फैनडम के साथ इसे नया रूप मिल रहा है।**

मखाने में कई ऐसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाता है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं या नहीं? हम अपनी डेली लाइफस्टाइल में कई चीजें शामिल करते हैं, जिससे हमारा स्वास्थ्य बना रहे। जैसे ड्राई फ्रूट्स में मखानों को भी शामिल किया जाता है। मखाना शरीर को कई तरह से लाभ पहुंचाने में उपयोगी होता है। मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिनका सेवन शरीर के लिए आवश्यक होता है। ऐसे में सवाल यह है कि क्या किडनी के मरीज मखाने का सेवन कर सकते हैं या नहीं? आइए जानते हैं मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू और इसके किडनी स्वास्थ्य पर प्रभाव के बारे में।



## मखाने की न्यूट्रिशनल वैल्यू

मखाने में प्रोटीन, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, पोटैशियम, विटामिन B2 और B6 जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और ओमेगा-3 फैटी एसिड सूजन कम करने और हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। यह पाचन, हड्डियों और मेटाबॉलिज्म के लिए भी फायदेमंद है।

## किडनी के मरीज मखाना खा सकते हैं

अगर आप भी किडनी के मरीज हैं, तो यह जानना आपके लिए महत्वपूर्ण है कि मखाने का सेवन किडनी के लिए फायदेमंद है या नहीं। अगर आप किडनी स्टोन या इससे जुड़ी अन्य समस्याओं से पीड़ित हैं, तो आपको मखाना खाने से बचना चाहिए, क्योंकि मखाने में कैल्शियम की मात्रा अधिक होती है और ऐसे में यदि किडनी से संबंधित समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति इसका सेवन करता है, तो यह पथरी के आकार को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, मखाने के सेवन से पेशाब में कैल्शियम की मात्रा भी बढ़ सकती है, जिससे किडनी से जुड़ी अन्य समस्याएं भी गंभीर हो सकती हैं। मखाने में प्रोटीन, पोटैशियम और फॉस्फोरस भी पाए जाते हैं, जो किडनी के मरीजों के लिए नुकसानदायक साबित हो सकते हैं। इसलिए यदि आप मखाना खाना चाहते हैं, तो पहले डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**डिसक्लेमर:** इस लेख में दी गई जानकारी का उद्देश्य केवल रोगों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के प्रति जागरूकता लाना है। यह किसी क्वालीफाइड मेडिकल ऑपिनियन का विकल्प नहीं है। इसलिए पाठकों को सलाह दी जाती है कि वह कोई भी दवा, उपचार या नुस्खे को अपनी मर्जी से ना आजमाएं एक्सपर्ट या डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

## मखाने के स्वास्थ्य लाभ

- मखाने में प्रोटीन और फाइबर की अच्छी मात्रा होती है, जो पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है।
- मखाने में फाइबर होता है, जो वजन कम करने में मदद करता है।
- मखाने में ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं।
- मखाने में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर जैसी बीमारियों से बचाव में मदद करते हैं।
- मखाने में कैल्शियम व मैग्नीशियम होते हैं, हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# 2025 का मानसून: समय से पहले देगा दस्तक

देशभर में इन दिनों गर्मी अपने चरम पर है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक, लोग भीषण लू और चिलचिलाती धूप से बेहाल हैं। तापमान कई जगहों पर 45 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। इस बढ़ती गर्मी के बीच एक राहत की खबर आई है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने 2025 के दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर सकारात्मक और उत्साहजनक पूर्वानुमान जारी किया है। इस बार मानसून अपने सामान्य समय से पहले देश में दस्तक देगा, जिससे किसानों को भी फायदा होने की उम्मीद है।

## मानसून 2025 की विशेषताएं

मौसम विभाग के अनुसार, इस बार दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य से पहले भारत पहुंचेगा। इसका मुख्य कारण वैश्विक और क्षेत्रीय जलवायु स्थितियों में बदलाव बताया जा रहा है। खासतौर पर ला नीना प्रभाव और हिंद महासागर में समुद्र सतह के तापमान में बदलाव का मानसून पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों कारक इस बार मानसून के जल्दी शुरू होने के पीछे माने जा रहे हैं। ला नीना एक समुद्री घटना है जिसमें प्रशांत महासागर के सतह के तापमान सामान्य से कम हो जाते हैं। इसका असर भारत के मानसून पर सकारात्मक होता है और सामान्य से अधिक बारिश की संभावना को जन्म देता है। वहीं हिंद महासागर डिपोल का सकारात्मक चरण भी बारिश को बढ़ावा देता है।

## अंडमान निकोबार में दस्तक

हर साल की तरह इस बार भी मानसून की शुरुआत अंडमान और निकोबार द्वीप समूह से हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने पुष्टि की है कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने 13 मई 2025 को अंडमान और निकोबार द्वीपों में प्रवेश कर लिया है। इसके साथ ही इन द्वीपों में भारी बारिश भी दर्ज की गई है। यह संकेत है कि मानसून अपनी सामान्य दिशा और प्रवाह के अनुसार आगे बढ़ रहा है, बल्कि इस बार यह थोड़ी रफ्तार से भी बढ़ रहा है। अंडमान और निकोबार में मानसून की शुरुआत के बाद, यह तेजी से दक्षिण भारत की ओर बढ़ेगा और फिर मध्य तथा उत्तर भारत को कवर करेगा।

## केरल में 27 मई को पहुंचेगा मानसून

केरल को भारत में मॉनसून का प्रवेश द्वार माना जाता है। आमतौर पर मानसून यहां 1 जून को दस्तक देता है, लेकिन इस बार 27 मई को ही मानसून केरल तटों पर पहुंच जाएगा। यह सामान्य तिथि से चार दिन पहले है। यह बदलाव काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि 2009 के बाद यह पहला मौका है जब मानसून इतने जल्दी केरल में प्रवेश करेगा। यह न केवल मौसम वैज्ञानिकों के लिए अध्ययन का विषय है, बल्कि किसानों और जल प्रबंधन विभागों के लिए भी एक सकारात्मक संकेत है।

## दक्षिण भारत में मानसून का विस्तार

केरल में दस्तक देने के बाद मानसून कर्नाटक, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में तेजी से फैलेगा। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि 5 से 7 जून के बीच दक्षिण भारत के अधिकतर हिस्सों में मानसून सक्रिय हो जाएगा। इसका मतलब है कि कृषि गतिविधियों के लिए पानी की उपलब्धता जल्द सुनिश्चित हो सकेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आगमन से खरीफ की फसल की बुआई समय पर शुरू हो सकेगी और इससे उत्पादन बढ़ने की भी उम्मीद की जा सकती है।

## मध्य भारत की ओर बढ़ता मानसून

दक्षिण भारत को कवर करने के बाद मानसून मध्य भारत की ओर बढ़ेगा। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, और ओडिशा जैसे राज्यों में मानसून जून के दूसरे और तीसरे सप्ताह में दस्तक देगा। इस दौरान इन क्षेत्रों में भारी से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। मध्य भारत में मानसून का समय पर पहुंचना न केवल कृषि के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि तापमान में गिरावट लाकर जनजीवन को भी राहत देता है। कई हिस्सों में जलाशयों का स्तर भी मानसून के भरोसे होता है, जिससे जल संकट की समस्या हल हो सकती है।

## उत्तर भारत में मानसून की चाल

उत्तर भारत में विशेष रूप से दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जैसे राज्यों में मानसून की राह पर सबकी निगाहें टिकी होती हैं। आमतौर पर दिल्ली में मानसून 25 जून के आसपास दस्तक देता है, लेकिन इस बार संभावना जताई जा रही है कि मानसून 20 जून से 29 जून के बीच दिल्ली पहुंच सकता है। हालांकि, मौसम विभाग ने अभी तक कोई निश्चित तारीख नहीं दी है क्योंकि उत्तर भारत में मौसम की अनिश्चितता अधिक रहती है। स्थानीय मौसम परिस्थितियां और वैश्विक जलवायु परिवर्तन मानसून की गति और दिशा को प्रभावित कर सकते हैं। फिर भी उम्मीद की जा रही है कि मानसून समय से पहले या कम से कम समय पर दिल्ली और आसपास के इलाकों में पहुंचेगा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।



**दिल्ली एनसीआर में इस वर्ष 20 जून के आसपास लगाया जा रहा मानसून के आगमन का अनुमान।**

## पूर्वोत्तर भारत में मानसून की स्थिति

पूर्वोत्तर भारत में हर साल मानसून सबसे पहले दस्तक देता है। इस क्षेत्र में भारी वर्षा के कारण बाढ़ और भूस्खलन जैसी समस्याएं अक्सर देखने को मिलती हैं। इस बार भी पूर्वोत्तर राज्यों जैसे असम, मेघालय, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश और त्रिपुरा में मानसून सामान्य समय से पहले या समय पर पहुंचने की उम्मीद है। मौसम विभाग ने यहां भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है, खासकर जून के दूसरे सप्ताह से लेकर जुलाई के पहले सप्ताह तक। प्रशासन को बाढ़ प्रबंधन और आपदा राहत कार्यों के लिए पहले से तैयार रहने की सलाह दी गई है।

## पश्चिम भारत और गुजरात में स्थिति

पश्चिम भारत के राज्यों राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ शुष्क हिस्सों में मानसून सामान्यत: देर से पहुंचता है। इस बार मौसम विभाग का अनुमान है कि गुजरात के अधिकांश हिस्सों में मानसून 10 से 15 जुलाई के बीच पहुंचेगा। गुजरात जैसे क्षेत्रों में मानसून का देर से आना सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन यहां की जलवायु और कृषि इस मानसून पर बहुत हद तक निर्भर करती है। जलाशयों, नदियों और सिंचाई स्रोतों की भरपाई मानसून की बारिश से ही होती है। भारतीय मौसम विभाग सैटेलाइट डेटा, मौसम मॉडल, समुद्री सतह के तापमान, वायुमंडलीय दबाव और पवन प्रवाह का विश्लेषण कर मानसून की स्थिति का पूर्वानुमान लगाता है। इसके अलावा वैश्विक जलवायु घटनाएं जैसे एल नीनो और ला नीना, हिंद महासागर डिपोल और Madden-Julian Oscillation जैसी जटिल प्रणालियों का भी असर देखा जाता है। इन सभी संकेतकों का अध्ययन कर मौसम विभाग हर साल लॉन्ग रेंज फोरकास्टृ यानी दीर्घकालिक पूर्वानुमान जारी करता है।

# बिना पायलट 10 मिनट तक उड़ती रही लुफ्थांसा फ्लाइट

## उड़ान का को-पायलट बेहोश हुआ था, 205 लोग मौजूद थे, 15 महीने बाद हुआ खुलासा

**स्पेन।** स्पेन जा रही एक फ्लाइट 205 लोगों के साथ करीब 10 मिनट तक बिना पायलट के उड़ान भरता रहा। दरअसल, विमान का पायलट टायलेट गया था, तभी अचानक को-पायलट की तबीयत खराब हो गई, और वह बेहोश हो गया था।

इसका खुलासा 15 महीने बाद स्पेन की दुर्घटना जांच एजेंसी सीआईएआईएसी की एक नई रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल 17 फरवरी, 2024 को लुफ्थांसा के एयरबस ए321 में यह घटना हुई। फ्लाइट फ्रैंकफर्ट से सेविले, स्पेन जा रही थी। उस समय विमान में 199 यात्री और 6 क्रू मेंबर मौजूद थे। लुफ्थांसा दुनिया भर के 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है। पायलट बाथरूम से लौटा और काकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन अंदर से लॉक होने के कारण वह दरवाजा नही खोल पाए। क्रू मेंबर ने को-पायलट से बात करने की कोशिश में इंटरकाम पर काल भी किया। जवाब न मिलने पर कप्तान ने इमरजेंसी कोड का इस्तेमाल कर काकपिट के अंदर गए, और विमान को कंट्रोल किया। को-पायलट को क्रू और एक यात्री डाक्टर ने प्राथमिक उपचार दिया। जिससे को-पायलट को होश आया। जांच में पता चला कि को-पायलट को पहले से एक न्यूरोलाजिकल बीमारी थी, जिसके बारे में उसे पता नहीं था और यह उसके मेडिकल टेस्ट में भी नहीं पकड़ी गई थी। इसके बाद को-पायलट का मेडिकल सर्टिफिकेट रद्द कर दिया गया। लुफ्थांसा ने जर्मन समाचार एजेंसी को बताया कि वे इस घटना के बारे में जानते है, और उनकी उड़ान सुरक्षा टीम ने इसकी जांच भी की थी, लेकिन इसके परिणाम सार्वजनिक नहीं किए गए थे। रिपोर्ट में कहा गया कि उड़ान के दौरान पायलट के बेहोश होने या मृत्यु की घटनाएं रेयर होती हैं। यूरोपीय आयोग के 2019-2024 के डेटाबेस में 287 ऐसी घटनाएं दर्ज की गईं। अमेरिका की 2004 की एक रिपोर्ट में 1993 से 1998 के बीच 39 ऐसी घटनाएं अमेरिकी पायलटों के साथ हुईं।




**लुफ्थांसा दुनिया में 80 से ज्यादा देशों में 200 से अधिक डेस्टिनेशन तक सेवाएं देती है**

# अमेरिका के साथ परमाणु समझौता संभव है: ईरान

**तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर अमेरिका उसे भयभीत करने की प्रवृत्ति छोड़ दे तो दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता संभव हो सकता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने रविवार शाम को ओमान के विदेश मंत्री बद्र बिन हमद अल बुसैदी के साथ बैठक के दौरान कहा कि अगर अमेरिका ईरान को 'डराना' बंद कर दे तो ईरान अमेरिका के साथ समझौता कर सकता है।



**नीदरलैंड। हेग में रणनीतिक विशेषज्ञों के साथ बैठक के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर।**

# बाइडन प्रोस्टेट कैंसर की गंभीर अवस्था में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन को प्रोस्टेट कैंसर से ग्रसित हैं और यह उनकी हड्डियों तक फैल गया है। जनवरी में अमेरिकी राष्ट्रपति का पद छोड़ने वाले बाइडन को शुक्रवार को बीमारी का पता चला, जब उन्होंने पिछले सप्ताह मूत्र संबंधी लक्षणों के लिए एक डॉक्टर को दिखाया था।

यह जानकारी उनके कार्यालय से एक बयान में दी। डॉक्यटरों के मुताबिक यह कैंसर रोग का ज्यादा आक्रामक रूप है, जिसका ग्लीसन स्कोर 10 में से 9 है। कैंसर रिसर्च यूके के अनुसार, इसका मतलब है कि उनकी बीमारी को 'हाई ग्रेड' में रखा गया है और कैंसर कोशिकाएं तेजी से फैल सकती हैं। जानकारी के अनुसार, बाइडन और उनका परिवार उपचार के विकल्पों पर विचार कर रहा है। उनके कार्यालय ने कहा कि कैंसर हॉरमोन-संवेदनशील है, जिसका मतलब है कि इसे नियंत्रित किया जा सकता है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार कि शुक्रवार को उनमें प्रोस्टेट कैंसर का निदान किया गया, जिसमें ग्लीसन स्कोर 9 (ग्रेड ग्रुप 5) था तथा हड्डी में मेटास्टेसिस था। हालांकि यह रोग का अधिक आक्रामक रूप है, कैंसर हार्मोन-संवेदनशील प्रतीत होता है, जिसके कारण इसका प्रभावी प्रबंधन संभव है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टुथ सोशल पर लिखा कि मैं और मेलानिया बाइडन की बीमारी के सुनकर दुखी हैं। उन्होंने पूर्व प्रथम महिला जिल बाइडन का उल्लेख करते हुए कहा हम उनकी पत्नी और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। हम बाइडन के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, जिन्होंने बाइडन कार्यकाल में काम किया था, ने एक्स पर लिखा कि वह और उनके पति डग एमहॉफ बाइडन परिवार के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।



# इजरायल ने किया इंडोनेशिया के अस्पताल का ध्वस्तिकरण शुरू

**यरूशलम।** इजरायली सैनिकों ने उत्तरी गाजा पट्टी में एक इंडोनेशियाई अस्पताल को ध्वस्त करना शुरू कर दिया है जहां अभी कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं। अल जजीरा न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार यह उत्तरी गाजा में अंतिम चिकित्सा सुविधा है।

चैनल ने कहा कि इजरायली सैनिकों ने अस्पताल के गेट पर हमला किया और बुलडोजर से अस्पताल की उत्तरी दीवार को ध्वस्त कर दिया। अल जजीरा की रिपोर्ट अनुसार इमारत में कम से कम 55 लोग फंसे हुए हैं, जिनमें चार डॉक्टर और आठ नर्स शामिल हैं। चैनल ने कहा कि अस्पताल के आसपास गोलीबारी की आवाजें सुनाई दे रही हैं। इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमले जारी रहेंगे, क्योंकि फलस्तीनी आंदोलन हमास ने युद्धविराम को बढ़ाने और बंधकों को मुक्त करने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार कर दिया है। उल्लेखनीय है कि इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम आधिकारिक तौर पर 01 मार्च को समाप्त हो गया था, लेकिन मध्यस्थों द्वारा दोनों पक्षों के साथ गाजा में एक समझौते पर बातचीत जारी रखने के प्रयासों के कारण लड़ाई फिर से शुरू नहीं हुई है। हालांकि, इजरायल ने पट्टी में एक विलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी है तथा पट्टी में मानवीय सहायता ले जाने वाले ट्रकों का प्रवेश बंद कर दिया है।

**इजरायली रक्षा बलों ने 18 मार्च की रात को गाजा पट्टी पर हमले फिर से शुरू किए**


# एशिया में तेजी से फैल रहा कोरोना वैरिएंट

## सिंगापुर में 14 हजार नए मामले आए सामने, चीन, हांगकांग, थाइलैंड आदि देश अलर्ट पर

**सिंगापुर, वार्ता**

**एशिया** के कई देशों में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। सिंगापुर, हांगकांग, चीन और थाईलैंड जैसे देशों में नए मामलों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नए वेरिएंट जेएन1 और उसके सब-वेरिएंट्स एलएफ7 और एनबी1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है।

सिंगापुर में मई की शुरुआत में 14000 से ज्यादा मामले सामने आए हैं। अप्रैल के आखिरी हफ्ते में यह संख्या करीब 11100 थी। यहां मामलों में 28 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं, रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30 प्रतिशत तक बढ़ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या बढ़ी है, लेकिन गंभीर मरीजों की संख्या कम हुई है। अधिकारियों का कहना है कि अब तक ऐसा कोई सबूत नहीं मिला है जिससे यह लगे कि ये नए वेरिएंट पहले से ज्यादा खतरनाक या तेजी से फैलने वाले हैं। हालांकि, उनका मानना है कि यह लहर कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों पर अपना असर दिखा सकती है। गंभीर बीमा. रियों से जूझ रहे मरीजों के कोविड संक्रमित होने से मौत का आंकड़ा भी बढ़ा है। चीन और थाईलैंड में भी कोविड को लेकर सरकार अलर्ट पर हैं। चीन में बीमारियों की जांच करवाने जा रहे मरीजों में कोरोना वायरस पाए जाने के मामले दोगुने हो गए हैं। लोगों को बूस्टर शाट लेने की सलाह दी गई है। चाइनीज सेंटर फार डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज हो सकती है। वहीं, थाइलैंड में दो अलग-अलग इलाकों मे तेजी से कोविड केस बढ़ने का मामले आए हैं। जेएन1, ओमिक्रान के बीए2.86 का एक स्ट्रेन है। जिसे अगस्त 2023 में पहली बार देखा गया था। दिसम्बर 2023 में विश्व स्वाएलएफय संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे 'वेरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' घोषित किया। इसमें करीब 30 म्यूटेशन्स हैं, जो इम्यूनिटी को कमजोर करते हैं। अमेरिका के जान्स हापकिंस यूनिवर्सिटी के अनुसार जेएन1 पहले के वैरिएंट्स की तुलना में ज्यादा आसानी से फैलता है, लेकिन यह बहुत गंभीर नहीं है। यह दुनिया के कई हिस्सों में सबसे आम वेरिएंट बना हुआ है। कॉाविड-19 जेएन1 के लक्षण कुछ दिनों से लेकर हफ्तों तक कहीं भी रह सकते हैं। अगर आपके लक्षण लंबे समय तक बने रहते हैं, तो हो सकता है कि आपको लान्ग-कॉाविड हो। यह एक ऐसी एिलएफाति है जिसमें कॉाविड-19 के कुछ लक्षण ठीक होने के बाद भी बने रहते हैं।



**रोजाना अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या 30% तक बढ़ गई है**

# गाजा में फूड सप्लाई को तैयार हुए नेतन्याहू

**तेल अवीव।** इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा में सीमित मात्रा में खाद्य सामग्री भेजने की इजाजत दे दी है। इजरायल ने 2 मार्च से गाजा में खाने-पीने की चीजों के आने पर रोक लगा दी थी।

टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल की वार कैबिनेट ने सैन्य अधिकारियों की सलाह पर रविवार को यह फैसला किया। हालांकि कैबिनेट में इसे लेकर वोटिंग नहीं कराई गई क्योंकि कई मंत्री इस फैसले के खिलाफ थे। आंतरिक सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्विर और दूसरे दक्षिणपंथी नेताओं ने इस फैसले की आलोचना करते हुए कहा कि यह हमास को 'आक्सीजन' देने जैसा है। पहले हमास को खत्म किया जाना जरूरी है। पिछले ढाई महीने में गाजा में यूएन और बाकी एजेंसियों के खाद्य भंडार पूरी तरह से खत्म हो गए हैं। खाने-पीने के सामानों की कमी के चलते गाजा में भुखमरी का खतरा बढ़ गया है। इस वजह से अमेरिका समेत कई देशों का इजरायल पर दबाव बढ़ रहा था, जिसके बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गाजा पट्टी में जरूरी मदद फिर से शुरू करने का आदेश दिया।



**दो महीने से रुकी हुई थी सप्लाई इजरायली मंत्री बोले: यह फैसला हमास को ऑक्सीजन देने जैसा**

# पुर्तगाल में भारतीय दूतावास के बाहर पाकिस्तानियों का हंगामा

**लिस्बन।** पुर्तगाल की राजधानी लिस्बन में पाकिस्तानियों ने भारतीय दूतावास के सामने हंगामा किया। इसका जवाब देते हुए भारतीय अधिकारियों ने दूतावास के बाहर ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगा दिया। इस पर लिखा था-ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए बैनर की तस्वीरें शेयर की हैं। साथ ही लिखा है कि पाकिस्तानियों के कायरतापूर्ण विरोध प्रदर्शन का जवाब ऑपरेशन सिंदूर के बैनर के साथ दिया गया। हम दूतावास की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुर्तगाल सरकार और उसके पुलिस अधिका. रियों को धन्यवाद देते हैं। इन तस्वीरों में भारतीय अधिकारी भी बैनर के साथ नजर आए। भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 6-7 मई की रात पाकिस्तान में ऑपरेशन सिंदूर लान्च किया था। इस दौरान भारत ने 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था।




**जवाब में भारतीय एंबेसी ने ऑपरेशन सिंदूर का बैनर लगाया लिखा: यह अभी खत्म नहीं हुआ**

# हूतियों ने इजरायली हवाई अड्डों को निशाना बनाने की दी धमकी

**अदन यमन।** यमन के हूती समूह ने घोषणा की कि वह गाजा में इज़रायल के हमलों में वृद्धि और यमन पर हाल ही में किए गए हमलों के जवाब में कुछ घंटों के भीतर बेन गुरियन हवाई अड्डे और अन्य अनिर्दिष्ट इज़रायली हवाई अड्डों के खिलाफ सैन्य अभियान चलाएगा। यह घोषणा हूती के मीडिया प्राधिकरण के उप प्रमुख नसरुद्दीन आमेर ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म 'एक्स' पर एक बयान में की। आमेर ने इज़रायली हवाई अड्डों पर वर्तमान में परिचालन करने वाली सभी एयरलाइनों से तुरंत प्रस्थान करने का आग्रह किया और सभी यात्रियों को योजनाबद्ध हूती अभियानों से पहले बाहर निकलने की चेतावनी दी। इससे पहले इज़रायली सेना ने कहा कि उसने यमन से मध्य इज़रायल की ओर लॉन्च की गई एक मिसाइल को रोक दिया।

# अमेरिका से गाजा में तत्काल युद्धविराम कराने का आग्रह

**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने गाजा पट्टी में तुरंत युद्धविराम कराने का आग्रह किया और वहां मानवीय सहायता पहुंचाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

यह बयान उन्होंने एक दौरे पर आए अमेरिकी अधिकारी से मुलाकात के दौरान दिया। काहिरा में मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फत्ताह अल-सीसी ने अमेरिका के वरिष्ठ सलाहकार मासाद बुलोस से मुलाकात के दौरान गाजा में तुरंत युद्धविराम की अपील की। दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर चर्चा की। सीसी ने गाजा में युद्धविराम के लिए मिस्र, अमेरिका और कतर की संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों की सराहना की और कहा कि मिस्र इस समन्वय को जारी रखेगा। अमेरिका के सलाहकार मासाद बुलोस ने मिस्र के साथ मिलकर मध्य पूर्व में शांति बहाल करने के संयुक्त प्रयासों में अमेरिका की प्रतिबद्धता दोहराई। यह बैठक उस समय हुई जब इजरायल और हमास के बीच शनिवार को दोहा में परोक्ष वार्ता का नया दौर शुरू हुआ।

**दोनों नेताओं ने मध्य पूर्व की स्थिति और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करने के उपायों पर भी चर्चा की**

# विश्व की जेलों में कैद हैं 23 हजार पाकिस्तानी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के 23 हजार से ज्यादा नागरिक इस समय दुनिया के कई देशों की जेलों में बंद है। इन्हें रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है। पाकिस्तानी अखबार डान के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी संसद में दी है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में प्रश्नकाल के दौरान इससे जुड़ा सवाल पूछा गया था, जिसका मंत्रालय ने लिखित जवाब दिया। अपने लिखित जबाव में मंत्रालय ने बताया कि पाकिस्तान के कुल 23456 पाकिस्तानी नागरिक विदेशों की जेल में बंद हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 12156 सऊदी अरब में कैद है।

सऊदी के बाद दूसरे नंबर पर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) है, जहां 5292 पाकिस्तानी जेल की सजा काट रहे हैं। चीन की जेलों में भी 400 पाकिस्तानी बंद हैं। इनमें से ज्यादातर ड्रग तस्करी, बलात्कार, डकैती और हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोषी पाए गए हैं। डान की रिपोर्ट के मुताबिक बहरीन में बंद 450 पाकिस्तानी नागरिकों को ड्रग तस्करी, नशीले पदार्थों के कब्जे और धोखाधड़ी के आरोपों में सजा हुई है। वहीं अफगानिस्तान ने 88 पाकिस्तानी नागरिकों को ओवरस्टे और सुरक्षा से जुड़े अपराधों में दोषी ठहराया है। इस्लामिक देशों में भी पाकिस्तानी नागरिकों का रिकॉर्ड खराब है। कतर में 338, ओमान में 309, मलेशिया ने 255 पाकिस्तानी अलग-अलग अपराधों में सजा काट रहे हैं। यूरोप के भी कई देशों में पाकिस्तानी अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। फ्रांस में 168 और जर्मनी में 94 पाकिस्तानी जेल में बंद हैं। आस्ट्रिया में भी पाकिस्तानियों को अवैध घुसपैठ, मानव और ड्रग तस्करी, हत्या और यौन उत्पीड़न जैसे मामलों में दोषी ठहराया गया है, हालांकि संख्या नहीं बताई है। नार्वे में 3, फिनलैंड में 2, कनाडा में 9 डेनमार्क में 27 पाकिस्तानी दोषी ठहराए गए हैं। साल 2022 में एक रिपोर्ट जारी हुई थी। इसमें बताया गया था कि इंग्लैंड के रादरहैम, कार्नवाल, डर्बीशायर, रोशडेल और ब्रिस्टल शहर में साल 1997 से 2013 के बीच कम से कम 1400 नाबालिग बच्चियां यौन शोषण की शिकार बनीं थीं। आरोपियों में सबसे ज्यादा पाकिस्तानी मूल के लोग थे।



**रेप, मर्डर और ड्रग तस्करी जैसे गंभीर आरोपों में दोषी ठहराया गया है, पाक विदेश मंत्रालय ने संसद में दी जानकारी**

# पाक ने शाहीन मिसाइल इस्तेमाल नहीं की

**विदेश मंत्रालय ने कहा: इस मामले में किए जा रहे दावे झूठे, ये मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम, पाक आर्मी बोली: भारत के आगे नहीं झुकेंगे**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पाकिस्तानी सेना ने ऑपरेशन बनयानुन मार्सूस के दौरान शाहीन मिसाइल का इस्तेमाल नहीं किया।

उन्होंने कहा कि इस मिसाइल के इस्तेमाल को लेकर भारतीय मीडिया की तरफ से किए जा रहे दावे झूठे और बेबुनियाद हैं। बात दें शाहीन मिसाइल परमाणु और पारंपरिक हथियार ले जाने में सक्षम है। पाकिस्तान ने कहा कि बिना जांच के भड़काऊ और गलत खबरें फैलाना क्षेत्रीय स्थिरता को नुकसान पहुंचाता है और यह आधिकारिक संस्थानों की पेशेवर छवि को भी कमजोर करता है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 12 मई 2025 को जारी अपने बयान में बताया था कि उसने भारतीय सेना के खिलाफ ऑपरेशन में फतह सीरीज (एफ1 और एफ2) की लंबी दूरी की मिसा. इलों, लंबी दूरी के ड्रोन और तोपों का इस्तेमाल किया था।

पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान, कभी भी भारत के आगे नहीं झुकेगा। उन्होंने कहा कि भारत, अमेरिका या इजराइल नहीं है और पाकिस्तान, अफगानिस्तान या फिलिस्तीन नहीं है। अनादोलु एजेंसी को दिए इंटरव्यू में सेना के प्रवक्ता ने दावा किया कि सीजफायर की अपील पहले भारत ने की थी, इसके बाद ही वे इसके लिए राजी हुए। प्रवक्ता चौधरी ने भारत को चेतावनी दी है कि अगर उसने पाकिस्तान की जल आपूर्ति रोकने की कोशिश की, तो भारत को इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे जो दशकों तक महसूस किए जाएंगे।

**Recruitment For Teaching Staff**

Required:

Faculty For BA/BBA/BCA/B.Ed

B.A - Subjects: Political Science, Urdu

BBA/BCA/B.Ed: All Subjects

Qualification: As per University/UGC Norms

Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.

❑ Experienced Candidates will be preferred.

ISLAMIA DEGREE COLLEGE

Deoband, Distt., Saharanpur

Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur

Contact No. : 9045143298, 8755525452

Email Id- idcdeoband@gmail.com

**Contact for admission Seats are Limited**

Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)

Register Today....and Get Discount

Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges

- Russia
- Georgia
- Kazakistan
- Kyragyzstan
- Uzbekistan
- Iran
- Bangladesh
- Nepal
- China
- Europe
- Egypt
- Armenia
- U.K.
- Canada
- U.S.A.

Anjum Kaleem

8384872313

9457439020

No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor

100% Sure and Safe

India's Leading Education Consultancy

M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS

ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA

Since 2010

Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities

Indian Hostel And Mess Available

Lowest Price Packages

www.mbbsbijnor.com

M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY

Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor